ऋग्वेद द्वितीय मण्डल के इन्द्र सूक्तों का समालोचनात्मक अध्ययन

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डी० फिल०
उपाधि के लिए प्रस्तुत

शोध-प्रबन्ध

निर्देशक
डॉ० हरिशङ्कर त्रिपाठी
रीडर
संस्कृत विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

अनुसंधानकर्ता
प्रकाश चन्द्र द्विवेदी
एम० ए०

संस्कृत विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

गङ्गा दशहरा १९९२

पुरोवाक्

विश्व में भारतवर्ष को गौरवमयी ख्याति में वैदिक एवम् संस्कृत वाङ्मय तथा भारतीय संस्कृति का विशेष योगदान रहा है । यह पूर्णत: सत्य है कि भारतीय साहित्य एवं संस्कृति के व्योमचुम्बी विकास में प्रयाग की पवित्र वसुन्धरा त्रिपथगा की अवर्णनीय महिमा एवं भरद्वाज मण्डनमिश्र, कुमारिलभट्ट प्रगति सारस्वत उपासकों का अद्वितीय योगदान सर्वातिशायी रहा है । विश्वविद्यालय छात्र-जीवन में प्रवेश करते ही विद्वान् प्राध्यापकों के व्याख्यानों एवं उनके साहचर्य के सारस्वत उपासना करने की सतत् प्रेरणा प्राप्त हो गयी और शनै: शनै: सारस्वत उपासना की भावना भी दृढ़ होती गयी तथा मेरे मन में शोध-कार्य सम्पन्न करने की उत्कण्ठा समुद्भूत हुई । परिणामत: स्नातकोत्तर उपाधि प्रथम श्रेणी में अर्जित करने के उपरान्त सारस्वत उपासना के अग्रिम चरण के रूप में चिरकाल से उच्छवसित तथा अध्ययन-काल से ही वैदिक वाङ्मय के अनुशीलन में विशेष रुचि जागृति होने के फलस्वरूप कान्तदर्शी, मंत्रद्रष्टा, ऋषियों ऋतम्भरा देवी वाक् की ज्योतिर्मयी ज्ञानराशि ऋग्वेद पर शोध-कार्य करने की उत्कण्ठा सहजत: मुखर हो उठी और श्रद्धेय पूज्य गुरुवर डॉ० हरिशङ्कर त्रिपाठी, रीडर, संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के निर्देशन में "ऋग्वेद द्वितीय मण्डल के इन्द्र सूक्तों का समालोचनात्मक अध्ययन" पर शोध करने का निर्देश मिला ।

वैदिक देवशास्त्र में इन्द्र सर्वोच्च स्थान लब्ध करते हुए संहिताओं, ब्राह्मणों एवम् सूत्रग्रन्थों में इन्द्र देवाधिपति के रूप में एवम् वज्र धारण करने वाले शक्तिशाली देवता के रूप में विद्यमान हैं । ये मूलत: वर्षा के स्वामी हैं, वज्रधारक, वृत्रहन्ता तथा सोमरस के प्रिय होने के कारण शक्तिशाली देव हैं । इनके साथ अनेक देवता सहायक के रूप में इनके साथ युद्धों में आये हैं । ये वर्षा के स्वामी तथा विजय - कामना के वर्धक के रूप में विख्यात हैं । किन्तु कतिपय विद्वानों ने इन्हें राक्षसों से देवताओं की रक्षा करने के कारण देवशत्रु संहारक देव कहा है जो सत्य प्रतीत है ।

कुछ विद्वानों का यह मत है कि 'इन्द्र' शब्द इन्द् + र - इन्द् शब्द से निष्पन्न हुआ है जो सर्वथा उचित प्रतीत होता है । इन्द्र सूक्तों के अध्ययन से इनका सार्वभौमिक स्वरूप स्पष्ट होता है । इन्द्र को केवल देवपति या वर्षा का देवता स्वीकार करना उनके वास्तविक स्वरूप के सम्यक् ज्ञान का अभाव नहीं कहा जा सकता है फिर भी कतिपय अधुनातन विद्वानों ने उनके स्वतन्त्र स्वरूप में संदेह व्यक्त किया है । इन्द्र सम्बन्धी इन विभिन्न भ्रांतिमूलक धारणाओं का समाधान एवम् प्रमुखतया सूक्तों की समालोचना ही प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध का ध्येय है ।

प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध के लेखन में अद्यावधि पूज्यपाद गुरुवर्य डॉ० हरिशङ्कर त्रिपाठी के प्रति मैं श्रद्धावनत हूँ, जिन्होंने समय समय पर अहर्निश अपने वैदुष्यपूर्ण निर्देशन के द्वारा शोधकर्ता के मार्ग को प्रशस्त किया प्रत्युत शोध-प्रबन्ध में अपेक्षित संशोधन एवम् परिवर्धन करके सुयोग्य निर्देशक एवम् गुरु के महनीय दायित्व का पूर्ण-रूपेण निर्वाह किया एतदर्थ पूज्यतम गुरुदेव के पुनीत चरणों में अतीव कृतज्ञतापूर्वक श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ क्योंकि इसके अतिरिक्त अकिंचन शोधकर्ता के पास और है ही क्या ? वैदिक वाड्मय एवम् उच्च शिक्षा के प्रतिक्षण रुचि प्रादुर्भूत करने वाले एवम् अपने वैदुष्यपूर्ण निर्देशन से सतत प्रेरित कर्ता श्रद्धेय गुरुदेव डॉ० चन्द्रभूषण मिश्र, रीडर, संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के प्रति भी हृदयेन अतीव ऋणी हूँ, जिनके वात्सल्यमयी प्रेरणा एवम् दर्शन से विद्यानुरागिता की सतत् प्रेरणा प्राप्त होती रही है ।

संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष परम श्रद्धेय गुरुवर्य डॉ० सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव एवं प्रो० सुरेश चन्द्र पाण्डेय का भी अतीव आभारी हूँ जिनके शुभाशीर्ष एवम् महती कृपा से शोध-प्रबन्ध पूर्ण हो सका है तथा एक विनीत शिष्य के रूप में विनम्रभाव से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ ।

उच्च शिक्षा के प्रति शास्वत जागरूकता प्रादुर्भूत करने वाले पूज्य अग्रजों श्री केशवचन्द्र द्विवेदी, अधिवक्ता, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तर प्रदेश के अनिर्वच-

नीय असीम वात्सल्य का आजीवन ऋणी हूँ, जिन्होंने समुचित शिक्षा-दीक्षा की व्यवस्था का महत्त्वपूर्ण दायित्व वहन किया जिनका स्नेह संवलित निर्देशन मुझे पदे-पदे प्राप्त होकर प्रेरणादायी रहा । पूज्य श्रेष्ठ अग्रज श्री कृष्णचन्द्र द्विवेदी, कार्यालय सहायक, पुस्तकालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के विशेषरूपेण हृदयेन कृतज्ञ हूँ, जिनके अप्रतिम महनीय स्नेहिल वात्सल्यपूर्ण प्रोत्साहन तथा पुस्तकीय सहायता के फलस्वरूप प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध पूर्णरूपेण सम्पादित हो सका अतएव उल्लि-खित दोनों अग्रजों के प्रति मैं विनम्रतापूर्वक श्रद्धावनत हूँ ।

प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध में जिन मनीषियों के ग्रन्थों का मैंने उपयोग किया उन सबके प्रति मैं हृदयेन विनत हूँ । कतिपय स्नेही मित्रों एवं आत्मीयजनों के सहज स्नेह भी मुझे शोधकार्य के लिए सतत् प्रेरणादायी रहे । उनके प्रति साधुवाद पूर्वक धन्यवाद ज्ञापित करना अपना परम कर्त्तव्य समझता हूँ ।

शोध-प्रबन्ध के स्वच्छ, सुन्दर एवं आकर्षक टंकण हेतु श्री रामबरन यादव को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ ।

अतः वैदिक वाङ्मय की अस्मिता को दृष्टिपथ में रखते हुए बौद्धिक, मौलिक आलोचना, भाषा की प्रगति के उद्देश्य का एक मूलभूत तत्त्व संस्कृत प्रेमीजनों की सेवा में सस्नेह सादर समर्पित कर रहा हूँ ।

विदुषां वंश वदः
प्रकाश चन्द्र द्विवेदी

पर्व - गङ्गा दशहरा, 1992.

प्रकाश चन्द्र द्विवेदी,
शोध-छात्र,
संस्कृत विभाग,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
इलाहाबाद

शब्द संकेत

अ०	:	अदादिगण
अ०को०	:	अमरकोष
अग्नि०	:	अग्निपुराण
अथर्व०	:	अथर्ववेदसंहिता
अनु०	:	अनुवादक
अवे०	:	अवेस्ता
आ०	:	आत्मनेपद
आदि०	:	आदिपुराण
इण्डि०मा०	:	इण्डियन माइथालाजी
उ०पु०	:	उत्तम पुरुष, उभयपदी, उव्वट
उत्तर०	:	उत्तरकाण्ड, उत्तरपुराण
ऋ०	:	ऋग्वेद
ऋ०सं०	:	ऋग्वेद संहिता
ए०व०	:	एकवचन
ऐ०आ०	:	ऐतरेय आरण्यक
ऐ०ब्रा०	:	ऐतरेय ब्राह्मण
टे०	:	ओरिजिनल संस्कृत टैक्स्ट
कर्ण	:	कर्णपर्व
का०सं०	:	काण्व संहिता
कूर्म०	:	कूर्म पुराण
ग०उ०	:	गरुण उपनिषद्
गेल्ड०	:	के०एफ० गेल्डनर
गो०ब्रा०	:	गोपथ ब्राह्मण
ग्रि०	:	टी०एच० ग्रिफिथ
च०	:	चतुर्थी
छा०उ०	:	छान्दोग्योपनिषद्
ज०ज०ओ०सो०	:	जर्नल आफ द अमेरिकन सोसायटी
ज०बा०यू०	:	जर्नल आफ द बाम्बे यूनिवर्सिटी
जु०	:	जुहोत्यादिगण
जै०ब्रा०	:	जैमिनीय ब्राह्मण
जै०सू०	:	जैमिनीय सूत्र
तु०	:	तुदादिगण
तृ०	:	तृतीया
तै०आ०	:	तैत्तिरीय आरण्यक
तै०उ०	:	तैत्तिरीय उपनिषद्

शब्द संकेत

तै०सं०	:	तैत्तिरीय संहिता
द ऋ०ए०	:	द रिलीजन आफ द ऋग्वेद
द्वि	:	द्विवचन, द्वितीया
निघं०	:	निघण्टु
निरु०	:	निरुक्त
प०	:	पञ्चमी, परस्मैपद
पद्म०	:	पद्मपुराण
पा०धा०पा०	:	पाणिनि धातु पाठ
पा०सू०	:	पाणिनि सूत्र
पी०	:	पीटर्सन
पु०	:	पुल्लिंग
प्र०	:	प्रथमा, प्रश्नोपनिषद्
प्र०सं०	:	प्रथम संस्करण
पृ०	:	पृष्ठ संख्या
ब०ब०	:	बहुबचन
बृ०उ०	:	बृहदारण्यकोपनिषद्
भविष्य	:	भविष्यत् पुराण
भ्वा०	:	भ्वादिगण
म०पु०	:	मध्यम पुरुष
मत्स्य०	:	मत्स्यपुराण
मनु०	:	मनुस्मृति
महा०	:	महाभारत
मही०	:	महीधर
मु०	:	मुद्गल
मै०	:	ए०ए० मैकडोनेल
मै०उ०	:	मैत्रायणी उपनिषद्
मैक्स०	:	एफ० मैक्समूलर
मै०सं०	:	मैत्रायणी संहिता
मो०वि०	:	मोनियर विलियम्स
म्योर	:	जे० म्योर
यजु०	:	यजुर्वेद
यास्क०	:	यास्क

शब्द संकेत

रिली० फि०उ०	:	रिलीजन आफ द फिलासफी एण्ड उपनिषद्
ल०सा०लै०	:	लैक्चर्स आफ द साइंस आव लैंग्वेज
वा०सं०	:	वाजसनेयि संहिता
वाच०	:	वाचस्पत्यम शब्दकोष
वि०	:	एच०एच० विल्सन
विष्णु०	:	विष्णुपुराण
वें०	:	वेंकटमाधव
वै०दे०	:	वैदिक देवशास्त्र
वै०पु०	:	वैदिक पुराण
वै०मा०	:	वैदिक माइथालाजी
वै०री०	:	वैदिक रीडर
वै०व्या०	:	वैदिक व्याकरण
वै०श०को०	:	वैदिक शब्दकोष
द हि०ऋ०	:	द हिम्स आफ ऋग्वेद
श०ब्रा०	:	शतपथ ब्राह्मण
शल्य०	:	शल्य पर्व
शु०य०	:	शुक्ल यजुर्वेद
ष०	:	षष्ठी विभक्ति
स०	:	समास, सप्तमी
सम्बो०	:	सम्बोधन
सं०इ०डि०	:	संस्कृत इंगलिश डिक्शनरी
सं०हि०को०	:	संस्कृत हिन्दी कोष
सा०	:	सायण
स्कन्द०	:	स्कन्दस्वामी
Av.	:	Avesta
ABORI	:	Annuals of the Bhandarker Oriental Research Institute Poona.
A. Up.	:	Aitraya Upanisad
Indo-Eur	:	Indo-European
Rv.	:	Rigveda
Skt. Gr.	:	Sanskrit Grammer

S.B.	:	Satpath Brahman
S.M.	:	Sama Veda
Trans.	:	Translation
Zd.	:	Zand
J.G.R.I.	:	Journal of Ganganath Jha Research Institute, Allahabad.

विषयानुक्रमणिका

अध्याय	:	विषय	पृष्ठ संख्या
	:	पुरोवाक्	
	:	शब्द सङ्केत	
	:	विषय-प्रवेश	
प्रथम	:	प्रस्तुत विषय पर शोध-कार्य करने की आवश्यकता तथा महत्त्व तथा ऋग्वेद द्वितीय मण्डल में इन्द्र का महत्त्व ।	
	:	वैदिक-देवताओं का वर्गीकरण । दिव्य देवता, अन्तरिक्ष देवता, पार्थिव देवता, अमूर्त देवता, युगल देवता, अवर देवता, देवियाँ, देवों के समूह ।	
द्वितीय	:	इन्द्र का वैशिष्ट्य सामवेद में इन्द्र, ऋग्वेद में इन्द्र, यजुर्वेद में इन्द्र, अथर्ववेद में इन्द्र पुराणों में इन्द्र, ब्राह्मण ग्रन्थों में इन्द्र, आरण्यक तथा उपनिषदों में इन्द्र, महाकाव्यों में इन्द्र	
	:	इन्द्र का अन्य देवों के साथ सम्बन्ध ।	
तृतीय	:	ऋग्वेद द्वितीय मण्डल में वर्णित इन्द्र सूक्तों का हिन्दी अनुवाद तथा प्रमुख पदों की व्याख्या ।	

ーーーーーーーーーーーーー::0::ーーーーーーーーーーー

विषय-प्रवेश

मनुष्य स्वभाव से ही चिन्तनशील तथा विवेकशील प्राणी है। विषय का विशाल वाङ्मय उसके अनेक युगों के अनवरत प्रगाढ़ चिन्तन की ही निधि है। समस्त वाङ्मय शास्त्र व काव्य के भेद दो भागों में विभक्त है[1] - शास्त्र वाङ्मय के अन्तर्गत अपौरुषेय वेदमंत्र ब्राह्मणयोर्वेदनाम धेयम् वेदांग तथा पौरुषेय पुराण आन्वीक्षिकीमीमांसा एवम् स्मृतितंत्र आदि विद्या स्थान आते हैं। जिनकी समवेत संज्ञा चतुर्दश विद्यास्थान है।[2] काव्य वाङ्मय के अन्तर्गत दृश्य और श्रव्य काव्यों के समस्त भेद स्वीकार किये गये हैं तथा इसे सकल विद्यास्थान का पतन मन्द्र हवा विद्यास्थान बताया गया है।[3] विद्यास्थान सम्पूर्ण त्रैलोक्य "भूर्भुवः स्वः" को परिव्याप्त किये हुए है।[4]

अपौरुषेय वेद प्रकृति सहचरी के सुरम्य अंचल में बसे हुए शम-प्रधान तपोवन में त्याग और संतोष का अक्षय पाथेय लेकर आजीवन तपस्या करने वाले परिणत प्रज्ञदृष्टा ऋषियों द्वारा तपः पूत सिद्धावस्था में प्रशान्त अन्तःकरण में साक्षातकृत ज्योतिःस्वरूप मंत्रों के पुण्यागार हैं, जिन्हें समस्त विद्यास्थानों का उद्गम स्थल बताया गया है वह तथ्य न केवल श्रुतीतर मनुस्मृति प्रभृति स्मृतियों से ही प्रमाणित होता है।[5] प्रत्युत

---

1. एहहि वाङ्मयमुभयथाशास्त्रं काव्येति - राजशेखर का0मी0 द्वि0अ0 पृ0 4.
2. सच्च द्विधा अपौरुषेयं पौरुषेयं च। अपौरुषेयं श्रुतिः। सा च मंत्र ब्राह्मणे। --- चत्वारो वेदाः। --- शिक्षा कल्पो व्याकरण निरुक्तं छन्दो --- इत्याचार्याः --- आन्वीक्षिकी मीमांसा, स्मृति तंत्रमिति चत्वारि शास्त्राणि। -------- वही, पृ0 4-6.
3. तानीमानि चतुर्दश विद्यास्थानानि यदुतपत्वारो वेदाः इत्याचार्याः सकलविद्या स्थानैकापतनं प चदशं काव्यं विद्यास्थाने। वही, पृ0 7-8.
4. तान्येतानि कृत्स्नामपि भूर्भुवः स्वस्मयीं व्यासज्यवर्तन्ते। वही, पृ0 7.
5. यः कश्चितकस्याचिद्धर्मो परिकीर्तितः।
   स सर्वोभिहितोवेदे सर्वज्ञानमयो हि सः॥ मनु0 पृ0 216.
   आदोवेद गिरोदिव्या यतः सर्वा प्रवृत्तयः। वही, पृ0 216.

श्रुतियों में ऋग्वेद के अन्तर्गत दैवी वाक्यत्व के इस व्योमभेदी उद्घोष से भी प्रमाणित हो रहा है । मैं स्वयं कह रही हूँ देव और मानव मेरी उपासना करते हैं - मैं जिसे चाहती हूँ उसे उग्र, ओजस्वी कर देती हूँ मैं वायुतुल्य सर्वत्र गतिशील हूँ - विद्यमान हूँ ।[1]

वेद विश्व का सबसे प्राचीन उपलब्ध रत्नग्रन्थ है और वेदों में बहुत ही पुरातन है । विभिन्न देवताओं के सदृश इन्द्र ऋग्वेद में देवाधिपति, वर्षा का स्वामी के रूप में विख्यात हैं । ऋग्वेद के अनेक सूक्तों में वर्णित है तथाकथित अनेक विशेषताओं अन्य देशों के साथ सम्बन्ध आदि का वर्णन है, जो निम्न है ।

<u>भारत यूरोप देववाद</u>

विश्व के मानव समुदायों में भारत यूरोपीयजन की कल्पना का श्रेय तुलनात्मक भाषा विज्ञान को है । भारत से आयरलैण्ड तक विस्तृत संस्कृत ईरानी, ग्रीक, लैटिन आदि भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन ने स्पष्ट कर दिया कि इन सभी भाषाओं का मूल एक ऐसी भाषा रही होगी जो आज विद्यमान नहीं है । न उनका कोई नमूना ही उपलब्ध है परन्तु इनकी तुलना से उसके रूप का अनुमान किया जा सकता है ।

भाषाशास्त्र के साथ ही पुराकथाशास्त्र तथा देवशास्त्र ने अपने तुलनात्मक अध्ययनों ने अभिहित कर दिया कि न केवल भाषा से ही प्रयुक्त देव परिकल्पना धार्मिक विश्वासों तथा सामाजिक रीति रिवाजों में भी इन भारत यूरोपीय जनों में अद्भुत साम्य है । स्वयं देव शब्द इन सभी भाषाओं में विद्यमान है सं० देव प्राचीन ईरानी दएव, अवेस्ता दत्य प्राचीन ग्रीक देउ आस् {परवर्ती रूप थेओउस्} लैटिन देह उस् ग्राथिकदीवुउस प्राचीन जर्मन ते वा आदि । कुछ देवों यथा द्यौस-पितर ग्रीक जेउस् पातेर लैटिन ज्यूपिटर आदि के नामों में भी अद्भुत साम्य प्रदर्शित है ।

---

1. अहमेव स्वमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरुतमानुषेभिः ।
   परोदित्या पर एना पृथिव्यैतावती महिना संबभूत ॥ ऋग्वेद 10.125.5, 8.

भारत ईरानी देववाद

भारत-यूरोपीय जन की दो शाखायें ईरान और भारत में ईरानी आर्य और भारतीय आर्य के रूप में प्रतिष्ठित हुई। विभाजन के पूर्व इन भारत ईरानी ने अपने भारत यूरोपीय मूल से प्राप्त देव-सम्बन्धी धारणाओं के विश्वास का अनुमान ऋग्वेद संहिता के साथ प्राचीन ईरानी का एकमात्र उपलब्ध कृति अवेस्ता के तुलनात्मक अध्ययन से प्राप्त होता है। ईरान में जरथुस्त्र 1660 से 583 ई0पू0 के धार्मिक सुधार के परिणामस्वरूप उनके द्वारा प्रवर्तित "मज्दयस्नी" धर्म ग्रन्थ अवेस्ता में पूर्ववर्ती देवों का लोप व अन्य देवों का स्वरूप कल्पना में मौलिक-परिवर्तन हो गया फिर भी अग्नि, वायु, आप मित्र आदि देव यहाँ समान रूप से विद्यमान हैं।

भारत में आर्यजन की देवकल्पना का विकास

भारत ईरानी परम्परा से अपने देव विषयक रिक्थ को भारतीय आर्यों ने अपने गहन चिन्तन से परिपुष्ट किया, जिनका प्राचीनतम विवरण ऋग्वेद संहिता में उपलब्ध है। इसमें संकलित ऋचाओं का संहितीकरण जब भी हुआ इतना तो सुनिश्चित है कि इसमें संकलित सामग्री अनेकानेक सदियों के चिन्तन की परिधायिका है। इसका स्थूल प्रमाण यह है कि बर्हिष् पर हविष् रखकर देवता का आवाहन कर देवता को हविष् निवेदन करने के साधारण ढंग से "सप्तहोता" तथा 16 ऋत्विजों द्वारा सम्पन्न होने वाले यज्ञ का सङ्केत हमें ऋग्वेद संहिता में मिल जाता है।

इस विकासक्रम में देवकल्पना का प्रचुर विकास हुआ। एक अग्नि ही बृहस्पति ब्रह्मणस्पति, नराशंस, तनूनापात, अज एकपाद जैसे विविध नामों से परिकल्पित हुआ यही बात अन्य देवों के साथ भी है। विकासक्रम का इससे भी अधिक रोचक क्रम यह है कि प्राचीन प्राधान्य देवों को धीरे धीरे लुप्तप्राय व प्रथमत: गौण रूप से स्मृतिदेवों को प्राधान्य प्राप्त करते देखते हैं। त्रित और आप्त्य ईरानी प्रतिरूप थ्रित और आथ्त्य से प्रकट होने वाले भारत ईरानी काव्य के देव हैं जो ऋक् संहिता में नाममात्र के रह गये हैं।

वैदिक देवताओं में इन्द्र

ऋग्वेद संहिता में वैदिक देवों के मध्य इन्द्र देवता का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। ये देवताओं के स्वामी है और वर्षा करते है और विजली गिराते हैं। इनकी पत्नी का नाम इन्द्राणी है और ये वज्र धारण करते हैं और दूसरी विशेषता यह है कि इन लगभग सभी देवों से सम्बन्ध रहता है और इनका जन्म देवताओं की रक्षा के लिए हुआ है।

ऋग्वेद संहिता में अनेक वेदसूक्तों तथा ऋचाओं में इनका यज्ञों में हविष् को ग्रहण करने के लिए आवाहन किया गया है और यजमानों द्वारा हविष् को धारण करते हैं तथा उनकी रक्षा करते हैं।

उपर्युक्त कथन के सम्बन्ध में इतना ही वक्तव्य है कि इन्द्रदेवता भारतीय मानवों में किसी न किसी रूप में सदैव विद्यमान रहते हैं। महाभारत, रामायण, पुराणों आदि इन्द्र सम्बन्धी अनेक प्रमाण हैं। आधुनिक काल तक में इन्द्र वर्षा के स्वामी देवाधिपति के रूप में आज भी परिकल्पित हैं। इन्द्र सदैव युद्ध में लगे रहते हैं यह देवशास्त्र के इतिहास का रोचक अंग है।

प्रस्तुत विषय की अध्ययन की रूपरेखा

वैदिक वाङ्मय के अन्तर्गत ऋग्वेद के सायण, मैक्समूलर, मोनियर विलियम, एच0एच0 विल्सन, ग्रिफिथ, कार्वे कैपलर, मैकडानल, वा0शि0 आप्टे आदि पाश्चात्य विद्वानों द्वारा उल्लिखित इन्द्र-सूक्तों पर प्राप्त सामग्री को ही अध्ययन का प्रमुख रूप से आधार बनाया प्रस्तुत अध्ययन में पूरे वैदिक वाङ्मय ऋग्वेद द्वितीय मण्डल के इन्द्र सूक्तों की समालोचनात्मक अध्ययन को लक्ष्य रखकर यह प्रयास किया गया है कि प्रस्तुत अध्ययन मनीषी विद्वज्जनों के साथसाथ सुधीजन पाठकों के लिए सदुपयोगी सिद्ध हो। तदनुसार इन्द्र सूक्तों का अवलम्बन सम्बन्धी सामग्री, पांच दृष्टिकोणों से इस शोध-विषय का अध्ययन किया गया जो अनुसंधान की दृष्टि से अपने ढंग का सर्वथा मौलिक

प्रयास है ।

प्रस्तुत विषय पर शोध-कार्य करने की आवश्यकता एवं महत्त्व तथा ऋग्वेद द्वितीय मण्डल में इन्द्र का महत्त्व :

1. वैदिक देवताओं का वर्गीकरण,
2. वैदिक संहिताओं, ब्राह्मणग्रन्थों, वैदिक कर्मकाण्डों एवम् इन्द्र देवता का अन्य देवों से सम्बन्ध का पुराकथा शास्त्रीय अध्ययन ।
3. भाषाबोध हेतु ऋग्वेद द्वितीय मण्डल के प्रमुख ऋग्वेदीय 12 सूक्तों तथा लगभग 120 इन्द्रविषयक मन्त्रों का पौरस्त्य तथा पाश्चात्य मनीषियों के मतानुसार अर्थ-निर्धारण तथा भाषाशास्त्रीय समालोचनात्मक अध्ययन ।
4. क्रमागत वैदिक शब्दों की व्युत्पत्ति ।
5. अन्त में उपर्युक्त सभी अध्ययनों में तथा सामग्री के विश्लेषण से प्राप्त परिणामों से लेकर इन्द्र के स्वरूप का विकास का संश्लिष्ट चित्र प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है और इसी प्रसंग में इन्द्र के सम्बन्ध में विद्वानों ने विभिन्न मतों का पर्यालोचन कर निष्कर्ष के तौर पर इन्द्र के रोचक इतिहास को तथ्यपरिपुष्ट तर्क-संगत ढंग से क्रमबद्ध रूप में प्रस्तुत किया गया है ।

अध्याय-प्रथम

क. प्रस्तुत विषय पर शोध कार्य करने की आवश्यकता एवं महत्त्व :,

ऋग्वेद द्वितीय मण्डल में इन्द्र का महत्त्व ।

ख. वैदिक देवताओं का वर्गीकरण ।

प्रस्तुत विषय पर शोध-कार्य करने की आवश्यकता एवं महत्त्व तथा ऋग्वेद द्वितीय मण्डल में इन्द्र का महत्त्व

ऋग्वेद द्वितीय मण्डल के इन्द्र सूक्तों पर शोध करने की आवश्यकता एवं महत्त्व :

सम्पूर्ण ऋग्वेद में वर्णित इन्द्र सूक्तों के आधार पर अधिकांश विद्वानों के मतानुसार अनेक शोधकर्ताओं ने शोध कार्य किया किन्तु ऋग्वेद द्वितीय मण्डल में वर्णित इन्द्र सूक्तों पर समालोचनात्मक व्याख्या पर नहीं किये हैं। ऋग्वेद के सम्पूर्ण (10 मण्डलों) में लगभग इन्द्र की ही व्याख्या अधिकतम दृष्टिगत होती है किन्तु ऋग्वेद द्वितीय मण्डल में अन्य मण्डलों की अपेक्षा इन्द्र के गुणों एवं विशेषताओं के विषय में सम्यक् जानकारी मिलती है। इन्द्र का उल्लेख शक्तिशाली एवं विशेष रूप से वर्षा का स्वामी होने का उल्लेख किया गया है तथा इनकी व्याख्या द्वितीय मण्डल में अनेक रूपों में सूक्तों की व्याख्या वर्णित है। इन्द्र को सोमरस का प्रेमी तथा वृत्र का हिंसक तथा 40 वें वर्ष में बल के बाड़े से गायों को निकालने तथा अनेक शक्ति का प्रमाण उपलब्ध है। ऋग्वेद द्वितीय मण्डल में सूक्त 2.12.1 में वर्णित किया गया हैं कि धैर्यवान् इन्द्र के जन्म लेते ही उसने अपने वैभव एवं पराक्रम से सभी देवताओं को अभिभूषित किया तथा उसके शक्ति तथा भय से आकाश तथा पृथ्वी कम्पित हो गयी[1]

---

1. यो जातः एव प्रथमो मनस्वान् देवो देवान् क्रतुना पर्यभूषित् ।
   यस्य शुष्माद्रोदसी अभ्यसेताम् नृम्णस्य मह्ना स जनास इन्द्रः ॥

   ऋग्वेद 2.12.1

इस प्रकार ऋग्वेद द्वितीय मण्डल में इन्द्र सूक्तों पर शोध कार्य करने की आवश्यकता जागृत हुई । ऋग्वेद में वर्णित इन्द्र देवता का अन्य मण्डलों की अपेक्षा अधिक महत्त्व परिलक्षित होता है ।

<u>ऋग्वेद के सम्पूर्ण ।10 मण्डलों में। इन्द्र का स्थान</u>

ऋग्वेद के 10 मण्डलों में इन्द्र का वर्णन किया गया है किन्तु इन्द्र के व्यापक गुणों की समाभिव्यक्ति केवल द्वितीय मण्डल में वर्णित इन्द्र सूक्तों के अध्ययन से परिलक्षित होती है । प्रथम मण्डल में ।1. 32. 1। इन्द्र के शौर्य का वर्णन है जैसे कि इन्द्र ने नदियों को बहाया और अहि का वध किया । पर्वतों की ।जलवाहक। नदियों को प्रवाहित करने के लिए पर्वतों के खण्डों में छिद्र बनाया । सूक्त 1. 32. 1 के मन्त्र सं0 4 में अहिवृत्त बध किया तथा सूर्य, उषा तथा दिनों को उदित होने का मौका दिया । सूक्त 1. 32. 1 मन्त्र 6 में पैरों तथा हाथों के अभाव में भी वृत्र ने इन्द्र के साथ युद्ध जारी रक्खा । उन्मत्त वृषभ की बराबरी की इच्छा रखने वाला यह बधिया बैल टुकड़े टुकड़े में तितर-बितर हो गया । सूक्त नं0 1. 32. 1. 12 जिस समय

5---

1. इन्द्रस्य नु वीर्याणि प्र वोचं यानि चकार प्रमानि वज्री ।
   अहन्नहिमन्वयस्तर्द प्र वक्षणा अभिनत पर्वतानाम् ॥

2. यदिन्द्राहन्प्रथमजाम हन्निमान्मायिनामहिना: प्रोतमाया: ।
   आत सूर्य जनयन् द्याम् उषासमें तादीत्ना शत्रून् किला विवित्से ॥

3. अपादहस्तो अपृतअन्यदिइन्द्रमास्यवज्रमधि सानौ जघान ।
   वृष्णो वध्रिः प्रतिमानं बुभूषन् पुरुत्रा वृत्रो अशयद्व्यस्त: ॥

4. अश्व्यो वारो अभवस्तदिन्द्र सृके यन्त्वा प्रत्यहन् देव एक: ।
   अजयो गा अजय: शूरसोममवासृज: सर्तवे सप्तसिन्धून् ॥

शत्रु तुम्हारे वज्र द्वारा वार करने पर उलटकर वार किया उसी समय इन्द्र अद्वितीय देव होकर एकदम घोड़े की पूँछ का रूप धारण किया । गायों तथा सोम को जीत कर लाया ।

हे सोम ! स्वामी इन्द्र तुम्हें लुभाने वाले इस सोमरस का पान करो और अश्वों को मुक्त किया ऋग्वेद 3.32.1 और इन्द्र का मरुद्गण ने वृत्र के वध पर गान किया तथा इन्द्र की प्रार्थना किया ऋग्वेद 3.32.1 मन्त्र 4. इन्द्र अपने आश्रयदाताओं की मदद किया करते थे । इन्द्र को देखकर पर्वत तथा सागर अपने आप रास्ता दे देते हैं । सूक्त 3.32.। मन्त्र 16. जिस दिन इन्द्र का जन्म हुआ उसी दिन पर्वतों पर सोमलता का रस में परिवर्तित होकर इन्द्र के लिए आयी - सूक्त 3.48.।

प्रस्तुत मण्डल में इन्द्र की महानता का वर्णन है और इसमें कहा गया है इन्द्र के बराबर कोई नहीं है और उसके सभी शत्रु उसके बराबर के नहीं है सूक्त 4.30.

---

1. इन्द्र सोमं सोमपते पिबेमं माध्यदिनं सवने चारु यत्ते ।
   प्र प्रथ्या शिप्रे मघवन्नृजीषिन् विमुच्या हरी इह मादयस्व ॥
2. त इन्नस्य मधुम द्विविप्र: इन्द्रस्य शर्धो मरुतों य आसना ।
   येभि वृत्रस्येषितो विवेदामर्मणो मन्यमानस्य मर्म ॥
3. न त्वा गभीर: पुरुहूत सिन्धुरद्रिय: परिषन्तो वरन्त ।
   इत्था सखिभ्य: इषितो यदिन्द्रा इळ्हं चिदरुजो गव्यमूर्वम् ॥
4. सद्यो ह जातो वृषभ: कनीन: प्रभर्तुमावदन्धस: सुतस्य ।
5. न किरिन्द्र: त्वदुत्तरो न ज्यायाँ अस्ति वृत्रहन् । न किरेवा यथा त्वम् ।
6. यत्रोत्र बाधितेभ्यश्चक्रं कुत्साय युध्यते । मुषाय इन्द्र सूर्यम् ।

इस मण्डल में कहा गया है कि इन्द्र लड़ाई में सूर्य से भी उसका बिम्ब चक्र जबरन ले लिया करता था तथा समस्त देवताओं को इन्द्र परास्त किया तथा शत्रु का विनाश कर दिया । इन्द्र ने दुष्ट स्त्री द्युदेव कन्या को मार डाला जो आकाश में अत्याचार किया करती थी तथा प्रत्येक के लिए घातक थी । यह कार्य करके इन्द्र ने महान् कर्म किया 4. 30. । तथा इन्द्र ने उषा द्युदेव की कन्या की गाड़ी तोड़कर उसे बहुत दूर भगा दिया । इस प्रकार उसके सारे घमण्ड को नष्ट कर दिया और उषा को अपने कब्जे में कर लिया ।

यज्ञ में इन्द्र के लिये गायें सोमरूप हव्य के साथ मानव के व्यावहारिक कल्या के लिए अधिक उपयोगी सिद्ध होती थी और सोमरस गाय का दूध होने के साथ इन्द्र के साथ गाय का वर्णन मिलता है । कौशिक गृह्यसूत्र में बांझ या बीमार गायों को दवा के रूप में नमक मिलाकर पिलाने का उल्लेख किया गया है । गायों का अतीव महिमा 8. 101. 15 में वर्णित है ।

पूषा के साथ भी इन्द्र का सम्बन्ध बताया गया है 6. 57. । मंत्र 6 में कहा गया है कि जिस प्रकार सारथी लगाम के सहारे घोड़ों को घुमता है उसी प्रकार हम अपने मंगल के लिए पूषा को इन्द्र की तरफ घुमाते हैं ।

---

1. एतद् घेदुत वीर्य9मिन्द्रं चकर्थ पौंस्यम् । स्त्रियं यद्दुर्हणायुववधर्दुंहितरं दिव: ।
2. अपोषा अनस: सरत् सपिष्टादहबिभ्युषी । निपत् सीं शिश्नथद्वृषा ।
3. आ गावो अग्मन्नुतं भद्रम् क्रन्त्सीदन्तु गोष्ठे रणयन्त्वस्मे ।
   प्रजावती पुरुरूपा इह स्फुरिन्द्राय पूर्वीरुषसो दुहाना: ॥
4. उत् पूषणं युवामहेऽभीशूँरिव सारथि: । मह्या इन्द्र स्वस्तये ।

अष्टम मण्डल में प्रस्तुत सूक्त मे अपाला एक रोगग्रस्त कन्या है, जो त्वचा रोग से पीड़ित रहती है और पति द्वारा परित्यक्ता महिला थी, अपने पिता के पास रहती थी व्याधि के कारण उसके पिता के सर पर एक भी बाल न रहा और बेचारे के पास अनुपजाऊ जमीन थी । वह कन्या इन्द्र से बड़ी श्रद्धा रखती थी । नदी में पानी लाने एक दिन अपाला जा रही थी कि रास्ते में सोमवल्ली का एक टुकड़ा मिला और उसी से सोम तैयार करके इन्द्र का आहावन किया । इन्द्र आवाहन सुनकर एक पुरुष का रूप धारण करके उसके घर पहुँचते हैं और अन्त में इन्द्र से वर माँगा । इसके पिता के सिर का बाल बढ़ाया तथा अपाला का रोग दूर कर दिया । इसी का वर्णन इस मण्डल में वर्णित है । सूक्त 8.91.। नं0 7. मं01.

नवम् एवं दशम्×मण्डल में प्राचीन परम्परानुसार प्रस्तुत सूक्त में इन उन ऋत्विजों के सामने अपना रूप प्रकट कर रहा है जिन्होंने लवा पक्षि का रूप धारण करके इन्द्र को सोमपान करते देखा । इसी तरह सोमरस पान कराने के लिए याजकों ने इन्द्र से कई बार प्रार्थना किया । इन्द्र सोम का आकण्ठ पान कर लेने के पश्चात् याजकों को बिना पारितोषिक के जाने नहीं देता था और याजक जो कुछ भी माँग लेता था उसे इन्द्र किसी भी तरह से देता था । इस प्रकार के प्रसंग का वर्णन प्रस्तुत है

---

1. कन्या ३ बार वायती सोममपि स्रुताविदत् ।
   अस्ते भरन्त्य ब्रवीदिन्द्राय सुनवै त्वा शक्राय सुनवै त्वा ॥

2. खे रथस्य खेऽनसः खे युगस्य शतक्रतो ।
   अपालामिन्द्र त्रिष्पूरव्यकृणोः सूर्यत्व चक्र ॥

<u>ऋग्वेद द्वितीय मण्डल में इन्द्र</u>

वैदिक देवगण किसी अन्य भारोपीय देवों की अपेक्षा उन भौतिक घटनाओं के ही अधिक निकट है जिनका यह प्रतिनिधित्व करते हैं । इसी कारण देवों की प्रकृति की चर्चा करते हुए प्राचीन वैदिक व्याख्याकार यास्क ‡निरुक्त 7.4‡ ने यह मत व्यक्त किया है कि इन देवों का जो रूप दिखाई पड़ता है उनमें मानव तत्वारोपण का लेशमात्र भी प्रयोग नहीं किया गया है जैसा कि सूर्य पृथ्वी अन्य उदाहरणों से यह स्पष्ट है अतः एक प्रारम्भिक वक्तव्य के रूप में हम यह कह सकते हैं कि वैदिक देवों के प्राकृतिक आधार में विशिष्ट चारित्रिक गुणों का तो अत्यल्प मात्रा में समावेश है कि उनके समान क्षेत्रों की कुछ घटनाओं के गुण उनमें आ गये हैं जबकि झंझावात के अन्तरिक्ष देवता इन्द्र अपने विद्युत से इसका वध करते हैं । इसलिए अग्नि को भी सोमपान कराने वाला, वृत्र का वध करने वाला तथा गायों और जल को तथा सूर्य और उषा को, विजित करने वाला कहा गया है । जबकि ये सभी प्रमुखतः इन्द्र के गुण है ।

इन्द्र ने गुफा में छिपे मायावी राक्षस को अपने ताकत से अहि को खोजकर मार डाला तथा जल को आकाश से लाया ।[1] इन्द्र महान् देव हैं जो पूछते हैं कि इन्द्र कैसा है और उसके पहचान के सम्बन्ध ऋग्वेद ।।.2.। में वर्णित है[2] जो पर्वतों

---

1. गुहा हितं गुह्यं गूळ्हमप्स्व वीवृतं मायिनं क्षियन्तम् ।
   उत्तो अपो द्यां सप्तभ्वांसं महन्नहि शूर वीर्येण ॥ 2.1.।। ऋग्वेद ।
2. यं स्मा पृछन्ति कुहसेति घोर मुतेमाहुर्नैषो अस्तीत्येयम् ।
   सो अर्यः पुर्टीविज इवा मिनाति श्रदस्मै धत्त स जानस इन्द्रः ।।1.2.1.

में छिपे शम्बर को चालीसवें वर्ष में खोजकर मार डाला तथा मण्डी अहि का वध किया तथा शयन करने वालों दानु का वध किया वह इन्द्र है ।[1]

यजमानों के द्वारा इन्द्र का वर्णन ।।. 2. 2 में वर्णित है उमान लोग अपने लिये धन की कामना इन्द्र को प्रसन्न करके करते हैं तथा इन्द्र की प्रार्थना किया करते थे ।[2] अध्वर्यु इन्द्र को प्रसन्न करने के लिए सोम एकत्र करते थे तथा उनको प्रसन्न करके अपनी कुशलता अपने लिए धन की प्रार्थना करते थे ।[3] स्वप्न में डराने वालों चुनुरि तथा धुनि आदि राक्षसों ॥दस्युओं॥ को इन्द्र मार कर समाप्त कर दिया । यह सब महान कार्य इन्द्र ने सोम के मद में किया । इससे स्पष्ट होता है कि इन्द्र इन सब महान कार्यों को सोमरस के पीने पर ही करता था और सोम एक महान् पेय पदार्थ है ।[4] यजमान लोग अ इन्द्र को हविष्य ग्रहण करने के लिए अनुष्ठान किया करते थे और इन्द्र की अपने पूरे परिवार समेत प्रार्थना ॥यज्ञ॥ किया करते थे ।[5]

---

1. यः शम्बरं पर्वतेषु क्षियन्तं चत्वारिंश्यां शरधन्व विन्दत् ।
   ओजयामानं यो अहि जघान दानुं शयानं स जनास इन्द्रः ॥ ।।. 2. ।

2. अस्मभ्यं तद् वसो दानायराधः समर्थयस्व बहुते वसव्यम् ।
   इन्द्र यच्चित्र श्रवस्या अनु धून बृहद् वदेम विदथे सुवीराः ॥ ।।. 2. 2

3. अध्वर्यवो यन्नरः कामयाध्वे श्रुष्टीवहन्तो नशथा तदिन्द्रे।
   गभस्तिपूते भरतश्रुतायेन्द्राय सोमं यज्यतो जुहोत ॥ ।।. 2. 3

4. स्वप्नेनाभ्युप्याचुमुरिं धुनिं च जघन्थ दस्युं प्र दभीतिभावः।
   रम्भी चिदत्र विविदे हिरण्यं सोमस्य ता मद इन्द्रश्चकार॥ ।।. 2. 4

5. प्र वः सतां ज्येष्ठतमाय सुष्टुतिमग्नाविव समिधानेहर्तिभरे ।
   इन्द्रमजुर्य जरयन्तमुक्षितं सनाद् युवानमवसे हवामेहे ॥ ।।. 2. 5

इन्द्र का सारथी अरुण तथा कुत्स को साथ बैठाकर जगत के समस्त शुभ और अशुभ कार्यों का निरीक्षण करता है और शम्बर के 90 और 9 प्राचीन नगरियों को गिरा देता है ।[1] विश्वजित् धनजित् स्वजित, सत्राजित, नृजित, उर्वराजित, अश्व-जित, गोजित को यजमान लोग हविष्य ग्रहण करने के लिए अनुष्ठान करते हैं ।[2]

इस प्रकार ऋग्वेद द्वितीय मण्डल में इन्द्र का अनेक मन्त्रों द्वारा अनेक प्रकार की स्तुतियों द्वारा अभ्यर्चना की गयी है । इन्द्र वास्तव में एक महान् देव है, जिसके अधीन समस्त देव हैं । इन्द्र अपनी इच्छा का मालिक है वह जैसा चाहता है वैसा करता है ।

---------::0::---------

---

1. स रन्धत सदिव: सारथये शुष्णम शुषं कुयवं कुत्साय ।
   दिवोदासाय नवतिं च नवे इन्द्र: पुरो व्यैरच्छम्बरस्य ॥ ।।. 2. 8

2. विश्वजिते धनजिते स्वजिते नृजिते उर्वराजिते ।
   अश्वाजिते गोजिते अजिते भरेन्द्राय सामं यजताय हर्यतम् ॥ ।।. 2. 10.

वैदिक देवताओं का वर्गीकरण

देवों से सम्बन्धित वैदिक धारणा में रूपरेखा की अनिश्चतता तथा वैयक्तिकता का अभाव प्राय: सर्वलक्षित होता है । ऐसा मुख्यत: इसी कारण हुआ है कि वैदिक देवगण किसी भी अन्य भारोपीय जाति के देवों की अपेक्षा उन भौतिक घटनाओं के ही अधिक निकट है जिनका यह प्रतिनिधित्व करते हैं। इसी कारण देवों के प्रकृति की चर्चा करते हुए प्राचीन वैदिक व्याख्याकार यास्क (निरुक्त 7,4) ने यह मत व्यक्त किया है कि इन देवों का जो रूप परिलक्षित होता है, उसमें मानव तत्त्वारोपण का लेशमात्र भी उल्लेख नहीं है । जैसा कि सूर्य पृथ्वी अथवा अन्य उदाहरणों द्वारा स्पष्ट भी है । वैदिक देवताओं का वर्गीकरण निम्नलिखित प्रकार से किया जा सकता है ।

ऋग्वेद तथा अथर्ववेद दोनों ही देवों की संख्या तैंतीस बताते हैं (3.6)[1] इत्यादि अथर्ववेद (10.7)[2] और इसकी संख्या अनेक स्थलों पर ग्यारह का तीन गुना के रूप में व्यक्त किया गया है (8.35) इत्यादि ।[3] एक स्थल पर (1.139) पर ग्यारह को स्वर्ग में, ग्यारह को पृथ्वी पर, ग्यारह को जल (=वायु) में रहने वालों के रूप में सम्बोधित किया गया है । इसी प्रकार अथर्ववेद (10.9)[4] में भी देवों का स्वर्ग अन्तरिक्ष, पृथ्वी, (र)रहने वाले के रूप में वर्गीकरण करता है, किन्तु इनकी संख्या का कोई निर्देश नहीं करता तैंतीस की संख्या के इस योग को सदैव

---

1. ओल्डेनबर्ग, Die Religion des Veda.

2. बर्गेन : रिलीजन ऑफ वैदिक ।

3. तैत्तिरीय संहिता ।

4. पूर्वोद्धृत, पाद टिप्पणी 1.

पर्याप्त नहीं माना जा सका है। कुछ स्थानों पर तैंतीस के अतिरिक्त भी अन्य देवों का उल्लेख मिलता है एक मंत्र {3.9} = 10[1], {52}[2] वाजसनेयि संहिता 33.6 में अकस्मात देवों की संख्या 33.39 बतायी गयी है। एक अधिक सामान्य आशय में तीन समूहों में विभाजित किया गया है। {6.51}[3] जहाँ देवों को स्वर्ग, पृथ्वी तथा जल से सम्बन्धित किया गया है।[4] ब्राह्मण ग्रन्थ में देवों की संख्या 33 बतायी गयी है - शतपथ ब्राह्मण तथा ऐतरेय ब्राह्मण इन वर्गों को 8 वसुगण, 11 रुद्रगण तथा 12 आदित्यगणं आदि बताया गया है।

वैदिक देवताओं का वर्गीकरण निम्नलिखित प्रकार से किया गया है :-

क. दिव्य देवता

यह शब्द 'दिव' {चमकना} धातु से बना है। इस प्रकार इसका अर्थ दिव्य तथा यह भी देवों {देव} के समान है।[5]

1. द्यौस् - द्यौस् शब्द आकाश तत्व की उपाधि के रूप में प्रयुक्त हुआ है। इसका आशय ऋग्वेद में कम से कम 500 बार आया है। 50 बार इसका अर्थ दिन भी आया है। जहाँ द्युलोकवासी देवता के रूप में मूर्तिकरण किया गया है।

---

1. हॉप्किन्स, रिलीजन ऑफ इण्डिया.
2. पूर्वोद्धृत, पादटिप्पणी 1. {पृष्ठ 1}
3. पूर्वोद्धृत, पृष्ठ 2, पादटिप्पणी 1.
4. ओरिजिनल संस्कृत टेक्स्ट्स,
   हॉप्किन्स, रिलीजन ऑफ इण्डिया।

5. Indogermanische For Schungen, 3, 301.

द्यौस् को बहुधा द्यावापृथ्वी के रूप में संयुक्त कर दिया गया है । द्वितीया विभक्ति में द्यौस् का अर्थ पृथ्वी के साथ आता है जहाँ एक बार विभेदात्मक रूप से अकेले आता है ‡1.74‡[1]

2. वरुण

सांख्यिक आधार पर यह तृतीय श्रेणी के देव सिद्ध होंगे । केवल एक दर्जन सूक्त ऐसे हैं जिसमें केवल इनकी प्रशस्ति एकमात्र है । इनके शरीर हाथ, पाँव, भुजायें, नेत्र, मुख तथा पैर की परिकल्पना की गयी है । ये अपनी भुजायें हिला डुला सकते हैं । यह भोजन-पान भी करते हैं तथा रथ भी हाँकते हैं । वरुण के मुख ‡अनीकम्‡ को कवि अग्नि के समान मानता है ।[2] तथा सहस्र नेत्र वाले हैं।[3] वरुण के पास सैकड़ों, हजारों उपचार हैं और यह पापों से मुक्ति करते हैं ।[4]

3. मित्र

प्रायः इस नाम की उत्पत्ति अनिश्चित है ।[5] फिर भी यह ऋग्वेद में अक्सर इस शब्द का अर्थ मित्र या साथी भी है । वेद में इस देव के दयालु स्वभाव का अक्सर ही उल्लेख है । यहाँ तक कि मित्र शांति-देवता के रूप में आते हैं ।[6] यह मित्रदेव मूलतः साथी या मित्र का ही वाचक और प्रकृति की एक हितकर शक्ति के रूप में सूर्य के लिए व्यवहृत हुआ होगा ।[7]

---

1. बर्जेन वर्गर : वी. 15.
2. Oldenburgs Die Religion of des the Veda, 286.
3. तु0की0 वेबर : वै0वी0 1994, पृ0 38.
4. तु0की0 तैत्तिरीय ब्राह्मण संहिता 1.7.10.
5. हिलेब्रांट, 113.
6. एग्गर्स, 60.
7. पूर्वोद्धृत, पादटिप्पणी 5.

4. सूर्य -

अवेस्ता में सूर्य या ह्वरे ॥=वैदिक "स्वर्" जिससे सूर्य[1] व्युत्पन्न हुआ और जिससे ही यूनानी 'इलियोस' भी सम्बद्ध है को भी वैदिक सूर्य की भाँति द्रुतगामी अश्वों वाला तथा 'अहुर मज्द॥ का नेत्र कहा गया है ।[2]

5. सवितृ -

अपनी आवृत्ति की लगभग आधी दशाओं में इस नाम के साथ "देव" संयुक्त है । यह शब्द जिसका अर्थ प्रेरित करने वाला होता है । दो स्थलों पर यह त्वष्ट्र की उपाधि ही प्रतीत होता है ओल्डेनबर्ग का यह विचार है कि सवितृ वास्तव में प्रेरणा की एक अमूर्त धारणा का प्रतिनिधित्व करता है ।[3]

6. पूषन् -

पृष् धातु से उत्पन्न पूषन् शब्द का अर्थ समृद्धि दायक है । सुरक्षा तथा समृद्धि प्रदान करने के लिए प्रायः इनका आवाहन किया जाता है ।[4] पूषन् चरित्र सम्बन्धी धारणा की पृष्ठभूमि में इन्द्र की उपकारी शक्ति ही है, जो मुख्यतः ग्रामीण देवता के रूप में वर्णित है ।

---

1. बर्गेन, ल०रि०वे० ।.6.

2. स्पीगल : डी०पी० ।

3. मैकडानल, ज०ए०सो० 26.

4. के०ब्र० नोट ।20.

7. विष्णु -

ऐतरेय ब्राह्मण(1.1) में स्थानगत आधार पर देवों में सर्वोच्च विष्णु का सबसे निम्नस्थ अग्नि के साथ विभेद किया गया है । अन्य सभी देवों को मध्य में स्थित किया गया है । ऋग्वेद के उद्धरण 1.156[1] में यह उल्लेख है कि मित्रों से युक्त होकर विष्णु गायों को खड़े होने का स्थान खोला ।

8. विवस्वत् -

विवस्वत् भी ऋग्वैदिक काल में विलीन हो चुका था । व्युत्पत्तिजन्य अर्थ अश्विनौ, अग्नि, सोम से सम्बद्ध तथा इस तथ्य को भी इसका स्थान यज्ञस्थल है ।[2] यजुर्वेद (वाजसनेयि संहिता 8.5) मैत्रायणी संहिता 1.6) तथा ब्राह्मणों में इसे आदित्य कहा है ।

9. आदित्यगण -

आदित्यों के साथ और एक (10.64) पर मित्र, अर्यमन तथा अरुण के साथ उल्लेख मिलता है और इसके जन्म के सम्बन्ध में अदिति की सम्भावना है । अदिति इन्हीं से उत्पन्न हुयी पुत्री है । एक अन्य मन्त्र में (10.5)[3] में जन्म स्थान अदिति के गर्भ से माना जाता है ।

10. उषस् -

वस् धातु से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ प्रकाशित होना है । यह मूलतः अरोरा और द्यौस् (HOS) का सजातीय है । यह इन्द्र के समान दिव्य और अमर है । यह विशेषतः उदार है ।[4] यह अति उज्ज्वल, दीप्यमान, अरुणिम,

---

1. फे०वे० 97-100,
2. बालेसेन : त्यसी०गे० 81-503
3. मैकडानल : ज०ए०सो० 27.
4. मूईर : स०टे० 191-193.

स्वर्णमयी प्रदीप्त तथा उदारता से परिपूर्ण है ।

11. अश्विन् द्वय -

अश्विन् द्वय को वास्तव में प्रातःकालीन तारे को सायंकालीन तारों के साथ सम्बद्ध होने का विचार किया गया है किन्तु यह दोनों सदैव पृथक पृथक् रहते हैं जबकि अश्विन् द्वय संयुक्त हैं फिर भी ऋग्वेद में अश्विन द्वय की दो स्थलों पर अलग अलग चर्चा की गयी है । वास्तव में वैदिकता में प्रातःकालीन उपासना का अधिक तथा सन्ध्याकालीन का कम महत्त्व है ।[1] अश्विनौ का प्रातः तथा सायं दोनों समय आवाहन किया जाता है ।[2]

ख। अन्तरिक्ष देवता

1. इन्द्र -

इन्द्र की व्युत्पत्ति संदिग्ध है किन्तु इसके धातु इन्दु ।विन्दु। से सम्बद्ध होना सम्भव प्रतीत होता है । यह विजय का द्योतक है और दैत्यों का वधकर्ता है ।[3] यह वर्षा का स्वामी तथा देवाधिपति के रूप में विख्यात है ।[4]

---

1. ब्रून हॉफर : बॉ०ग० पृ० 99.
2. पिशल : विदिशे स्टूडियन, 1, पृ० 8, 56.
3. त्सी०गे० 32.
4. ही०वे०मा० 1.44

2. त्रित आप्त्य -

हिलेब्रान्ट इन्हें उज्ज्वल भविष्य का द्योतक मानते हैं ।[1] कुछ विद्वान इन्हें जलों तथा वायु का द्योतक मानते हैं ।[2]

3. अपां नपात् -

अपां नपात् चन्द्रमा है, मैक्समूलर इन्हें विद्युत् मानते हैं ।[3] कुछ विद्वानों का विचार है कि इसका सम्बन्ध जल से है ।[4]

4. मातरिश्वन् -

मातरिश्वन् की ऋग्वेद के किसी भी सम्पूर्ण सूक्त में प्रख्याति नहीं है और इसका नाम केवल सत्ताईस बार ही आता है तीन स्थलों पर मातरिश्वन् एक अग्नि का नाम है ।[5] यास्क-[निरुक्त 7.26] जो मातरिश्वन् को वायु की उपाधि मानते हैं इस यौगिक शब्द "मातरि र = अन्तरिक्ष और श्वन् = "सांस लेना" के रूप में वर्णित करते हैं । इस प्रकार इसका अर्थ वह पवन जो हवा में सांस लेता है" हो जाता है ।

---

1. ज०आ०ओ०सो० 4.144.

2. अ०ए०सो० 24.

3. मैक्समूलर, नेचुरल रिलीजन, 500.

4. अवेस्ता का अनुवाद 3.

5. बेर्गेन, द रिलीजन आफ वेद ।

5. अहिर्बुध्न्य: -

अतल के अहि सर्प बुध्नय, जिसका नाम केवल 'देवस्' को अर्पित सूक्तों में ही वर्णित है । ऋग्वेद में केवल ग्यारह बार आता है । कदाचित् कहीं अकेले चर्चा हो तो नहीं कहा जा सकता नहीं तो यह किसी देव के साथ आता है । मैं जल में उत्पन्न उस सूर्य की स्तुति करता हूँ जो सून्य स्थलों में स्थित धाराओं के तल ॥बुध्ने॥ में बैठा है ।[1]

6. अजएकपाद: -

यह व्यक्ति ॥देवता॥ अहिर्बुध्न्य से घनिष्ठत: सम्बन्ध है । इसका नाम पाँच बार अहिर्बुध्न्य के सन्निकट होने के रूप में एक बार अकेले आता है ।[2]

7. रुद्र -

ऋग्वेद में इस देवता का एक महान स्थान है । केवल तीन सम्पूर्ण सूक्तों में अन्तश: एक अन्य में दूसरे सोम के साथ सम्मिलित रूप से इनकी प्रख्याति है जबकि इनका नाम 75 बार आया है । इनके धनुष, बाण, गदा आदि अक्सर उल्लेख हैं अथर्ववेद 1-28, शतपथ ब्राह्मण में 9.1.1 में वर्णित है ।[3] यह रुद्र धातु से उत्पन्न हुआ है । इसको क्रन्दन करने के रूप में कहा गया है ।[4]

---

1. Hardy : Vedisch Brahamanische Periode.
2. व०स्था० "अज" निरुक्त पर प्रस्तावना 6,164.
3. तु०की० ब्राडवे, घा-46.
4. हाप्किंस, प्रो०सी०, दिसम्बर 1994.

8. मरुद्गण -

ये लोग ऋग्वेद में प्रमुख स्थान रखते हैं । तैंतीस सूक्तों में अकेले आये हैं । इनको पृश्नि का पुत्र कहा गया है । पृश्निमातर: ﹝पृश्नि जिनकी माता हैं, उपाधि इनके लिए व्यवहृत है ।[1]

9. वायु-वात -

वायु एक देवता है वात एक तत्व है । वायु का इन्द्र के साथ तथा अनेक देवों के साथ कहा गया है । ये दोनों नाम कभी कभी एक ही मन्त्र में आते हैं।[2] हवा के नाम से वात भी अधिक स्थूल रूप में प्रख्यात है ।

10. पर्जन्य -

पर्जन्य शब्द से वर्षा मेघ का ही अभिधात्मक आशय हो सकता है । पर्जन्य को आज भी गर्जन देवता पर्कुंनस के साथ समीकृत किया जाता है ।[3]

11. आप: -

आप जल के लिए कहा गया है और अग्नि के रूप को जल का पुत्र कहा गया है ।[4] जल मातायें हैं[5]- जो लोकों की उत्पत्ति तथा वप की दृष्टि के समान हैं ।

---

1. वाहनेन वर्गर : उ0पु0 43-3.
2. स्टोक्स, वेजेनवर्ग 19.
3. वेनफे - आ0आ0 1-223.
4. उर्मस्टेटर : हा0ए0 73.
5. मूईर : स0टे0 4.

ग. पार्थिव देवता

1. नदियाँ -

दिव्य जल के अतिरिक्त दैवीकृत नदियाँ भी ऋग्वेद में महत्त्वपूर्ण स्थान रखती हैं । ऋग्वेद में सिन्धु आदि नदियों का आवाहन किया गया है ।

2. अग्नि -

एक प्रमुख पार्थिवदेव है । यह ऋग्वेद के 200 सूक्तों में प्रख्यात है । इन्द्र की भाँति इन्हें भी सहस्र मुष्क उपाधि से विभूषित किया गया है ।[1] यह शक्तिशाली ग्रीव वाले बलिष्ठ वृषभ हैं ।[2]

3. वृहस्पति -

यह ऋग्वेद में प्राय: 120 बार आया है । यह इन्द्र के साथ युगल रूप में भी आया है । वृहस्पति एक पारिवारिक पुरोहित है ।[3] ये सोम के पुरोहित हैं ।[4]

4. सोम -

व्युत्पत्ति की दृष्टि से सोम = हओम का अर्थ दबाया हुआ रस है और यह सु = हु (दबाना) धातु से उत्पन्न हुआ है । सोम एक पौधे का नाम है कहीं यह सशरीर देवता के रूप में आते हैं ।[5]

---

1. तु0की0 शायण रौथ : निरुक्त प्रस्तावना, 140.
2. मुण्डकोपनिषद 1.
3. ऐतरेयब्राह्मण 8, तैत्तिरीय संहिता 6.
4. शतपथ ब्राह्मण 4.
5. ओल्डेनबर्ग, रिलीजन आफ वेद, 176.

ग. पार्थिव देवता

1. नदियाँ -

दिव्य जल के अतिरिक्त दैवीकृत नदियाँ भी ऋग्वेद में महत्त्वपूर्ण स्थान रखती हैं । ऋग्वेद में सिन्धु आदि नदियों का आवाहन किया गया है ।

2. अग्नि -

एक प्रमुख पार्थिवदेव है । यह ऋग्वेद के 200 सूक्तों में प्रख्यात है । इन्द्र की भाँति इन्हें भी सहस्र मुष्क उपाधि से विभूषित किया गया है ।[1] यह शक्तिशाली ग्रीव वाले बलिष्ठ वृषभ हैं ।[2]

3. वृहस्पति -

यह ऋग्वेद में प्राय: 120 बार आया है । यह इन्द्र के साथ युगल रूप में भी आया है । वृहस्पति एक पारिवारिक पुरोहित है ।[3] ये सोम के पुरोहित हैं ।[4]

4. सोम -

व्युत्पत्ति की दृष्टि से सोम = हओम का अर्थ दबाया हुआ रस है और यह सु = हु (दबाना) धातु से उत्पन्न हुआ है । सोम एक पौधे का नाम है कहीं यह सशरीर देवता के रूप में आते हैं ।[5]

---

1. तु0की0 शायण रोथ : निरुक्त प्रस्तावना, 140.
2. मुण्डकोपनिषद 1.
3. ऐतरेयब्राह्मण 8, तैत्तिरीय संहिता 6.
4. शतपथ ब्राह्मण 4.
5. ओल्डेनबर्ग, रिलीजन आफ वेद, 176.

घ. अमूर्त देव

1. दो वर्ग -

ऋग्वेद में जिन देवों की प्रकृति अमूर्त है उन्हें दो भागों में रखा गया है। एक भाग में अमूर्त धारणायें जैसे कामादि का प्रत्यक्ष मूर्तिकरण आता है दूसरे जिनका नाम तृ प्रत्यय वाली धातु से उत्पन्न संज्ञा जैसे धातृ (सृष्टिकर्ता) आदि के रूप में-

क. विभिन्न कतृदेव

तृ प्रत्यय वाले जिन देवों के नाम कतृयों के द्योतक हैं उनमें सर्वप्रमुख सवितृ हैं।[1]

ख. त्वष्टृ -

यह एक ऐसा देवता है जिनमें सवितृ के अतिरिक्त औरों की अपेक्षा अधिक बार आया है। ऋग्वेद में इनका नाम 65 बार आया है।[2]

2. विश्वकर्मन-प्रजापति -

यह यौगिक उपाधियों से उत्पन्न हुए हैं।[3] इसके बाद न केवल प्रजापति ही वरन् इसे एक सर्वोच्च देवता का नाम दिया गया है।[4]

3. मन्यु, श्रद्धा आदि -

मन्यु अथवा क्रोध का जिसका इन्द्र से भयंकर क्रोध से उद्धृत हुआ[5] - श्रद्धा द्वारा सम्पत्ति प्राप्त होती है।[6]

---

1. सेन्ट पीटर्सबर्ग कोष, प्रजापति, 493.
2. मैक्समूलर ओ० रि० 273.
3. बेलब्रक - फे० ओ० 24.
4. ब्लूमफील्ड, अ० फा० 14.
5. गोल्डनर, उ० स्था० 100.
6. हा० इ० 141.

4. अदिति -

इसे अक्सर देवी कहा गया है, जिसका अनर्वा नाम मिलता है[1] अदिति मित्र और वरुण की माता है ।[2] शक्तिशाली पुत्रों की माता कहा जाता है ।[3]

5. दिति -

अथर्ववेद के अनुसार दैत्यगण इनके पुत्र हैं जो वैदिकोत्तर पुराकथाशास्त्र में देव के शत्रु बन गये ।[4] जो एक निश्चित आशय व्यक्त करने के लिए अदिति से दिति कहा जाता है जैसे सुर से असुर बने ।[5]

ङ. देवियां

महान् देवों की पत्नियों के रूप में देवियों का वेदों में इसी प्रकार नगण्य स्थान है जैसे इन्द्राणी का अर्थ केवल इन्द्र की पत्नी हैं ।[6] रुद्र की पत्नी रुद्राणी आदि व्याख्या के आधार पर इन्हें सूर्यकन्या - सूर्या अथवा उषस् से सम्बद्ध किया जाता है ।[7] संस्कृत में इसका अर्थ सरस् = गति ॥दौड़ना॥ है यु प्रत्यय लगाकर चरण अथवा अन्य देवों की भाँति बना लिया गया है ।

---

1. बर्गेन : ला०रि०वे० 3.94
2. वही ।
3. निरुक्त, प्रस्तावना ।40. ।
4. मैक्समूलर, से०बु०ई० 32.
5. बॉरिस, कौ०अ० 46.
6. औ०वे० ।72.
7. इण्डिसे स्टूडियन, 4-178.

च. युगल देवता

ऐसे देव जो विशेषकर द्विवाचक यौगिक शब्दों के रूप में संयुक्त कर दिया गया है जिनसे व्यक्त दोनों देव द्विवाचक स्वराघातों से युक्त कभी कभी परस्पर पृथक् भी हैं ।[1] ऋग्वेद में कम से कम साठ सूक्तों में प्राय: एक दर्जन देवों की इस प्रकार संयुक्त रूप से प्रख्याति मिलती है । ग्यारह - इन्द्राग्नि, नौ इन्द्र-वरुण, सात इन्द्र-वायु, छ: द्यावापृथ्वी, दो-दो इन्द्र-सोम, एक-एक इन्द्र-विष्णु, इन्द्र पूषणा, सोमा, इन्द्र वृहस्पति, अग्नि-सोम को समर्पित किया गया है ।[2] आकाश-पृथ्वी माता पिता हैं, इन्हें अक्सर, पितरा, मातरा, जनित्री कहा गया है ।[3]

छ. देवों के समूह

इसमें सबसे बड़ा समूह मरुतों का बताया गया है । 21 अथवा 180 बतायी गई है । इनकी माता अदिति तथा इनके प्रधान वरुण बताया गया है ।[4] वसुओं को अग्नि के साथ, आदित्य को वरुण के साथ, मरुतों को सोम के साथ, साध्यों को ब्रह्मा के साथ सम्बद्ध किया गया है ।[5] यह काल्पनिक यज्ञीय समूह है । इनका प्रयोजन सब देवों का प्रतिनिधित्व करना है, जिससे सब देवों के लिए उद्दिष्य स्तुतियों में कोई देव छूट न जाय ।[6]

---

1. कुन: हे0गौ0 161.
2. ऐतरेय ब्राह्मण का अनुवाद, भाग 2,
3. ओल्डेनवर्ग, ऋसी0गे0 40-63.
4. वाकरनागेल त्सी0कु0 24.
5. ओल्डेनवर्ग, त्से0तु0ई0 46-111.
6. ग्रासमैन हिन्दी अनुवाद, ऋग्वेद 1-103.

ज. अवर देवता

आरम्भ में इन्हें देवता नहीं माना गया था । इनके माता पिता, जिनका इतना अधिकतर उल्लेख मिलता है आकाश और पृथ्वी को ही व्यक्त करते हैं ।[1] सम्पूर्ण रूप से यह प्रतीत होता है कि ऋभुगण मूलत: पार्थिव और अन्तरिक्षीय शिल्पी माने गये हैं, जिनकी कुशलता ने क्रमश: अलौकिक दक्षता व्यक्त करने वाली अनेक पुराकथाओं को व्यक्त कर लिया है परन्तु जन्मभेद द्वारा प्रस्तुत प्रमाण किसी निश्चित निष्कर्ष की सम्भावना के लिए कदाचित् ही पर्याप्त हैं ।[2]

1. अप्सरस-

कुछ विद्वानों ने पुरूरवस् और उर्वसी को क्रमश: सूर्य और उषस् के रूप में अप्सरस् की व्याख्या की है ।[3] अथर्ववेद में तीन अप्सरा का नाम आता है । उग्रजित्, उग्रपश्या, राष्ट्रभृत् - वाजसनेयि संहिता में उर्वसी और मेनका का नाम आता है । शतपथ ब्राह्मण में शकुन्तला आदि के सप्सरस् की व्याख्या की गयी है ।

2. गन्धर्व -

कुछ लोग गन्धर्वों को वायवीय आत्मायें मानते हैं ।[4] दूसरा यह विचार है कि गन्धर्व इन्द्र धनुष का अथवा चन्द्रमा के एक दिव्य पुरुष का । अथवा सोम का अथवा सूर्य अथवा मेघ आत्मा का प्रतिनिधित्व करते हैं ।[5]

---

1. जर्म निशे मैथलाजी, 124.
2. श्रोडर, वी०मा० 9-243.
3. बार्थोलोमाइ : त्सी०गे० 42.
4. बेवर : वे०वी० 1894, पृ० 345
5. इण्डो०माइथेन. 64.

3. <u>रक्षक देवता</u>

इनके ख्याति प्रवेश को अनुकूल बनाने के लिए व्याधियों को दूर करने के लिए, मनुष्य तथा पशु को आशीर्वाद के लिए, पशुओं और अश्वों के रूप में समृद्धि प्रदान करने के लिए, सदैव रक्षा के लिए आवाहन किया गया है ।[1] पर यह साधारणतया उस कोटि के देवों में आते हैं जो पुरातन विश्वासों, वृक्षों तथा पर्वतों प्राकृतिक तत्वों के चेतन के रूप में निहित अव्यवस्थित अधिष्ठाता माने जाते हैं ।[2]

इस प्रकार वैदिक देवताओं का वर्गीकरण ऋग्वेद तथा अन्य पौराणिक तथा विदेशी विद्वानों के भारतीय वैदिक रचना के आधार पर उपरोक्त ढंग से किया गया है, जिसमें वेदों में वर्णित तथा चर्चित प्राय: सभी देवों का समावेश है और ये वैदिक देव ही भारतीय वैदिक पुराकथाशास्त्र के द्योतक हैं और मनुष्य पशुओं तथा अन्य जड़-चेतन के लिए एक उचित प्रक्रिया को प्रस्फुटित करते रहते हैं ।

---------::0::---------

---

1. ड्रिस्लर मेमोरियल 241.
2. तु0की0 ब्लूमफील्ड - से0तु0ई0 42.

अध्याय-द्वितीय

[क] इन्द्र का वैशिष्ट्य

1. सामवेद में इन्द्र
2. ऋग्वेद में इन्द्र
3. यजुर्वेद में इन्द्र
4. अथर्ववेद में इन्द्र
5. पुराणों में इन्द्र
6. ब्राह्मणग्रन्थों तथा आरण्यक में इन्द्र तथा उपनिषद में इन्द्र,
7. महाकाव्यों में इन्द्र

[ख] इन्द्र का अन्य देवों के साथ सम्बन्ध ।

सामवेद में इन्द्र

सामवेद में इन्द्र के जीवन से सम्बन्धित किसी नवीन घटना का उल्लेख नहीं मिलता है । वहाँ केवल उनके यौद्धिक पक्ष, दानवृत्ति एवं विश्वाधिपति का उल्लेख मिलता है ।[1] ऋग्वेद में से संग्रहीत मंत्रों को छोड़कर अवशेष मंत्रों में यह वर्णित है कि उनके ऐश्वर्यवर्द्धन में उनकी चारित्रिक महत्ता एवं सोमयाग की अर्चना ही प्रमुख थी ।

सामरिक दृष्टिकोण से पुरोहित वर्ग इनकी अद्भुत शक्ति एवं अदम्य उत्साह से अवगत थे । वे शक्तिसम्पन्न थे एवं प्रत्येक शक्तिदश्यक वस्तुओं के अधिपति थे ।[2] चारणगण सामगान के द्वारा इन्द्र को शत्रुओं से संग्राम करने के लिए प्रोत्साहित करते थे । वे विजय-प्राप्ति, शौर्य-प्रदर्शन एवं शत्रुओं के संहार करने और वृष्टि हेतु इन्द्र का आह्वान करते थे ।[3]

सोमयाग के याज्ञिक अवसरों पर उस युद्ध-देवता के यश से सम्बन्धित गानों का पुरोहित वर्ग गान करते थे[4] एवं उनकी महानता[5], दानशीलता एवं वीरता का

---

1. सामवेद 1/5/2/10. 2. सामवेद 1/3/1/4/4.

3. "यं वृत्रेषु क्षितय स्पर्धमाना यं युक्तेषु तुरयन्तो हवन्ते ।
य ऽ्शूरसातो यमपामुपज्मन्यं विप्र वाजयन्ते स इन्द्रः ॥"
सामवेद 1/4/1/5/6.

4. सामवेद, 1/3/1/2/6, 2/3/1/22/3.

5. सामवेद, 1/3/1/1/10.

गुणगान भी इसी अवसर पर किया जाता था ।[1] वे लोग वृत्रहन् , शत्रु संहारक, शक्तिसम्पन्न, युद्ध में अडिग एवं वज्रधर इन्द्र की स्तुति करते थे ।[2] इन्द्र ने दधीचि नामक ऋषि की अस्थियों से असुर वृत्र[3] एवं जल-फेन से नमुचि का संहार किया ।[4]

धार्मिक दृष्टिकोण से सोमयाग इन्द्र को पूर्णत: समर्पित किया जाता था ।[5] वे अपराधियों को दण्डित करते थे तथा अयाज्ञिकों को यज्ञस्थान से दूर भगाते थे ।[6] वे सन्देहवश विजातियों की पूजा एवं भेंट को स्वीकार नहीं करते थे।[7]

याज्ञिक अवसरों पर इन्द्र के अतिरिक्त अन्य देवताओं को भी सोमपान के लिए आमन्त्रित किया जाता था ।[8] पुरोहितवर्ग सोमपादप को शक्ति प्रदान हेतु भी इन्द्र से प्रार्थना करते थे ।[9] विष्णु, मित्र, वरुण एवं मरुत् इन्द्र की स्तुति

---

1. सामवेद, 1/3/1/4/4.

2. "मेडिं न त्वा वज्रिणं भृष्टिमन्तं पुरुधस्मानं वृषभ ँ स्थिरप्स्नुम् ।
   करोष्यर्यस्तरुषीर्दुवस्युरिन्द्र द्युक्षं वृत्रहणं गृणीषे ॥" - सामवेद 1/4/1/5/6

3. सामवेद, 1/2/2/10/5.

4. "अपां फेनेन नमुचेः शिर इन्द्रोदवर्तयः ।
   विश्वा यदजय स्पृधः ॥" सामवेद, 1/3/1/2/8.

5. सामवेद, 2/9/1/13/3.

6. "यदिन्द्र शासो अव्रतं च्यावया सदसस्परि ।
   अस्माकम् ँ शुं मघवन्पुरुस्पृहं वसव्ये अधि बर्हय ॥" सामवेद, 1/8/1/1/6.

7. सामवेद, 1/2/2/2/6.

8. सामवेद, 1/3/1/2/6, 1/4/1/10/4, 2/9/1/2/2.

9. सामवेद, 1/4/1/1/6.

करते एवं मरुतों का बल इन्हें आनन्दित करता था ।[1] विभिन्न प्रकार की सहायता हेतु इन्द्र का आह्वान सामों एवं स्तोत्रों के माध्यम से किया जाता था ।[2]

इन्द्र स्वभावतः महात्मा की तरह दयालु[3] एवं दानशील थे ।[4]

पुरोहितगण उनकी महानता का परिचय देते हुए कहते हैं कि वह ब्राह्मण जो सम्यान्तर्गत पदार्पण करता है वही 'इन्द्र' के नाम से विख्यात है[5] एवं उसी की प्रशंसा की जाती है ।[6] वह उदारहृदय, प्रसन्नचित एवं मित्रवत् व्यवहार करने वाले हैं ।[7] वे अधार्मिकों एवं दुर्जनों की किंचितमात्र भी चिन्ता नहीं करते हैं अपितु उनको दण्डित करके उनको पदच्युत कर देते हैं ।[8] वे शत्रुओं को पराजित करके सज्जनों को विजय दिलाने में सहायता करते हैं । वे ईप्सित धनदाता एवं शत्रुओं के संहारक हैं ।[9]

अतएव सामवेद में इन्द्र शक्तिसम्पन्न, ऐश्वर्ययुक्त, दानशील एवं सोमपायी देव के रूप में प्रतिष्ठित थे ।

---

1. "त्वां विष्णुर्बृहन्क्षयो मित्रो गृणाति वरुणः ।
   त्वां शर्धो मदत्यनु मारुतम् ॥" सामवेद 2/8/1/11/3.
2. सामवेद, 1/4/1/6/9.
3. सामवेद, 2/3/1/22/1.
4. सामवेद, 1/4/2/10/6.
5. सामवेद, 2/9/1/2/1.
6. सामवेद, 2/3/1/22/1.
7. सामवेद, 2/8/1/14/1.
8. सामवेद, 1/4/1/1/6, 1/4/1/4/5.
9. "भिन्धि विश्वा अप द्विषः परि बाधो जही मृधः ।
   वसु स्पार्हं तदा भर ॥" सामवेद, 2/4/1/9/1.

ऋग्वेद में इन्द्र

इन्द्र वैदिककालीन भारतीयों के लोकप्रिय एवं राष्ट्रीय देवता हैं। उनकी महत्ता इसी तथ्य से लक्षित है कि ऋग्वेद के एक चतुर्थांश - कुल 250 सूक्तों - में यह स्वतन्त्र रूप से स्तुत है। यदि ऐसे सूक्तों को सम्मिलित कर लिया जाय जिनमें इन्द्र की स्तुति आंशिक रूप से अथवा युग्म-देवता के रूप में हुई है तो उन्हें समर्पित सूक्तों की संख्या लगभग 300 से अधिक हो जाती है।

इन्द्र का वैदिक पुराकथाशास्त्र के क्षेत्र में पदार्पण ही उसके पूर्ण स्वरूप का प्रस्तुतीकरण है। ऋग्वेदीय मंत्र उसके जीवन एवं गतिविधियों के अनेक पहलुओं को प्रस्तुत करते हैं जिसमें यह निर्णय करना अति कठिन हो जाता है कि उनमें से कौन सा मन्त्र अत्यन्त प्राचीन है। कभी-कभी वह वृष्टिदेवता, सूर्यदेवता, प्रकाशदेवता, आकाश-देवता, उत्पादक-देवता, युद्ध-देवता, राष्ट्रीय-देवता और प्राचीन पुराण-शास्त्र सम्बन्धी अहि नामक सर्प को नाश करने वाले देवता के रूप में उपस्थित होते हैं। इसका यह तात्पर्य है कि इन्द्र का पुराणशास्त्र सम्बन्धी जीवन एक अचलायमान एवं अद्भुत व्यक्ति के समान नहीं था अपितु विभिन्न प्रकार से विकासशील था। समयान्तर से उनके व्यक्तित्व में अनेकों तत्वों का समावेश हो गया था जिसके फलस्वरूप ऋग्वेद में इनका व्यक्तित्व बहुमिश्रित एवं बहुमूर्तिदर्शी हो गया था और कभी-कभी स्वयं में ही विरोधाभासी हो गया था। प्राचीन एवं पाश्चात्य विद्वानों के लिए इन्द्र के नाम की व्युत्पत्ति एवं विश्लेषणात्मक उद्धरण को सिद्ध करना ही अत्यधिक कठिन था।[1]

---

1. "इन्द्र इरां दृणातीति वा। इरां ददातीति वा। इरां दधातीति वा। इरां दारयत इति वा। इरां धारयत इति वा। इन्दवे द्रवतीति वा। इन्दौ रमत इति वा। इन्धे भूतानीति वा। --- इदं करणादित्याग्रयणः। इदं दर्शनादित्यौपमन्यवः। इन्दतेवैश्वर्यकर्मणः। इन्द्र छत्रूणां दारयिता वा। द्रावयिता वा। आदरयिता च यजवनाम्॥" यास्कः निरुक्त 10/8; प्रो० फतेहसिंह, वैदिक एटिमालॉजी, 61-102, ऋ० 1/34; रॉथ : साम्वेद [इन्द्र], ए०ए० मैक्डोनेल : वै०मा० 66; वी०एम० आप्टे - जर्नल ऑव दि बाम्बे यूनिवर्सिटी, 19 [एन०एस०] 213-218.

इन्द्र के आवश्यक स्वरूप से सम्बन्धित बहुत से विवादास्पद सिद्धान्त प्रतिपादित हो गये थे । शिक्षाविदों के विचारों में इस प्रकार की विभिन्नता कोई आश्चर्य का विषय नहीं है लेकिन प्रमुखरूपेण हम इन्द्र के व्यक्तित्व की दो व्याख्यायें प्रस्तुत कर सकते हैं :-

अ. नैसर्गिक स्वरूप ; एवं

ब. मानवीय स्वरूप ।

अ. नैसर्गिक स्वरूप

वृष्टि-देवता के रूप में इन्द्र

नैसर्गिक व्याख्या का प्रतिपादन करने में यहाँ एक जटिल समस्या उत्पन्न हो जाती है कि इन्द्र के स्वरूप का प्रकृति की कौन-सी विशिष्ट शक्ति प्रतिनिधित्व करती है । इन्द्र के जीवन की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण घटना इन्द्र-वृत्र युद्ध के विषय में सभी शिक्षाविद् एकमत हैं । प्राचीन भारतीय विद्वान् यास्क[1], शौनक[2] एवं सायण इन्द्र को आँधी एवं विद्युत् का स्वामी मानते हैं अर्थात् वृष्टि-देव । पाश्चात्य विद्वान् यथा - मैक्समूलर, रॉथ, लास्सेन, ओल्डेनबर्ग, म्योर, कीथ, मैक्डोनेल, ब्लूमफील्ड, लुडविग, पेरी सभी इसी तरह की विचारधारा रखते हैं ।[3] झंझावात् के सिद्धान्त को मानने वाले विद्वानों का ध्यान ऋग्वेद के उन

---

1. यास्क : निरु0 2/16.   2. शौनक : बृहद्देवता, 1/95-96.

3. एफ0 मैक्समूलर : लैक्चर्स ऑन द साइंस ऑव लैंग्वेज, 2/543, रॉथ - सा0वे0 टी ।इन्द्र। ; लास्सेन : 1/893, ओलडेनवर्ग : दी रिलीगियोग डेस वेद, 29/51; 134. जे0म्योर; ओरिजिनल संस्कृत टैक्स्ट्स, 5/95, कीथ : रिली0 फि030, 124; इण्डियन माइथालॉजी, 35; मैक्डोनेल : वै0मा0, 54; ब्लूमफील्ड : जर्नल ऑव द अमेरिकन ओरियेंटल सोसाइटी, 15/143; लुडविग : ऋग्वेद ट्रान्सलेसन, 3/317; पेरी : प0अ0ओ0सो0, 10/117-208; म्गाउन: द इयर्ली रिलीजन, 106.

अनुच्छेदों[1] की ओर आकृष्ट होता है जिनमें इन्द्र को तड़ित झंझावात की संज्ञा दी गयी है। इन्द्र-वृत्र-युद्ध को वृष्टि-शक्ति एवं अनावृष्टि शक्ति की संज्ञा दी गयी है। इनमें से कतिपय विद्वान इन्द्र को वृष्टि-देवता घोषित करने के प्रयास में व्युत्पत्तिमूलक प्रतिलोम का आश्रय लेते हैं।[2] रॉथ ने इन् अथवा इन्द् से; वेनफे ने स्यन्द् से एवं मैक्समूलर एवं मैक्डोनेल ने 'इन्दु' (बिन्दु) शब्द की जिस धातु से निष्पत्ति स्वीकृत की गयी है, उसी धातु से 'इन्द्र' शब्द को निष्पन्न मानते हैं।

इन्द्र के व्यक्तित्व में वृष्टि के देवता के बहुतत्वों के होते हुए भी यह मुक्त-कण्ठ से कहना अत्यन्त कठिन है कि ये तत्व उनके चरित्र के मूल तत्व हैं और इन्द्र का सम्पूर्ण व्यक्तित्व वृष्टि के इन्हीं तत्वों से निर्मित हुआ है। इसके अतिरिक्त इन्द्र का सम्बन्ध न केवल अन्तरिक्षीय (दिव्य) वर्षा से ही है अपितु पार्थिव जल-धाराओं से भी सम्बन्धित होने का उल्लेख प्राप्त होता है। वे विद्वान् जो इन्द्र को वृष्टि के देवता के रूप में मानने से अस्वीकार करते हैं, उनका कथन है कि बारम्बार प्रयुक्त वृत्र, वज्र, मेघ के स्थान पर पर्वत एवं पृथिवी आदि की वास्तविक नदियों जैसे - विपाश, शुतुद्री आदि एवं जलधाराओं का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। प्रवाहित की गयी नदियाँ निःसन्देह पार्थिव ही हैं।[3] ऋग्वेद में निःसन्देह जल और नदियों को प्राय: दिव्य अथवा अन्तरिक्षीय होने की कल्पना की गयी है।[4] बर्गेन[5] का कथन है कि इन्द्र वृष्टि-देवता हैं - ऐसा वर्णन ऋग्वेद में कहीं भी

---

1. ऋ0 1.32.1, 52.2, 54.10, 56.5, 80.5, 147.2,4, 2 30.3, आदि।
2. रॉथ : 1 802, बेनफे : Orient Und Occident, 1/49, मैक्समूलर : वही 2.473, नोट 35, मैक्डोनेल : वै0मा0, 66.
3. ओल्डेनवर्ग : रिली0 द0 वे0, 140, बर्गेन : La Religion Vedique, 2.184.
4. ऋ0 1.10.8, 2.20 8, 22.4, बर्गेन : वही 2.187.
5. बर्गेन : वही 2.185.

उल्लिखित नहीं है । हिलेब्राण्ट[1] छः उद्धरण प्रस्तुत करते हैं, जिनमें इन्द्र को जलों का स्वामी कहा गया है - अपि और धा, ग्रस, सध्, स्तभ्, परि स्था आदि धातुओं के द्वारा आलोचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन के पश्चात् वह यह सिद्ध करते हैं कि ये शब्द विशेषरूपेण वर्षा के सूचक नहीं हैं । ग्रूप[2] को सन्देह है कि इन्द्र ही वह देवता थे जो वैदिक काल में लोगों को वृष्टि का जल प्रदान करते थे । कुछ विद्वान् वृत्र को मेघ-दैत्य मानने से अस्वीकार करते हैं और इस सम्बन्ध में वे ईरानी धर्म-शास्त्र अवेस्ता को संदर्भित करते हैं, जहाँ पर 'वृत्र' को न तो मेघ-दैत्य माना गया है न ही वेरेथ्रघ्न का वृष्टि से कोई सम्बन्ध स्थापित किया गया है । श्पीगेल[3] के मतानुसार ईरानियों को वृष्टि-देव 'विशतर' था । पुराकथाशास्त्र में इन्द्र को वृष्टि का एकाकी एवं मुख्य देवता नहीं माना गया है । प्राचीन वृष्टिदेव के रूप में त्रित, आप्त्य एवं पर्जन्य के नाम का उल्लेख प्राप्य है तथा इन्द्र का नाम बाद में जोड़ दिया गया है जैसा कि पूर्व साहित्य में उल्लिखित है । ऋग्वेद में ऐसे प्रमाण उपलब्ध होते हैं जिसमें त्रित को इन्द्र से पूर्ववर्ती एवं वृद्ध माना गया है । मैक्डोनेल के मतानुसार त्रित इन्द्र के पूर्व एक महत्त्वपूर्ण वृष्टि-देव के रूप में प्रतिष्ठित था किन्तु इन्द्र के उत्कर्ष के पश्चात् उसका महत्त्व कम हो गया । मूल आप्त्य के नाम के पश्चात् एक स्थल पर इन्द्र को भी 'आप्त्य'[4] नाम से सम्बोधित किया गया है । इन्द्र एवं त्रित दोनों ने ही अपने-अपने क्षेत्रों के वर्षा चोरों पर विजय प्राप्त की थी ।[5]

---

1. हिलेब्राण्ट : वै0मा0, 3. 165. 174-175.
2. ग्रूप : ज0अ0ओ0सो0, 36. 255.
3. श्पीगेल : Arische Periode, 197.
4. ऋ0 10. 120. 6
5. "अभि स्ववृष्टिं मदे अस्य युध्यतो रध्वीरिव प्रवणे सस्रुरूतयः ।
   इन्द्रो यद्वज्री धृषमाणो अन्धसा भिनद्वलस्य परिधीरिव त्रितः ॥"

   वही 1. 52. 5

अवेस्ता इस तथ्य का प्रतिपादन करता है कि ईरानी त्रित आप्त्य (थ्रित आप्थ्य) की चर्चा इन्द्र (अन्द्र) से पूर्व हुई है। ऋग्वेदीय वृष्टि के देवता के विषय में पुराकथाशास्त्र में 3 सोपानों का उल्लेख प्राप्त होता है।

1. प्रथम सोपान में त्रित आप्त्य को वैदिक जनों का मूलरूपेण वृष्टि-देवता कहा गया है। प्राचीन ईरानियों एवं वैदिक भारतीयों ने इनको अपने आर्य-पूर्वजों से परम्परागत प्राप्त किया था। इन्होंने विकास की अवधि में एक नवीन-वृष्टि-देवता की प्राप्ति की किन्तु आर्यों के मूल देवता उनके मस्तिष्क में आज भी चक्कर काट रहे हैं क्योंकि उनका कथन है कि इन्द्र ने वृष्टि-देवता के साथ वही व्यवहार किया जो त्रित ने किया था।[1]

2. द्वितीय सोपान में इन्द्र का महत्त्व त्रित की अपेक्षा बहुत अधिक बढ़ गया था।[2]

3. तृतीय एवं अन्तिम सोपान में प्रभंजन एवं वृष्टि का मूल देवता, त्रित-कालान्तर में वृष्टि-देवता इन्द्र के समक्ष लुप्तप्राय सा हो गया।

सूर्य-देवता के रूप में इन्द्र

ऋग्वेद में इन्द्र को सूर्य-देवता के रूप में प्रतिस्थापन करने के लिए अनेकों साक्ष्य उपलब्ध होते हैं। उदाहरणार्थ - वह स्वर्णिम है[3], सप्तरश्मियुक्त[4] एवं

---

1. ऋ0 1.52.5, 5.86.1
2. ऋ0 2.11.19,20, 8.12.16, 10.8.7,8, 99.6
3. ऋ0 1.7 2, 8.61.6
4. "यः सप्तरश्मिर्वृषभस्तुविष्मानवासृजत्सर्तवे सप्त सिन्धून्।
   यो रौहिणमस्फुरद्वज्रबाहुर्द्यामारोहन्तं स जनास इन्द्रः॥"
   ऋ0 2.12.12.

रश्मियों का अधिपति है ।[1] वह सूर्य है[2] एवं सूर्य का सहचर है ।[3] वह सूर्य की रश्मियों को प्रज्वलित करता है ।[4] एक स्थल पर इन्द्र को सविता भी कहा गया है ।[5] इन्द्र स्वयं कहते हैं कि वे मनु एवं सूर्य थे ।[6]

ऋग्वेद के एक मन्त्र में इन्द्र एवं सूर्य का इस प्रकार आह्वान किया गया है मानों दोनों एक ही देवता हैं ।[7] मैक्समूलर का कथन है कि इन्द्र रूपी सूर्य ने अंधकार रूपी वृत्र पर विजय प्राप्त की थी ।[8] हिलेब्राण्ट, तिलक एवं दण्डेकर आदि प्रसिद्ध विद्वान् इन्द्र के स्वरूप के विषय में गम्भीरतापूर्वक विचार करके अपने-अपने मत को प्रतिष्ठित करते हुए कहते हैं कि इन्द्र सूर्य देवता हैं । हिलेब्राण्ट[9] की दृष्टिकोण में इन्द्र के स्वरूप में वृष्टि के तत्वों का इतना अधिक समावेश था, अतएव उन्होंने इस तथ्य का खुलकर विरोध नहीं किया कि इन्द्र वृष्टि-देव नहीं है । अत: मध्यम मार्ग का अनुसरण करते हुए कहते हैं कि प्रथमत: इन्द्र सूर्य थे लेकिन ऋग्वेद में न वह सूर्य हैं न वृष्टि-देव । इन्होंने यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया है कि वृत्र हिम का प्रतीक है । शीत ऋतु में समग्र नदियों का जल जम जाता है और उनकी धाराएँ अवरुद्ध हो जाती हैं । सूर्य इस हिमानी का विनाश कर जल धाराओं को प्रवाहित होने के लिए उन्मुक्त करता है । इन्द्र-वृत्र-युद्ध से यही संकेत मिलता है किन्तु इनका यह मत अन्य विद्वानों को अमान्य है । बी० जी० तिलक[10] ने "आर्कटिक होम इन द वेदाज" नामक पुस्तक में यह प्रतिपादित

---

1. ऋ० 3.31.4
2. ऋ० 10.89.2
3. ऋ० 8.93.4, 10.89.2
4. ऋ० 8.12.9
5. ऋ० 2.30.1
6. ऋ० 4.26.1
7. ऋ० 8.82.4
8. मैक्समूलर : कान्ट्रीब्यूशन टू द साइंस आॅव माइथालॉजी, 1.141-142.
9. हिलेब्राण्ट: वैदिशे मिथोलोगी, तृतीय भाग, 195-197.
10. बी०जी० तिलक : आर्कटिक होम इन द वेदाज, 255.

किया कि इन्द्र सूर्य देवता है जिन्होंने आर्यों के मूल निवासस्थान उत्तरी ध्रुव प्रदेश, जो तमोच्छादक दैत्य के द्वारा छः मास तक अन्धकारयुक्त रहता था उस पर विजय प्राप्त करके उसे अन्धकारमुक्त किया । यह अन्धकार 12 घण्टे का सामान्य अन्धकार नहीं था अपितु यह षट्मासिक अन्धकार था । इन्होंने यह भी संदर्भित किया है कि ऋग्वेद में इन्द्र को वृष्टि-देव कहा गया है किन्तु 'वृत्रहन्' के रूप में नहीं । आर० शर्मा शास्त्री[1] ज्योतिषशास्त्र के आधार पर इन्द्र का समीकरण सूर्य से करते हुए प्रस्तावित करते हैं कि इन्द्र ने सूर्य की भाँति ग्रहण-दैत्य से युद्ध किया । उनके विचार में पौराणिक राहु की भाँति शम्बर भी एक ग्रहण-दैत्य से था । युद्ध का प्रमुख कारण ग्रहण समाप्त करना था । बर्गेन[2] का कथन है कि इन्द्र वास्तव में सूर्य-देवता है । ऋग्वेद[3] के एक मंत्र में वर्णित है कि इन्द्र ने अपाला नामक स्त्री को 'सूर्यत्वर्च्' बनाया । वैदिक अनुष्ठान भी इन्द्र को सूर्य देव सिद्ध करते हैं ।

वैदिक पुराकथाशास्त्र के विकासक्रम में एक ऐसी स्थिति आती है जिसको हम विभिन्न वैदिक देवताओं के सूर्यीकरण की स्थिति से सम्बोधित करते हैं । इस विचार से प्रभावित होकर बहुत से विद्वानों ने इन्द्र को ग्रीष्म-देवता माना है। पी०सी० सेन गुप्त[4] अपने लेख 'वेन द इन्द्र बीकेम मघवन्' में लिखते हैं कि इन्द्र ग्रीष्म अयनान्त के देवता हैं । इन्द्र 'मघ' ।नक्षत्र। पर पहुँचे । इसी कारण इनका नाम 'मघवन्' पड़ा । प्लनकेट[5] इन्द्र को ग्रीष्म अयनान्त का स्वामी मानते हैं । आर०शर्मा शास्त्री[6] इन्द्र को ज्योतिष-शास्त्र के अनुसार सूर्य-देवता मानते हैं ।

---

1. आर० शर्मा शास्त्री : B.C. Law Commn. Vol. I.277.281
2. बर्गेन : ल रिली०वे० 2.193.
3. पी०सी० सेन गुप्त : Journal of the Asiatic Society of Bengal, 4.445
4. प्लनकेट : Indo Iranian Religion, S.K. Halibul:135
5. आर० शर्मा शास्त्री : B.C. Law Comm. Vol. I, 2277-281.

प्रकाश-देवता के रूप में इन्द्र

इन्द्र को प्रकाश-देव निरूपित करने वाले विद्वान् उन लोगों की अपेक्षा जिन्होंने इन्द्र के मूल स्वरूप को सूर्य-देवता की अवधारणा में दर्शित किया है, अधिक प्रगतिशील विचारधारा रखते हैं। ये लोग प्रकाश के सम्पूर्ण स्वरूप को इन्द्र की संज्ञा देते हैं। इस सिद्धान्त को दृष्टिगत करते हुए इन्द्र को अग्नि-देवता भी कहा जा सकता है। बर्गेन[1] के विचार में इन्द्र सूर्य की अपेक्षा अग्नि के अधिक निकट हैं। इन्द्र के दीप्तिमान् स्वरूप ने ही उनको अग्नि देवता के रूप में अभिहित किया है। ऋग्वेद में वर्णित है कि इन्द्र आकाश को प्रकाशमान करते हैं।[2] द्युलोक में नक्षत्रों को प्रतिस्थापित करते हैं और उषा एवं सूर्य के साथ अन्धकार को दूर करते हैं।[3] सूर्य, उषा एवं अग्नि को प्रज्वलित करते हैं।[4] अन्धकार में प्रकाश को प्रसारित करते हैं।[5] वे प्रकाश के उद्गम हैं।[6] वे सूर्य के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं।[7] जो गायें प्रदान की जाती हैं उनको उषा की रश्मि के रूप में मानते हैं। प्रो० फतेहसिंह[8] इन्द्र को प्रकाश एवं ऊर्जा के देवता के रूप में स्वीकार करते हैं। इन्द्र के जन्म को उसकी माँ की इस घटना से ग्रहीत करते हैं जिसने विश्व में प्रथम उषा की प्रथम रश्मि प्रदान किया था। अरविन्द घोष[9] ने अपने लेख "इन्द्र गिवर ऑफ

---

1. बर्गेन : ल रिली० वे०, 2.193,
2. ऋ० 1.62.5
3. ऋ० 1.62.5,
4. "यस्याश्वास: प्रदिशि यस्य गावो यस्य ग्रामा यस्य विश्वे रथास: ।
   य: सूर्य य उषसं जजान यो अपां नेता स जनास: इन्द्र: ॥
   ऋ० 2.12.7
5. ऋ० 3.34.4
6. ऋ० 10.54.4
7. ऋ० 10.3.3
8. प्रो० फतेह सिंह : जर्नल ऑव द बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, 5/1940.
9. अरविन्द घोष : इन्द्र गिवर ऑव लाइट, 1914.

लाइट" में इस सिद्धान्त को अत्यधिक महत्त्व प्रदान किया है । वी०एन० आप्टे[1] व्युत्पत्तिमूलक आधार पर इन्द्र को प्रकाश का देवता मानने को सहर्ष तैयार हैं क्योंकि इन्द्र नाम इन्धृ अथवा इन्द् धातु से निष्पन्न है । इसका तात्पर्य है प्रकाश, ज्योति, तेजस्, ओजस् । डॉ० सूर्यकान्त[2] का कथन है कि इन्द्र प्रकाश का देवता है । इस सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हुए वे इन्द्र के स्वरूप से सम्बंधित तत्वों को 'प्रकाश', 'ज्योति', 'तेजस्' एवं 'ओजस्' नाम से सम्बोधित करते हैं ।

आकाश-देवता के रूप में इन्द्र

कतिपय विद्वान् इन्द्र को आकाश-देवता के रूप में निरूपित करते हैं । चाहे वह प्रकाशमान आकाश के देवता हों अथवा वर्षाकालीन आकाश का अथवा स्वच्छ आकाश का । रॉथ ने इन्द्र को स्वच्छ आकाश का देवता कहा है । इन्द्र शब्द की व्युत्पत्ति इद् एवं इन्धृ जिसका अर्थ है प्रकाशमान वस्तु । इस आधार पर भी उन्होंने स्वच्छ आकाश के देवता के रूप में माना है । परन्तु आगे चलकर इन्द्र की आश्चर्योत्पादक एवं अद्भुत शक्ति से अचम्भित होकर इन्द्र को सार्वभौमिक चरित्र का देवता स्वीकार किया है । मैक्समूलर[3] इन्द्र को प्रकाशमान एवं नील वर्ण का देवता मानते हैं । म्योर[4] महोदय ने भी इस मत का समर्थन किया है । माइरियनथेन[5] उसको 'ध्रुवद्' मानते हैं । लुडविग[6] इन्द्र को आकाश का देवता मानते हैं । ग्रासमान[7] इन्द्र को प्रकाशमान एवं स्वच्छ आकाश का देवता मानते हैं। बेनफे[8] के मतानुसार इन्द्र वर्षाकालीन आकाश का देवता है । इन्द्र को आकाश का

---

1. आप्टे : ज०बॉ०यू० 29/213-218.
2. डॉ० सूर्यकान्त : वैदिक धर्म और दर्शन, भाग 2, भूमिका 13.
3. मैक्समूलर : ले०सा०लै०, 2/470.
4. म्योर : ओ०सं०टे०, 5/77.
5. माइरियनथेन : द अश्विन्, 16.
6. लुडविग : द फिला०अ०, 33.
7. ग्रासमान : Woerter buch zum Rgveda, Sameveda, Indra.
8. बेनफे : Orient Und Occident, 48.

देवता मानने का यह कारण हो सकता है कि उसने आकाश के दैत्यों को उसी प्रकार जीता, यथा-यूनानी 'ज्यूज', इटेलियन 'जूपिटर', और भारतीय 'द्यौस्'। ये तीनों आकाश के देवता हैं ।

लेकिन इन्द्र के जीवन का यह स्वरूप व्याख्याकारों के मध्य में अमान्य रहा क्योंकि वे इन्द्र एवं आकाश के देवता के दो विभिन्न रूप में ऋग्वेद की ऋचाओं में प्राप्त होते हैं । एक स्थल पर यह उल्लेख मिलता है कि इन्द्र के समक्ष द्युलोक एवं पृथिवी लोक झुक गये थे ।[1] रॉथ, पेरी, मैकडोनेल, यास्क एवं उसके पूर्ववर्ती विद्वान् इन्द्र को आकाश का देवता नहीं अपितु मध्यस्थानीय अन्तरिक्ष के देवताओं में प्रथम स्थान प्रदान करते हैं ।[2]

उर्वरापति के रूप में इन्द्र

यह सिद्धान्त वृष्टि देवता एवं सूर्य-देवता से सम्बन्धित है क्योंकि प्रकृति के दोनों तत्व - वृष्टि-जल एवं सूर्य उर्वरा भूमि के लिए परम आवश्यक है । इन्द्र देवता में वृष्टि एवं सूर्य दोनों ही विशिष्टताओं की प्रचुरता है । अतएव शिक्षाविद् इस विचार की ओर आकृष्ट हुए जिससे इन्द्र के मूल स्वरूप की समुचित व्याख्या की जा सके । साक्ष्यों को दृष्टिगत करके उनको 'उर्वरापति' कहा गया है, जिसका तात्पर्य है 'उर्वर भूमि के स्वामी'।[3] वे जुताई से सम्बन्धित हैं एवं पादप तथा अन्न के देवता हैं । वह कोमल प्ररोहों को उत्पादित करते हैं । कृषि भूमि के उपजाऊ होने पर क्षेत्रों को पुष्पित करते हैं । पादपों के जीवनदाता हैं।[4]

---

1. द्यावा चिदस्मै पृथिवी नमेते शुष्माच्चिदस्य पर्वता भयन्ते ।
   य सोमपा निचितो वज्रबाहुर्यो वज्रहस्तः स जनासः इन्द्रः ॥ ऋ0 2. 12. 13
2. तिस्र एव देवता ----- द्यु स्थानः । निरु0 7/5.
3. ऋ0 8/21/3.
4. ऋ0 2/13/6,7, 2/34/10.

अतएव उनका सम्बन्ध हल रेखा व उर्वरता से प्राय: वैदिक ऋषियों द्वारा वर्णित किया गया है । हाप्किन्स[1] ने अपने लेख "इन्द्र ऐज़ गॉड ऑव फरटिलिटी" इस सिद्धान्त को प्रतिपादित करने का भरसक प्रयत्न करते हुए कहते हैं कि 'उर्वरतापति' से हम लोग जो आशायें करते हैं वे उसी के अनुसार अपनी शक्तियों को मानवीय जगत् एवं वानस्पतिक जगत् दोनों में समानरूपेण सन्निहित करते हैं । वे अर्भकों एवं विभिन्न प्रकार के उपजों की उत्पत्ति करते हैं ।

युद्ध-देवता के रूप में इन्द्र

इन्द्र को युद्ध में इतनी अधिक रुचि थी कि उनके जीवन के प्रारम्भिक क्रिया-कलापों को दृष्टिगत करते हुए उनको सुगमता से युद्ध-देवता माना जा सकता है। प्रत्येक स्थान पर हम उनको युद्धरत देखते हैं चाहे द्युलोक हो अथवा अन्तरिक्ष लोक अथवा भूलोक । द्युलोक में उन्होंने देवताओं की ओर से राक्षसीय प्रवृत्ति वालों से युद्ध किया । अन्तरिक्ष लोक में प्राकृतिक एव उदार शक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने ईर्ष्यालु शक्तियों के विरुद्ध युद्ध किया । भूलोक में उन्होंने आर्यों की ओर से दस्युओं एवं पणियों के विरुद्ध युद्ध किया । ऋग्वेदीय ऋषिगण इस तथ्य से सन्तुष्ट थे कि इन्द्र अपने प्रारम्भिक जीवन से ही युद्ध-देवता थे ।

वृत्र संहारक इन्द्र ने जन्म लेते ही धनुष-बाण को धारण किया एवं अपनी

---

1. हाप्किन्स : जर्नल ऑव अमेरिकन ओरियेन्टल सोसाइटी, 36/242-244.

2. ऋ0 8/45/4, 5.

माता से प्रश्न किया कि कौन-कौन उग्रवादी [शत्रु] हैं और उनके नाम क्या हैं ?[1] उनकी माता शवसी ने तत्कालीन उग्रवादियों के नाम गिनाया और साथ ही साथ उसे यह भी बताया कि तुम उन पर विजय नहीं प्राप्त कर सकते किन्तु इन्द्र की माता इनकी शक्ति से भली-भाँति परिचित थीं। उन्होंने यह वाक्य पुत्र-मोहवश कहा था और अपने कनिष्ठ शिशु के विषय में अत्यन्त व्यग्र थीं कि वह अकेले भयंकर वृत्र से कैसे युद्ध कर सकेगा ? किन्तु अन्ततोगत्वा उनका भय निराधार सिद्ध हुआ।[2] ऋग्वेद में उल्लिखित है कि इन्द्र द्वारा विजित राज्यों का वरुण अधिकार, नियमों एवं व्यवस्था की स्थापना करके राज्य-संचालन करते थे।[3]

एच० लूमन[4] का कथन है कि इन्द्र आर्यों के युद्ध-देवता थे। एच० डी० ग्रिसवोल्ड[5], बर्गेन[6] एवं श्रोडर[7] ने भी कतिपय स्थलों पर इन्द्र को युद्ध-देवता की संज्ञा दी है। मैक्डोनेल, कीथ आदि पाश्चात्य विद्वान् इन्द्र को प्रथमत: वृष्टि-देव अन्तत: युद्ध-देवता मानते हैं। मैक्डोनेल का कथन है इन्द्रयुद्ध के देवता के रूप में आर्यों को भारतीय आदिवासियों पर विजय प्राप्त करने में सहायता प्रदान करते हैं। पीगॉट[8] ने इन्द्र को आर्यों के युद्ध-नेता के रूप में स्वीकार किया है। एम०ए० शर्टरी[9] ने इन्द्र को पर्सिया [फारस] रुस्तम का स्वरूप माना है। इन्द्र देवता के मूल स्वरूप को युद्ध-देवता एवं विजेता के रूप में निर्धारित करने के लिए के०चट्टोपाध्याय[10] अवेस्ता एवं पुराकथाशास्त्र को संदर्भित करते हैं। अवेस्ता में

---

1. आ बुन्दं वृत्रहा ददे जात: पृच्छद्वि मातरम् ।
   क उग्रा: के ह श्रृण्विरे ॥ ऋ० 8/45/4.

   पति त्वा शवसी वदद्गिरावप्सो न योधिषत् ।
   यस्ते शत्रुत्वमाचके ॥ ऋ०, 8/45/5.

2. ऋ० 8/77/1-3. 3. ऋ० 7/83/9, 85/3.

4. एच० लूमन : 'Der Arische Kriegegatt.

5. एच०डी० गिसवोल्ड : रिलीजन ऑव द ऋग्वेद, 177. 6. बर्गेन:ल रिली वे०17.

7. श्रोडर : Heraklas Und Indra, Wion. 1914.

8. पीगॉट : प्रीहिस्टॉरिकल इन्द्र, 260. 9. एम०ए०शर्टरी:Proc. III, AIOC., 109-112.

10. के०चट्टोपाध्याय : Proc. IV. AIOC., 11-14.

वर्णित वेरेथ्रघ्न जो इन्द्र के स्थान पर 'अन्द्र' से अधिक उचित जान पड़ते हैं और जिनका वृष्टि से कोई विशेष सम्बन्ध नहीं है, वे युद्ध एवं विजय के देवता जान पड़ते हैं। इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि इन्द्र का युद्ध एवं विजय पक्ष उसके वृष्टिदायक पक्ष से अधिक मौलिक है और इसीलिए पूर्वऋग्वैदिक इन्द्र को युद्ध और विजय का देवता कहा जा सकता है। इन्द्र इस क्षेत्र में अपनी ओजस्विता को प्रकट करते हैं। ऋग्वेद में इन्द्र की युद्धप्रियता एवं विजेता के रूप में क्रियाशीलता उसके पूर्ण मायावी रूप को प्रदर्शित करती है।

ख. मानवीय स्वरूप

इन्द्र का मानवीय स्वरूप अन्य देवताओं की अपेक्षा अधिक जीवन्त रूप में वर्णित है। इनके भौतिक तत्त्व कवि-कल्पित मानवाकृति को अभिभूत नहीं कर पाये हैं। फलतः इनके विषय में अनेकों आख्यानों का उल्लेख मिलता है। इन आख्यानों को इनके सामान्य नैसर्गिक स्वरूप से सम्बन्ध करना अनुचित एवं निरर्थक है।

यह मध्यस्थानीय (अन्तरिक्ष स्थानीय) प्रमुख देव हैं।[1] निघण्टु में इनकी गणना अन्तरिक्ष-देवों के अन्तर्गत होती है।[2]

ऋग्वेद में इन्द्र के अनेक मानवीय गुणों का वर्णन दृष्टिगोचर होता है।

---

1. "अमीषवन्वन्त्स्वभिष्टिमूतयो न्तरिक्षप्रां तविषीभिरावृतम् ।
   इन्द्रं दक्षास ऋभवो मदच्युतं शतक्रतुं जवनी सूनृतारुहत् ॥
   ऋ0 1/52/2.

2. निघ0 5/4.

इन्द्र के तनु, मूर्धा, हस्त, भुजाएं एवं एक प्रभूत उदर है, जिसे वे सोमरस से पूरित कर लेते हैं, फलत: इसकी तुलना ह्रद से की गयी है ।[1] उनके शिप्र का प्राय: वर्णन मिलता है । उनके श्मश्रु एवं मूछें भी हैं । उन्हें हरिकेश[2] एवं हरिश्मश्र कहा गया है ।[3] विशाल एवं सशक्त बाहु से युक्त होने एवं नित्य वज्रधारक होने के कारण इन्हें 'वज्रबाहु' की उपाधि से विभूषित किया गया है ।[4] उनका वर्ण हरित एवं कभी-कभी 'हिरण्यवर्ण' बताया गया है ।[5]

सामान्यरूपेण सभी देवता सोमाभिप्सित हैं किन्तु इन्द्र सोमरस के सर्वप्रथम व्यसनी हैं । सोम इन्द्र का प्रिय पेय है ।[6] माध्यन्दिन सवन में वह अकेले सोम पान करते हैं । वृत्र-वध जैसे दुष्कर एवं महान् कार्य करने का सामर्थ्य एवं उत्साह उन्हें सोमपान से ही प्राप्त होता है । इन्द्र को सोमरस के तीन ह्रदों का पान-कर्ता के रूप में भी वर्णित किया गया है ।[7] एक बार इन्द्र ने त्वष्टा के सोम की

---

1. "ह्रदा इव कुक्षय: सोमधाना: समी दिव्याच सवना पुरूणि ।
   अन्ना यदिन्द्र: प्रथमा व्याश वृत्रं जघन्वाँ अवृणीत सोमम् ॥" ऋ0 3/36/8.
2. "त्वंत्वमहर्यथा उपस्तुत: पूर्वेभिरिन्द्र हरिकेश यज्वभि: ।
   त्वं हर्यसि तव विश्वमुक्थ्य व मसामि राधो हरिजात हर्यतम्॥ ऋ010/96/5.

   "हरिश्मशारुर्हरिकेश आयसस्तुरस्पेये यो हरिपा अवर्धत ।
   अर्वद्भिर्यो हरिभिर्वाजिनीवसुरति विश्वा दुरिता पारिषद्धरी॥
   ऋ0 10/96.8.
3. ऋ0 10/23/4.
4. ऋ0 2/12/12.
5. "इन्द्रो वज्री हिरण्यय: ।" ऋ0 1/7/2.
6. "स्वयं चित् स मन्यते दाशुरिर्जनो यत्रा सोमस्य तृम्पसि ।
   इदं ते अन्नं युज्यं समुक्षितं तस्येहि प्र द्रवा पिब ॥" ऋ0 8/4/12.
7. ऋ0 8/66/4.

चोरी कर ली थी ।[1] सोम के प्रभाव से वह आत्म-श्लाघा करते हुए असम्भव कार्यों को करने में अभिरुचि रखते हैं ।[2] उन्होंने उत्पन्न होते ही सोमपान प्रारम्भ कर दिया था ।[3] भैंसे उनकी प्रिय भोजन-सामग्री के रूप में वर्णित हैं । कभी एक भैंस का, कभी बीस अथवा कभी सौ भैंसों का अथवा अग्नि द्वारा पकाये गये तीन सौ भैंसों को इन्द्र द्वारा डकार जाने का उल्लेख है ।[4] वह मधुमिश्रित दुग्ध[5] एवं यव मिश्रित सोम[6] का पान करते थे ।

इन्द्र का प्रमुख अस्त्र वज्र है तडित् एवं विद्युत्गर्जन का प्रतीक माना गया है । इन्द्र का वज्र त्वष्टा द्वारा निर्मित करने का उल्लेख मिलता है ।[7] किन्तु यह भी उल्लेख मिलता है कि इसको काव्य-उशना ने निर्मित करके इन्द्र को प्रदान किया था ।[8] कभी-कभी इसे हिरण्यमय[9], हरित[10] अथवा उज्ज्वल[11] भी कहा गया है । प्राय: इसे आयस अथवा धातु निर्मित बताया गया है ।[12] यह वज्र

---

1. "उग्रस्तुराषाळभिभूत्योजा यथायशं तन्वं चक्र एष: ।
   त्वष्टारमिन्द्रो जनुषाभिभूया मुष्या सोममपिबच्चमूषु ॥" ऋ0 3/48/4.
2. ऋ0 10/119.
3. ऋ0 3/32/10.
4. "सखा सख्ये अपचत् तूयमग्निरस्य क्रत्वा महिषा त्री शतानि ।
   त्री साकमिन्द्रो मनुष: सरांसि सुतं पिबद् वृत्रहत्याय सोमम् ॥" ऋ0 5/29.7
5. ऋ0 8/4/8
6. ऋ0 2/22/1.
7. "त्वष्टास्मै वज्रं स्वर्यं ततक्ष ।" ऋ0 1/32/2.
8. "यं ते काव्य उशना मन्दिनं दाद् वृत्रहणं पार्यं ततक्ष वज्रम् ।" ऋ0 1/121/12.
   . "सवस्रभृष्टिरुशना वधं यमत् ।" ऋ0 5/34/2.
9. ऋ0 1/57/2
10. ऋ0 3/44/4, 10/93/3.
11. ऋ0 3/44/5.
12. ऋ0 1/52/8.

चतुष्कोणीय[1], शतकोणीय[2], सहस्रभृष्टि[3] एवं शतपर्वयुक्त[4] है । उनके अन्य शास्त्रास्त्रों में धनुष-बाण[5] एवं अंकुश[6] आदि भी हैं । ये अपने अंकुश द्वारा विजित असीम धन को याचकों को दान में दे देते थे ।

इन्द्र का वाहन स्वर्णिम[7] रथ है जिसकी गति मनस से भी तीव्र है ।[8] इनका रथ अश्वद्वय द्वारा खींचा जाता है ।[9] कुछ स्थलों पर इनकी संख्या दो से लेकर शत, सहस्र अथवा ग्यारह शत तक बतायी गयी है ।[10] अश्वों की यह संख्या इनकी अत्यधिक उत्कृष्टता दर्शित करने के कारण ऋषियों द्वारा वर्णित की गयी है। ये अश्व 'सूर्य-चक्षस: '[11] हैं । ये अपने जबड़ों को चपचापाते हैं एवं सामान्य अश्वों से भिन्न हिंकार करते हैं ।[12] इनके केश मयूर-पृच्छ सदृश हैं ।[13] ये अश्व स्तुतिके द्वारा ही योजित होते हैं ।[14] जिसका नि:सन्देह तात्पर्य है कि स्तवन द्वारा ही इन्द्र यज्ञ-स्थल पर आगमन करते हैं ।[15] रथ पर आसीन वायु उनके मित्र हैं ।[16]

---

1. ऋ0 4/22/2.
2. ऋ0 4/17/10.
3. ऋ0 1/80/12, 1/85/9
4. ऋ0 8/6/6.
5. ऋ0 8/45/4, 66/9, 11, 10/103/2, 3.
6. ऋ0 6/82/3, 8/17/10
7. ऋ0 6/29/2.
8. ऋ0 10/112/2.
9. ऋ0 2/18/1-6.
10. ऋ0 2/18/4, 5, 6, 4/46/3, 6/47/10, 8/1/9, 24.
11. ऋ0 1/16/1.
12. "शश्वदिन्द्र:पोप्रुथद्भिर्जिगाय नानदद्भि: शाश्वसद्भिर्धनानि ।
   स नो हिरण्यरथं दंसनावान् त्स न: सनिता सनये स नोऽदात् ॥
   ऋ0 1/30/16.
13. ऋ0 3/45/1, 8/1/25
14. ऋ0 8/62/6.
15. "हरी नु कं रथ इन्द्रस्य योजमायै सूक्तेन वचसा नवेन ।
   मो षु त्वामत्र बहवो हि विप्रा नि रीरमन् यजमानासो अन्ये ॥"
   ऋ0 2/18/3.
16. "या वां शतं नियुतो या: सहस्रमिन्द्रवायू विश्ववारा: सचन्ते ।
   आभिर्यातं सुविदत्राभिरर्वाक् पातं नरा प्रतिभृतस्य मध्व: ॥
   ऋ0 7/91/6.

महामानवों की भाँति इन्द्र का जन्म भी एक अद्भुत घटना है । दो सम्पूर्ण सूक्तों में उनके जन्म के विवरण का उल्लेख मिलता है ।[1] उनकी इच्छा थी कि वे माता के पार्श्वभाग से अप्राकृतिक रूप से जनित हों ।[2] इसे मेघों के मध्य चमकती हुई विद्युत् माना जा सकता है अथवा अनोखे ढंग से हुई उत्पत्ति।[3]

जिस प्रकार ऋग्वेद के काल में भारतीय युद्धप्रिय एवं कलहप्रिय थे, उसी प्रकार इन्द्र भी एक साहसी योद्धा एवं आश्चर्योत्पादक कर्त्ता के रूप में बहुशः उल्लिखित है । इन्द्र शक्तिसम्पन्न[4], शत्रुरहित एवं विजेता के रूप में उत्पन्न हुए हैं । उत्पन्न होते ही अजेय योद्धा बन गये[5] एवं जन्म से ही दुर्जेय हैं ।[6] सभी देवता भयभीत हो गये[7] एवं देवताओं को अपने आश्चर्योत्पादक एवं महान् कार्यों के द्वारा इन्द्र ने इन्हें अभिभूत कर दिया ।[8]

---

1. ऋ0 3/48, 4/18.
2. "नाहमतो निरया दुर्गहैतत् तिरश्चता पार्श्वान्निर्गमाणि ।
   बहूनि मे अकृता कर्त्वानि युध्यै त्वेन सं त्वेन पृच्छै ॥"
   ऋ0 4/18/2.
3. मैक्डोनेल, वे0मा0, पृ0 56, ओल्डेनबर्ग : रिलि0 देस वेद पृ0 132, हिलेब्राण्ट वै0मि0 III. 409
4. ऋ0 10/153/2.
5. ऋ0 3/51/8, 5/30/5, 8/45/4, 66/1, 10/113/4.
6. ऋ0 1/102/8, 10/133/2.
7. ऋ0 5/30/5.
8. ऋ0 2/12/1.

ऋग्वेद[1] में 'द्यौस्' को इन्द्र का पिता बताया गया है। एक स्थल पर इन्द्र की माता को 'गृष्टि' अथवा 'गौ' बताया गया है।[2] अतः इन्हें 'गाष्टेय' कहा गया है।[3] एक स्थल[4] पर इनकी माता को 'निष्टिग्री' कहा गया है, जिसे सायणाचार्य ने अदिति का तादात्म्य रूप बताया है एवं दो बार शवसी[5] कहा गया है। इन्द्र के यमज भ्राता अग्नि हैं। पूषा को भी उनका भ्राता बताया गया है। उनकी पत्नी इन्द्राणी[6], पिशेल के मतानुसार 'शची' हैं किन्तु मैक्डोनेल के अनुसार शची का अर्थ शक्ति है क्योंकि यह ऋग्वेद में बहुधा बहुवचन में प्रयुक्त हुआ है। इन्द्र को शक्तिशाली होने के कारण ही 'शचीपति' कहा गया है। ये देवतागण जिनके साथ इन्द्र की संयुक्त रूप से स्तुति की गयी है, निम्न हैं :- अग्नि, सोम, वरुण, पूषन्, बृहस्पति, पर्वत, कुत्स, विष्णु, वायु आदि। उनके परमप्रिय मित्र एवं सहायक मरुद्गण हैं।[7]

---

1. "सुवीरस्ते जनिता मन्यत द्यौरिन्द्रस्य कर्ता स्वपस्तमो भूत्।
   य ईं जजान स्वर्यं सुवज्रमनपच्युतं सदसो न भूम ॥" ऋ० 4/17/4.
2. "गृष्टिः ससव स्थविरं तवागामनाधृष्यं वृषभं तुम्रमिन्द्रम्।
   अरीळ्हं वत्सं चरथाय माता स्वयं गातुं तन्व इच्छमानम् ॥ ऋ० 4/18/10.
3. ऋ० 10/111/2.
4. "कमून्नरः कपृथमुद्धातन चोदयत खुदत वाजसातये।
   निष्टिग्र्यः पुत्रमा च्यावयोतय इन्द्रं सबाध इह सोमपीतये॥ ऋ० 10/101/12.
5. ऋ० 8/45/5, 77/2.
6. ऋ० 1/22/12, 2/32/8, 10/86/9, 10, 11 आदि।
7. "अथैतानीन्द्रभक्तीनि। अन्तरिक्षलोकः। माध्यंदिनं सवनम्। ---------
   अथास्य संस्तविका देवाः। अग्निः। सोमः। वरुणः। पूषा। बृहस्पतिः
   ब्रह्मणस्पतिः। पर्वतः। कुत्सः। विष्णुः। वायुः ----------------।"
   निघं० 7/10.

इन्द्र लोकाधिपति एवं विश्वपालक हैं। इन्द्र का प्रमुख शत्रु वृत्र था, जो दुर्भिक्ष-पति था। यह राक्षस जल को सर्वत: आवृत्त करके अथवा अन्तरिक्ष का आच्छादन करके जलों अथवा जलवृष्टि को अवरुद्ध कर देता था। इन्द्र ने इस वृष्ट्याच्छादक दैत्य के मर्मांगों पर वज्र से प्रहार करके[1] उसका वध कर दिया।[2] वध के पश्चात् वृष्टि होने लगती है एवं सरिताओं का जल स्वत: स्वच्छन्द रूप से प्रवाहित होने लगता है।[3] कतिपय विद्वान् इन्द्र-वृत्र-युद्ध को ऐतिहासिक घटना मानते हैं किन्तु यास्क इस युद्ध को एक मन्त्र में व्याख्यापित करते हैं - मेघस्थ जल के साथ विद्युत् का योग होने से वृष्टि होती है। यह जगत् में सदैव होने वाली वृष्टि है। अत: यह घटना ऐतिहासिक नहीं बल्कि औपमिक है।[4] जब इन्द्र वज्र से वृत्र पर प्रहार करते हैं तो आकाश एवं पृथिवी भय से प्रकम्पित हो उठते हैं।[5] स्वयं वज्रनिर्माता त्वष्टा भी इन्द्र के क्रोध से कम्पित होने लगते हैं।[6] इन्द्र अपने वज्र से वृत्र को छिन्न-भिन्न कर देते हैं।[7] इन्द्र पर्वतों का भेदन करके जलधाराओं को प्रवाहित करते हैं अथवा गायों को मुक्त करते हैं[8]जो मेघ रूपी पर्वतों की गुफाओं में निरुद्ध थीं।[9] ऋग्वेद में अनेक स्थलों पर पर्वतों में असुरों द्वारा निरुद्ध गायों

---

1. ऋ0 1/80/5; 3/32/4.
2. ऋ0 2/11/5, 4/19/2, 6/20/2.
3. ऋ0 1/57/6, 85/9;

"स सप्तरश्मिर्वृषभस्तुविष्मानवासृजत् सर्तवे सप्त सिन्धून्।
यो रौहिणमस्फुरद् वज्रबाहुर्द्यामारोहन्तं स जनास इन्द्र:॥ ऋ0 2/12/12.

4. निरु0 2/16.
5. ऋ0 1/180/11; 2/11/9. 6/17/9.
6. ऋ0 1/80/14.
7. ऋ0 1/32/5, 61/10, 10/89/7.
8. ऋ0 1/57/9, 10/89/7.

9. "यस्य गा अन्तरश्मनो मदे दृळ्हा अवासृज:।
अयं स सोम इन्द्र ते सुत: पिब॥" ऋ0 6/43/3.

का इन्द्र के द्वारा विमुक्त किये जाने का उल्लेख मिलता है ।[1] 'गौ' शब्द निरुक्त[2] में 'किरणों' का वाची है । एक स्थल पर इन्द्र के उत्पन्न होने पर गायों के गर्जन का भी उल्लेख मिलता है ।[3] ऋग्वेद में इन्द्र को एक साथ प्रकाश एवं जल-प्रापक के रूप में वर्णित किया गया है ।[4] गायों के गर्जन का तात्पर्य मेघों के गर्जन से लगाया जा सकता है । वृत्र-वध करने के अनन्तर इन्द्र ने रँभाती हुई गायों की भाँति जल-धाराओं को समुद्र की ओर जाने के लिए उन्मुक्त कर दिया।[5] उन्होंने रश्मियों [गायों] एवं सोम को जीता एवं सप्त-सिन्धुओं को प्रवाहित किया ।[6] उन्होंने बन्दी जलों[7] एवं अवरुद्ध जल-धाराओं को मुक्त किया ।[8] जल-धाराओं के प्रवाहित होने के लिए अपने वज्र से पथों को निर्मित किया ।[9] बाढ़ के जल को समुद्र में बहाया ।[10] ऋग्वेद में वृत्र-वध के साथ ही अवरुद्ध जलों को मुक्त करके प्रवाहित करने का संदर्भ अनेकधा उल्लिखित हैं । एक सम्पूर्ण सूक्त[11] में आद्योपान्त इस पुराकथा के विभिन्न परिवर्तनों का उल्लेख है तथा अनेकों बार रँभाती हुई गायों की तुलना जल से की गयी है

---

1. ऋ0 6/17/5; 8/45/3, 10/112/8 आदि ।
2. "सर्वे पि रश्मयो गाव उच्यन्ते ।" निरु0 2/5.
3. ऋ0 8/59/4.
4. ऋ0 3/34/8.
5. ऋ0 1/32/2.
7. ऋ0 1/57/9, 103/2.
6. ऋ0 1/32/12, 2/12/12.
8. "सृजो महीरिन्द्र या अपिन्व: परिष्ठिता अहिना शूर पूर्वी: ।
   अमर्त्यं चिद् दासं मन्यमान मवाभिनदुक्थैर्वावृधान: ।। ऋ0 2/11/2.
9. ऋ0 2/15/9.
10. "स माहिन इन्द्रो अर्णो अपां प्रैरयदहिहाच्छा समुद्रम् ।
    अजनयत् सूर्यं विदद् गा अक्तुनाह्ना वयुनानि साधत् ।।" ऋ0 2/19/3
11. ऋ0 1/80.

इन्द्र ने वृत्र के अतिरिक्त शंकर, शुष्ण, नमुचि, व्यंश, भेद, इलीबिश, पिपु, धुमुरि, धुनि, वल, उरण, अर्बुद, रौहिण एवं विश्वरूप आदि अन्य अनेक असुरों का भी वध किया । पर्वतों में रहकर इन्द्र को उत्पीड़ित करने वाले शम्बर को चालीसवें शरद (वर्ष) में[1] और बी० जी० तिलक के अनुसार शरद् ऋतु की चालीसवीं तिथि को खोज निकाला एवं उसका वध कर दिया । इन्होंने नमुचि का वध जल के फेन द्वारा किया था ।[2] इन्द्र ने रोहिण पुत्र राहु[3] का एवं दानु-पुत्र अहि का वध किया ।[4] शम्बर आदि असुरों के नब्बे, निन्यानबे या सौ दुर्ग हैं ।[5] ये सभी गढ़ गतिशील[6] तथा पाषाण-निर्मित[7] एवं धातुनिर्मित[8] थे जिनको इन्द्र ने विध्वंस किया था । इन्द्र ने चलायमान पर्वतों को अचल एवं कम्पित पृथिवी को स्थिर किया ।[9] ऋग्वेद में एक स्थल पर पर्वतों के पंख होने का उल्लेख मिलता है ।[10] इन्द्र को पर्वतों का पंख काटने वाला कहा गया है । अनुवर्ती संहिताओं में भी इसका उल्लेख मिलता है । इन्द्र द्यावापृथिवी के जनक एवं अधिपति हैं ।[11] वे आर्यों एवं पूजकों के रक्षक एवं कृष्ण-वर्णों (दस्यु जातियों) के हिंसक हैं ।[12] ऋग्वेद के एक सम्पूर्ण सूक्त[13] में

---

1. ऋ० 2/12/11.
2. "अपां फेनेन नमुचे: शिर इन्द्रोदवर्तय: ------ ।" ऋ० 8/14/13.
3. ऋ० 2/12/12
4. ऋ० 2/12/11
5. ऋ० 2/14/9, 19/9, 8/17/14, 87/9.
6. ऋ० 8/1/28.
7. ऋ० 4/30/20.
8. ऋ० 2/20/8.
9. "य: पृथिवीं व्यथमानामदृंहद् य: पर्वतान् प्रकुपिताँ अरम्णात् ।
ऋ० 2/12/2.
10. "यथा यथा पतयन्तो वियेमिर ------- ।" वही, 4/54/5.
11. ऋ० 6/47/4, 8/36/7
12. ऋ० 1/130/8.
13. ऋ० 10/100.

सरमा-पणि की कथा का उल्लेख है । पणियों ने इन्द्र की गायों का अपहरण कर लिया था । इन्द्र ने सरमा नामक शुनी को उनका पता लगाने के लिए नियुक्त किया पर वह कृतघ्नी पणियों से मिल जाती है । इसके पश्चात् इन्द्र स्वयं पणियों का पता लगाकर उनका हनन करते हैं ।[1]

कतिपय स्थलों पर उनकी अदम्य शक्ति एवं अपने सहायकों एवं सहचरों को दी जाने वाली सहायता का उल्लेख मिलता है । उसे तुर्वसु एवं यदु जैसे ऐतिहासिक राजाओं का मान-मर्दन करने वाला भी कहा गया है तथा उसने राजा सुदास् की सहायता के लिए 'भेद' को, कुत्स के लिए 'शुष्ण' को तथा अतिथिग्व या दिवोदास एवं ऋजिश्वन् के लिए शम्बर को परास्त किया था ।

ऋग्वेद में इन्द्र को सोमपान करने के कारण 'सोमपा', जलों के विजेता होने के कारण 'अप्सुजित्', दैत्यों के पुरों को नष्ट करने के कारण 'पुरभिद् या पुर्भिद्', मरुत्गण इन्द्र के सहायक एवं सहचर होने के कारण 'मरुत्वान्', मरुत्वत्', सैकड़ों कर्म करने एवं प्रज्ञा के स्वामी होने के कारण 'शतक्रतु', शक्तिसम्पन्न होने के कारण 'शचीपति', वृत्र को मारने के कारण 'वृत्रहन्' या 'वृत्रहा', वज्रधारक होनेके कारण 'वज्रिन्', 'वज्रहस्त', 'वज्रबाहु', 'वज्रभृत्' एवं 'वज्रिवत्' धनवान् एवं उदारता के कारण 'मघवन्', सुकपोल वाला अथवा सुन्दर अधरों वाला अथवा सुन्दर जबड़ों वाला होने के कारण 'सुशिप्र' या 'शिप्री', गायों को मुक्त करने के कारण 'गोजित्' तथा गोत्रभिद्' सज्जनों के पति होने के कारण 'सत्पति', बहुत बार आह्वान किये जाने के कारण 'पुरुहूत' आदि उपाधियों से अनुभूषित हैं ।

---

1. "अयमुशानः पर्यद्रिमुस्रा ऋतधीतिभिर्ऋतयुग्युजानः ।
रुजदरुग्णं वि वलस्य सानुं पणींर्वचोभिरभि योधदिन्द्रः ।।"

ऋ० 6/39/2.

अतएव इन्द्र प्रथमत: वृष्टि-देवता तथा अन्तत: युद्ध-देवता थे एवं शौर्ययुक्त, शक्तिसम्पन्न, उदार, स्तोताओं के विरोधियों के मान-भंगक, विपत्तियों में सदैव सहायक, बहुमुखी प्रतिभा-सम्पन्न एवं युद्ध-कुशल होने के कारण राष्ट्रीय देवता थे ।

3. अन्य देवता तथा इन्द्र

ऋग्वेद में इन्द्र की स्तुति अन्य देवताओं के साथ हुई है, जिनमें प्रमुख देव निम्नांकित हैं :-

मरुद्गण, वरुण, विष्णु, अग्नि, बृहस्पति, सोम, वायु एवं पूषन् आदि ।

मरुद्गण वृष्टि-देवता इन्द्र के अनुचर एवं सहायक हैं[1] जो वृत्र-वध जैसे महान् संकट में भी इन्द्र का साथ नहीं छोड़ते हैं किन्तु एक बार वे भी उनका साथ छोड़ते हुए वर्णित किये गये हैं । इन्द्र के गुणों का कीर्तन करके एवं गानादि के द्वारा वे इन्द्र के उत्साह एवं शक्ति का वर्द्धन करते हैं । इन्द्र जो भी पराक्रम के कार्य करते हैं उन सब में मरुतों का सहयोग अवश्य रहता है ।[3] एक स्थल पर मरुद्गण अपने को इन्द्र का भाई बताते हुए उससे अपने को न मारने की प्रार्थना करते हैं ।[4] मरुद्गण के दर्शनमात्र से ही इन्द्र का बोध हो जाना स्वाभाविक-सा है ।[5]

---

1. ऋ0 3/35/9.
2. ऋ0 1/165/11
3. ऋ0 1/102/1.
4. "किं न इन्द्र जिघांससि भ्रातरो मरुतस्तव ।
   तेभि: कल्पस्व साधुया मा न: समरणे वधी: ॥"
   ऋ0 1/170/2.
5. ऋ0 8/62.

इन्द्र को छोड़कर वरुण अन्य सभी देवों में महान् हैं । ये दोनों देव युग्म देवता के रूप में ऋग्वेद के सूक्त [4/41,42; 6/68, 7/82, 8/11] में आये हैं । इन सूक्तों में दोनों देवताओं को यज्ञ में आगमन हेतु आह्वान एवं शत्रुओं के वधके लिए प्रार्थना किया गया है । सोमपान करने के लिए दोनों देवताओं को आमंत्रित किया गया है । जब इन्द्र विजय करता हुआ आगे बढ़ता था तो वरुण विजितक्षेत्रों में नियमों एवं व्यवस्था की स्थापना करता था । ऋषि दयानन्द का कथन है कि इन्द्र के इस रूप की यह कल्पना धार्मिक जगत् की आलंकारिक कल्पना है । इन्द्र प्राण है और वरुण इन्द्रियाँ हैं ।

इन्द्र के परममित्र विष्णु भी थे । वृत्र-हनन एवं दैत्यों को नष्ट करने में अनेकों बार ये इन्द्र के सहयोगी बनते हैं । इस तथ्य के स्पष्टीकरण हेतु वे एक सम्पूर्ण सूक्त[6/69] दोनों देवताओं के लिए संवलित रूप से कहा गया है । विष्णु के निमित्त कहे गये सूक्तों में इन्द्र ही एक ऐसे देवता हैं जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से यदा-कदा उपस्थित होते हैं ।[1] विष्णु ने अपने तीन पदों का क्रमण इन्द्र की शक्ति के द्वारा किया था ।[2] वृत्र-हनन के पूर्व इन्द्र कहते हैं कि हे सखा विष्णु ! लम्बे लम्बे डग धरो ।[3] इन्द्र एवं विष्णु सोमपान करते हैं ।[4] विष्णु के साथ इन्द्र ने भी वृत्र-हनन एवं शम्बर के दुर्गों को विध्वंस किया ।

इन्द्र युग्म-देवता के रूप में अन्य देवताओं की अपेक्षा अग्नि के साथ बहुधा आये हैं ।[5] इन्द्र ने दो पाषाणों के मध्य से अग्नि उत्पन्न की[6] एवं अग्नि को जलों में निगूढ़ रखा ।[7]

---

1. ऋ० 1/155/1,2; 7/99/4-6.
2. ऋ० 8/12/27
3. ऋ० 4/18/11
4. ऋ० 8/3/8, 8/12/16
5. ऋ० 3/12, 5/86, 6/59, 8/38, 7/93, 8/40.
6. ऋ० 2/12/3
7. ऋ० 10/32/6.

इन्द्र एवं बृहस्पति के दो युगल सूक्त ऋग्वेद (4/49, 7/97) में आये हैं जिनमें दोनों को एक साथ सोम पान करने के लिए आमन्त्रित किया गया है एवं गायों, अश्वों एवं ऐश्वर्य के लिए याचना भी की गयी है । ये दोनों देव स्तुति एवं अन्नपति हैं ।[1] शत्रुओं से रक्षा एवं प्रचुर मात्रा में धन प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गयी है ।[2]

इन्द्र एवं सोम की युग्म-रूप में ऋग्वेद के सूक्त (10/89) में उल्लेख है। सोम मादक वनस्पति में सदैव उभरा रहता है । इन दोनों दयालु देवों का सहज कर्म था - शत्रुओं को ध्वस्त करना, अद्रि में निगूढ़ वस्तु को अनावृत करना, अन्धकार अपसारित करना, सूर्य एवं प्रकाश को प्राप्त करना एवं द्युलोक का स्कम्भन तथा पृथिवी को प्रथित करना ।

इन्द्र की वायु देवता के साथ युग्म-देवता के रूप में स्तुति मिलती है । एक स्थल पर दोनों को सोमपान करने के लिए आह्वान किया गया है ।[3] वे सहस्रचक्षु एवं धियस्पति हैं ।[4] वे स्तोताओं को अश्व, गाय आदि पशुधन एवं स्वर्ण इत्यादि प्रदान करते हैं ।[5]

इन्द्र एवं पूषन् का एक साथ आह्वान ऋग्वेद के सूक्त (6/57) में वर्णित है। जब इन्द्र ने जलों को प्रवाहित किया तब पूषन् कन्धा से कन्धा मिलाकर चल रहे थे। वृत्र-संहार में इन्द्र पूषन् की सहायता लेते हैं ।[6] एक स्थल पर इन्द्र एवं पूषन् के आवास का उल्लेख मिलता है ।[7]

---

1. ऋ0 7/97/3.
2. ऋ0 7/97/9-10
3. ऋ0 1/23/1
4. ऋ0 1/23/3.
5. ऋ0 7/90/6.
6. ऋ0 6/56/2.
7. ऋ0 1/162/2.

परवर्ती साहित्य में इन्द्र

क. यजुर्वेद में इन्द्र

यजुर्वेद में इन्द्र के स्वरूप का वर्णन याज्ञिक दृष्टिकोण से किया गया है। इनके स्वरूप में जो कुछ परिवर्तन एवं रूपान्तर है वे उनके आवश्यक स्वभाव के अनुरूप एवं तात्कालिक वातावरण के अनुकूल है।

यजुर्वेद में इन्द्र के नैसर्गिक पक्ष की उपेक्षा याज्ञिक पक्ष का सविस्तार वर्णन उपलब्ध होता है। इसमें न केवल उनको वैयक्तिक देवता के रूप में उनके यौद्धिक शक्ति का दिग्दर्शन ही कराया गया है अपितु एक या दो बार सूर्य की संज्ञा दी गयी है अथवा सूर्य से तादात्म्य स्थापित किया गया है[1] और कभी-कभी सामयिक वृष्टि करने हेतु एवं धनधान्य की वृद्धि हेतु स्तुति की गयी है।[2]

इन्द्र के महत्व का मूल आधार उनकी सामरिक शक्ति थी। पुरोहितों को अपने यज्ञीय कार्य पद्धति में आने वाली पैशाचिक एवं अन्य बाधाओं को दूर करने के लिए एक शक्ति एवं शौर्यसम्पन्न युद्ध-देवता की नितान्त आवश्यकता थी। इन्द्र इस कार्य को सम्पन्न करने में सक्षम थे।[3] अतएव यज्ञ वेदी एवं सोम की रक्षा हेतु उनकी स्तुति की गयी है। इन्द्र ने समय-समय पर अपने शौर्य एवं शक्ति को उनकी रक्षा हेतु समर्पित किया। वे मरुत् के सखा, यजमान के रक्षक, वृष्टिकारक, धनधान्यवर्द्धक,

---

1. "यदद्य कच्च वृत्रहन्नुदगा अभि सूर्य्य। सर्व तदिन्द्र ते वशे ॥" यजु0 33/35.

2. यजु0 7/40.

3. "विराडसि दक्षिणा दिगुद्रास्ते देवा अधिपतय इन्द्रो हेतीनां प्रतिधर्ता प चदशस्त्वा स्तोमः पृथिव्यां श्रयतु ------- स्वर्गे लोके यजमानं च सादयन्तु ॥"
यजु0 15/11.

प्रमादरहित, बलदाता एवं वज्री हैं ।[1] वे बल, पराक्रम तथा धन के धाता हैं ।[2]

यजुर्वेद में इन्द्र-वृत्र युद्ध का वर्णन उपलब्ध है एवं अन्य युद्धों का वर्णन कल्पनातीत है । इन्द्र ने वज्र से[3] उषा के पूर्व वृत्र का वध किया और इस कार्य में 33 देवता उनके सहायक थे ।[4] युद्ध में इन्द्र का पराक्रम सर्वमान्य है अतएव विजय के लिए स्थान-स्थान पर उनका आह्वान किया गया है ।[5] सदैव विजेता होने के कारण वे 'जयन्त' हैं ।[6] किन्तु परवर्ती देवशास्त्र में यह उनके पुत्र का नाम है ।

---

1. यजु0 3/46, 7/36 2. वा0सं0 2/10.

3. "प्र व इन्द्राय बृहते मरुतो ब्रह्मार्चत ।
वृत्रँ हनति वृत्रहा शतक्रतुर्वज्रेण शतपर्वणा ॥" यजु0 33/96.

4. "समिद्ध इन्द्र उषसामनीके पुरोरुचा पूर्वकृद्वावृधानः ।
त्रिभिर्देवैस्त्रिँशता वज्रबाहुर्जघान वृत्रं वि दुरो ववार ॥" यजु0 20/36.

5. यजु0 17/42-43.

6. "गोत्रभिदं गोविदं वज्रबाहुं जयन्तमज्म प्रमृणन्तमोजसा ।
इमँ सजाता अनु वीरयध्वमिन्द्रँ सखायो अनु सँ रभध्वम् ॥"

- यजु0 17/38.

यहीं पर इन्द्र को 'गोत्रभिद्' एवं 'गोविद्' की उपाधि से विभूषित किया गया है क्योंकि गायों (रश्मियों अथवा जलों) को निरुद्ध करने के कारण मेघ ही गोत्र हैं एवं इन्द्र इस गोत्ररूपी मेघ के भेदक हैं ।

यजुर्वेद में एक स्थल पर इन्द्र अश्विनौ तथा सरस्वती के समीप अपने (जीवन) रक्षा हेतु उपस्थित होते हैं एवं उनके द्वारा उत्पन्न जल-फेन से ही वे नमुचि के शीर्षभाग का भेदन करते हैं । अश्विनौ एवं सरस्वती ने समय-समय पर इन्द्र की सहायता की ।[1]

यजुर्वेद में याज्ञिक महत्ता के समक्ष सामरिक महत्ता गौण हो गयी थी । अतएव इन्द्र भी इसके अपवाद नहीं थे । यज्ञ में प्रयुक्त सामग्री 'स्फ्या' सहस्रों शत्रुओं एवं पैशाचिकों के संहार करने का प्रमुख अस्त्र था तथा अश्वमेध यज्ञ का रथ ही इन्द्र का वज्र था ।[2] एक स्थल पर ऐसा वर्णन किया गया है कि युद्ध-दुंदुभि इन्द्र की मुष्टि थी ।[3] भूत-प्रेत-पिशाच आदि दानवी शक्तियों को दूर करने का

---

1. "पातं नो अश्विना दिवा पाहि नक्तं सरस्वति ।
   दैव्या होतारा भिषजा पातमिन्द्रं सचा सुते ।।" यजु0 20/62.

   "युवं सुराममश्विना नमुचावासुरे सचा ।
   विपिपाना: सरस्वतीन्द्रं कर्मस्वावत ।।" यजु0 20/76.

2. यजु0 29/53-54.

3. "आ क्रन्दय बलमोजो न आधा निष्टनिहि दुरिता बाधमान:
   अप प्रोथ दुन्दुभे दुच्छुना इत इन्द्रस्य मुष्टिरसि वीडयस्व
   - यजु0 29/56.

कार्य बलि-वेदी की दक्षिण परिधि में दण्ड को निहित करके किया जाता था ।[1] यज्ञाग्नि की पवित्र ज्वाला राक्षसों एवं मित्रगणों को पहचानने एवं ढूढ़ने में पर्याप्त थी । दैवीय अवतारों के द्वारा भी भूत-प्रेतों का निवारण किया जाता था ।[2] इन्द्र की स्वयं की शक्ति 'पयो भूतं मधु' से निर्मित होने के कारण पुरोहित लोग विभिन्न प्रकार के विघ्नों के निवारण के लिए इन्द्र पर पूर्णतः आश्रित नहीं थे अपितु यज्ञानुष्ठान का आश्रय लेते थे । इन्द्र की शक्ति एवं सामर्थ्य के सम्मुख सवितृ, वरुण एवं अश्विन् आदि देवताओं एवं सरस्वती, भारती तथा इडा आदि देवियों ने आत्मसमर्पण कर दिया था । एक स्थल पर इन्द्र को लघु-बछड़ा कहा गया है ।[3] गो-माता को रात्रि एवं उषा के रूप में संदर्भित किया गया है ।[4]

इन्द्र के जन्म के विषय में यजुर्वेद में यह उल्लेख मिलता है कि वरुण, अश्विनौ एवं सरस्वती ने विभिन्न अङ्गयकृत, गुदा[5] नासिका और केश[6], श्वास, दृष्टि एवं वाणी[7] आदि को प्रदान कर इन्द्र की सृष्टि की । सरस्वती ने अश्विनौ की पत्नी बनकर इन्द्र को गर्भ में धारण किया[8] एवं जन्म दिया ।[9] उपरोक्त उद्धरणों को दृष्टिगत करते हुए विदित होता है कि इन्द्र के माता-पिता सरस्वती एवं अश्विन् थे । अश्विनौ एवं सरस्वती द्वारा इन्द्र के विभिन्न अङ्गों, संवेदन, शौर्य, सौन्दर्य एवं बुद्धि आदि को प्रदान करने का सम्पूर्ण विवरण यजुर्वेद के विंश एवं एकोविंश अध्याय में उल्लिखित है । इसके अतिरिक्त वरुण, रुद्र, आदित्य, ऋभु, मरुत् और

---

1. यजु० 2/3
2. यजु० 1/26.
3. यजु० 29/57.
4. "होता यक्षद्दुधे इन्द्रस्य धेनू सुदुधे मातरा मही ।
   सवातरौ न तेजसा वत्सामिन्द्रमवर्द्धतां वीतामाज्यस्य होतर्यज ॥" यजु०, 28/6.
5. यजु० 19/85.
6. यजु० 19/90.
7. यजु० 20/80.
8. यजु० 19/94.
9. यजु० 19/95.

अन्य देवताओं ने इन्द्र को आशीर्वाद एवं शक्ति प्रदान करके उन्हें ऐश्वर्य से विभूषित किया ।

इन्द्र शक्तिसम्पन्न[1] एवं सुकर्मण[2] देव थे । संग्राम में शक्ति के संचय एवं शौर्य-प्रदर्शन हेतु सोमपान करते थे ।[3] अन्ततः अधिकांश मात्रा में सोम-पान इनके ह्रास का प्रमुख कारण बना । एक स्थल पर इन्द्र को 'अर्जुन' कहा गया है ।[4] किन्तु परवर्ती साहित्य में इन्द्र के पुत्र का नाम है ।

यजुर्वेद में इन्द्र को 'सम्राट्' एवं वरुण को 'नृप' की संज्ञा से विभूषित किया गया है ।[5] मित्र एवं वरुण को इन्द्र का पूर्वज कहा गया है । देवताओं ने इन्द्र की सहायता से चमत्कारिक कार्यों को सम्पन्न करके उनकी सार्वभौमिकता स्वीकार की थी ।[6] जब राजसत्तावाद का प्रादुर्भाव हुआ तब इन्द्र को अधिपति का गौरव प्रदान किया गया और उन्हें 'क्षत्रम्' कहा गया ।[7] इन्द्र के आधिपत्य में त्रयलोक अर्थात् द्युलोक, अन्तरिक्ष लोक एवं पृथिवीलोक थे ।[8] एवं वह देवाधिपति भी बन गये थे । राजसूय, अश्वमेध तथा वाजपेय आदि राजसी यज्ञों में इन्द्र को विशेष महत्व प्रदान किया जाता था ।

---

1. यजु0 37/35
2. यजु0 8/45
3. यजु0 8/38
4. यजु0 10/21
5. "इन्द्रश्च सम्राड्वरुणश्च राजा ॥" - यजु0 8/37
6. यजु0 14/6
7. "होता यक्षत् स्वाहाकृतीरग्निं गृहपतिं पृथग्वरुणं भेषजं कविं क्षत्रमिन्द्रं वयोधसम् ॥"

   यजु0 28/34.
8. यजु0 7/5.

यजुर्वेद में अनेकों यज्ञों का वर्णन किया गया है :-

1. श्रौत कर्मकाण्ड-यज्ञ, एवं 2. गृह्यकर्मकाण्ड-यज्ञ ।

1. श्रौत कर्मकाण्ड-यज्ञ

1. अग्नि होत्र
2. चातुर्मास्य या ऋतु-सम्बन्धी यज्ञ
3. दर्श तथा पौर्णमास
4. नवान्नेष्टि
5. पशु याग
6. सोम याग
7. प्रवर्ग्य अथवा उष्ण दुग्ध यज्ञ
8. ऐकादशिन् पशुयाग
9. ज्योतिष्टोम
10. वाजपेय
11. राजसूय यज्ञ
12. अश्वमेध यज्ञ
13. पुरुषमेध यज्ञ
14. अन्य अहीन याग
15. सौत्रामणी
16. अग्नि-चयन

2. गृह्य कर्मकाण्ड-यज्ञ

1. गृह्य यज्ञों का सामान्य रूप
2. विविध यज्ञ
3. जात कर्म एवं संस्कार
4. ब्रह्मचर्य
5. विवाह

इनमें से कुछ यज्ञ इन्द्र को विशेष रूप से सम्मानित करने के लिए सम्पादित किये जाते थे ।

3. यज्ञों में इन्द्र का भाग

1. चातुर्मास्य या ऋतु सम्बन्धी यज्ञ

इस यज्ञ में इन्द्र, अग्नि, वरुण, मरुद्गण एवं (प्रजापति) को बलियाँ अर्पित की जाती थी जिसमें एक मेढ़ा एवं एक भेड़ जौ के बनाये जाते थे ।

2. दर्श तथा पौर्णमास यज्ञ

दर्श याग में अग्नि एवं इन्द्र के लिये एक पूप प्रदान किया जाता है । पौर्णमास यज्ञ में इन्द्र अथवा महेन्द्र को दुग्ध एवं दधि से बने दुग्धान्न प्रदान किया जाता है ।

3. नवान्नेष्टि

इस यज्ञ में इन्द्र एवं अग्नि का नवान्नों का पुरोडाश अर्पित किया जाता है ।

4. पशुयाग

इस यज्ञ में इन्द्र तथा अग्नि या सूर्य या प्रजापति के लिये पूर्ण बकरे की बलि दी जाती है ।

5. सोमयाग

सोमयाग में इन्द्र प्रमुख एवं प्रतिनिधित्व प्राप्त देव हैं ।[1] याज्ञिक उपकरणों यथा - उवरव[2] कुश निर्मित आसन[3], रज्जु[4] आदि को इन्द्र की सेवा के लिए प्रस्तुत किया जाता है ।[5] इस यज्ञ में बहुसंख्यक चषक इन्द्र एवं अन्य देवताओं मित्र, वरुण, वायु एवं अश्विनौ आदि को अर्पित किये जाते हैं ।[6] वैयक्तिक रूप से उसे 'मरुत्वान्' एवं 'महेन्द्र'[7] की पदसंज्ञा में प्राप्त होते हैं । अन्य देवताओं की अपेक्षा इन्द्र की पूजा पर विशेष ध्यान दिया गया है ।[8] सोम-बलि का माध्यन्दिन सवन तो सम्पूर्ण इन्द्र का है ।

---

1. यजु० 4/19
2. यजु० 5/22
3. यजु० 5/22
4. यजु० 5/30, 33.
5. यजु० 4/27; 5/7.
6. यजु० 7/8, 31/32.
7. यजु० 7/35-40.
8. मित्रावरुणाभ्यां त्वा देवाव्यं यज्ञस्यायुषे गृह्णामीन्द्राय त्वा ------------- ------- यज्ञस्यायुषे गृह्णामि ॥" यजु० 7/23.

6. ज्योतिष्टोम याग

इस यज्ञ में इन्द्र एवं वरुण, इन्द्र एवं बृहस्पति तथा इन्द्र एवं विष्णु के लिए सोम, पुरोडाश चढ़ाने का विधान है ।

7. राजसूय यज्ञ

राजसूय यज्ञ में देवताओं के अधिपति होने के कारण इन्द्र को विशेष सम्मान प्राप्त है ।[1] इन्द्र तथा विष्णु को एक विशेष प्रकार की आहुति दी जाती है ।

8. वाजपेय यज्ञ

इस यज्ञ में पाँच चषक में प्रथम सोम चषक इन्द्र को समर्पित किया जाता है ।[2] इन्द्र एवं बृहस्पति वाजपेय यज्ञ के प्रथम विजेता घोषित हुए ।[3]

9. अश्वमेध यज्ञ

ओल्डेनबर्ग[4] के मतानुसार इस यज्ञ का अर्थ योद्धाओं के द्वारा इन्द्र देवता के लिए एक तेजस्वी एवं शक्तियुक्त अश्व की बलि चढ़ाना था जो गाय अपने बछड़े का गर्भपात करती थी वह इन्द्र हेतु[5] एवं जो पशुशृंग युक्त होते थे महेन्द्र हेतु समर्पित किये जाते थे ।[6] इस प्रकार विशेष प्रकृति के पशु इन्द्र, विष्णु, बृहस्पति एवं अग्नि आदि देवताओं को समर्पित किये जाते थे ।

---

1. "सोमस्य त्विषिरसि तवेव मे त्विषिर्भूयात् । ------- इन्द्राय स्वाहा ---- भगाय स्वाहार्यम्णे स्वाहा ॥" यजु0 10/5.
2. यजु0 9/12.
3. यजु0 8/38, 44.
4. यजु0 24/1.
5. ओल्डेनबर्ग - रिली दे0वे0 1/306, 356, 473.
6. यजु0 24/17.

10. <u>सर्वमेध यज्ञ</u>

इस यज्ञ में इन्द्र की शोभा की वृद्धि के लिए ऋग्वेद से बारह मंत्रों का गान ग्रहीत किया गया है ।[1]

11. <u>सौत्रामणी यज्ञ</u>

यह हविर्यज्ञ है । इसका अनुष्ठान अश्विन्, सरस्वती एवं इन्द्र के लिए एक सम्मान में सम्पादित होता है ।[2] इसमें इन्द्र के लिए एक भेड़ एवं अश्विनों के लिए एक बकरा सुरा के प्रयोग के साथ बलि चढ़ायी जाती है । मित्र एवं वरुण के लिए दुग्ध की आहुति एवं इन्द्र वयोधस् के लिए एक वृषभ की बलि के साथ कृत्य की समाप्ति का विधान है ।

12. <u>अग्नि-चयन</u>

इसमें यज्ञ-वेदी निर्माण करते समय पुरोहितगण पग-पग पर इन्द्र को सम्बोधित करते हैं एवं अन्य देवता मूल-पाठ का उच्चारण करते हैं ।

गृह्य कर्मकाण्ड-यज्ञ

<u>विविध यज्ञ</u>

इसमें प्रातः एवं सायंकाल अग्नि, विष्णु, भरद्वाज, विश्वेदेवा, प्रजापति, अदिति, अग्नि, सोम एवं इन्द्र को आहुति समर्पित की जाती है । इसमें क्रमानुसार क्षितिज के विभिन्न दिग्भागों के प्रधान देवता इन्द्र, यम, वरुण, सोम तथा बृहस्पति को अपने से सम्बद्ध देवताओं के साथ बलि का वितरण किया जाता है । प्रौष्ठपद की पूर्णिमा को एक सूत्र इन्द्र, इन्द्राणी, अजएकपाद, अहिर्बुध्न्य तथा प्रौष्ठपदों के हेतु एक बलि का विधान है ।

---

1. यजु० 33/18-29.   2. यजु० 10/31-34.

कृषि-सम्बन्धी पर्व में भी अनुष्ठानों का प्रबन्ध होता है । इसमें अग्नि, पूषन् एवं इन्द्र आदि को मृदु आहार समर्पित किया जाता है ।

नवान्न यज्ञों का सम्बन्ध गृह कर्मकाण्ड यज्ञ से भी है । इसमें भिन्न-भिन्न समयों पर चावल, जौ, ज्वार, बाजरे की बलियाँ दी जाती हैं और इन बलियों पर इन्द्र, ब्रह्मा तथा वासुकि हवि प्राप्त करते हैं ।

अथर्ववेद में इन्द्र

अथर्ववेद में सम्पूर्ण वातावरण में परिवर्तन होने पर भी इन्द्र का महत्त्व पूर्णतः सुरक्षित था । जीवन के समस्त क्षेत्रों में रहस्यवादी [झाड़फूँक], जादू-टोना आदि जीवन की अग्रिम पंक्ति में आ गया था । अथर्ववैदिक जनसाधारण भूत-प्रेत आदि निम्नकोटि की शक्तियों में अन्धविश्वास करते थे । आथर्वणिक पुरोहित अपने संरक्षकों के स्वस्थ एवं सुखमय जीवनयापन हेतु ऐन्द्रजालिक अनुष्ठानों एवं कतिपय सीमा तक उनसे सम्बन्धित देवताओं की पूजा-पाठ आदि के द्वारा उत्तरदायित्व निभाने में प्रयत्नशील थे । वे इन्द्र एवं अन्य देवताओं की दैवी शक्ति से भी अधिकाधिक लाभान्वित होने में संलग्न थे । परवर्ती संहिताओं में लोगों के मध्य इन्द्र की ख्याति सम्भवतः उसके सामरिक गुणों के कारण थी । अतएव इन्द्र का पुराकथा-शास्त्रीय वर्णन उसके नैसर्गिक पक्ष की अपेक्षा सामरिक योजनाओं के दृष्टिकोण से अतिविस्तृत किया गया है ।

अन्य वेदों की भाँति अथर्ववेद में भी इन्द्र को समय-समय पर वृष्टि-देव, एवं सूर्य-देव के रूप में वर्णन किया गया है । इन्द्र ने सर्वोत्पादक पृथिवी की रक्षा की ।[1] इन्द्र को 'जनन-देव' भी कहा जाता है । अथर्ववेद[2] में इन्द्र को 'हल

---

1. "गिरयस्ते पर्वता हिमवन्तो ऽरण्यं ते पृथिवि स्योनमस्तु ।
   बभ्रुं कृष्णां रोहिणीं विश्वरूपां ध्रुवां भूमिं पृथिवीमिन्द्रगुप्ताम् ।
   अजीतो ऽहतो अक्षतो ऽध्यष्ठां पृथिवीमहम् ॥" अथर्व0 12/1/11.

   "महत् सधस्थं वहती बभूविथ ------ द्विक्षतकश्चन ॥" वही, 12/1/18.

2. "देवा इमं मधुना संयुतं यवं सरस्वत्यामधिमणावचर्कृषुः ।
   इन्द्र आसीत् सीरपति शतक्रतुः कीनाशा आसन् मरुतः सदानवः ॥"

का स्वामी' एवं मरुतों को 'हलवाहक' के रूप में कल्पित किया गया है । इन्द्र को औषधीय पादपों को जीवन एवं शक्ति प्रदाता के रूप में वर्णित किया गया है ।

आथर्वणिक पुरोहित के प्रारम्भिक गान के अनुसार इन्द्र ने कुछ दूसरे नवीन अस्त्रों एवं विधियों का दुष्ट कृमियों के संहार करने में प्रयोग किया । उन्होंने प्राक्त्यमणि से वृत्र एवं असुरों का वध किया । वे शक्ति के सर्वोत्कृष्ट निदर्शन हैं।[1] इन्द्र स्वरक्षार्थ त्रिषन्धि[2], असुरों एवं शालावृकों के संहार हेतु पट्टाबन्ध[3], एवं शत्रुओं को चतुर्दिक घेरकर वध हेतु इन्द्रजाल[4] का प्रयोग करते थे । येंवाष, कष्कष, एजत्क एवं शिपवित्नुक नामक रोगकृमियों का नाश सूर्य की किरणों से भी होता था ।[5] इन्द्र युद्ध-कला एवं युद्ध-योजना में अत्यन्त निपुण थे । वे मृत्यु एवं अमरता से अत्यन्त शक्तिशाली एवं महान् थे ।[6] इन्द्र ने पृथ्वी, अन्तरिक्ष एवं षट् दिशाओं को धारण किया ।[7] वे पूर्व, पश्चिम आदि सभी दिशाओं के स्वामी थे[8] और देवों

---

1. अथर्व० 1/35/3.
2. " --- त्रिषंधिं देवा अभजन्तोजसे च बलाय च ।" अथर्व० 11/10/11.
3. अथर्व० 2/27/3, 4. 4. अथर्व० 8/5/7.
5. "मरुत: पर्वतानामधिपतयस्ते मावन्तु । अस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन् कर्मण्यस्यां पुरोधायामस्यां प्रतिष्ठायामस्यां चित्त्यामस्यामाकूत्याग स्यामाशिष्यस्यां देवहूत्यां स्वाहा ॥" अथर्व० 5/24/6.
6. अथर्व० 13/4/46, 8/47.
7. अनड्वान् दाधार पृथिवीमुत धामनड्वान् दाधारोर्वन्तरिक्षम् ।
   अनड्वान् दाधार प्रदिश: षड्वीरनड्वान् विश्वं भुवनमा विवेश ॥"
   अथर्व०, 4/11/1.
8. अथर्व० 6/98/2,3.

के अधिपति थे । युद्ध में विजय प्राप्त करने एवं अपना शौर्य-प्रदर्शन करने हेतु देवगण इन्द्र से शत्रुओं की घेराबन्दी की याचना करते थे[1] और सहस्रों की संख्या में सेना का निर्माण करके अपने शत्रुओं का संहार करने के लिए प्रार्थना करते थे ।[2] इन्द्र उनके लिए अन्त:प्रेरणा के स्रोत थे । अत: पुरोहितगण अपने सहचरों एवं योद्धाओं को इन्द्र का अनुसरण करने के लिए प्रेरित करते थे[3] पर ये लोग इन्द्र-दिवस पर युद्ध, बाणवृष्टि एवं रक्तपात की इच्छा नहीं रखते थे । नवीन देवताओं में अर्बुदि एवं न्यर्बुदि इन्द्र के सहायक के रूप में ख्याति प्राप्त कर रहे थे ।[4]

पुरोहितगण इन्द्र एवं अन्य दैवी शक्तियों के अतिरिक्त अपनी विजय पताका फहराने में आथर्वणिक साधनों का भी प्रयोग करते थे । उदाहरणार्थ-मंत्रोच्चारण[5], स्राक्त्यमणि[6], इन्द्राग्नी के अस्त्र[7], ताबीज[8], अश्वत्थवृक्ष[9], त्रिजन्धी[10], दुंदभी हेतु एक मन्त्र का उच्चारण[11] आदि । पुरोहितगण स्वयं शत्रुओं को अपने जाल में फंसाने के लिए 'इन्द्रजाल' का प्रयोग करते थे ।[12]

---

1. अथर्व0 2/29/3, 7/93/1.
2. अथर्व0 6/98/3.
3. अथर्व0 7/52/2.
4. "अधि नो ब्रूतं पृतनासूग्रौ सं वज्रेण सृजतं य: किमीदी ।
   स्तौमि भवाशर्वौ नाथितो जोहवीमि तौ नो मु चतमंहस: ॥"
   अथर्व0 4/28/7.
5. अथर्व0, 1/16/2, 11.
6. अथर्व0, 8/5/14.
7. अथर्व0 8/5/19.
8. "स्वस्तिदा विशां पतिर्वृत्रहा विमृधो वशी । इन्द्रो बध्नातु ते मणिं जिगीवां अपराजित: सोमपा अभयंकरो वृषा । स त्वा रक्षतु सर्वतो दिवा नक्तं च विश्वत: ॥"
   अथर्व0 8/5/22.
9. तानश्वत्थ नि: शृणीहि शत्रून् वैबाध दोधत: ।
   इन्द्रेण वृत्रघ्ना मेदी मित्रेण वरुणेन च ॥" - अथर्व0 3/6/2.
10. अथर्व0 11/10/9.
11. अथर्व0 5/20/2.
12. अथर्व0 8/8/7

अथर्ववेद में इन्द्र की माता का नाम एकाष्टका था, जो प्रजापति की पुत्री थी जिसने इन्द्र को पुत्र रूप में प्राप्त करने के लिए तप किया था ।[1] अन्य उद्धरणों में इन्द्र देवता के 'तूष्य' से उत्पन्न हुए वर्णित हैं ।[2] आथर्वणिक पुरोहित स्पष्टरूप से कहते हैं कि इन्द्र यशस्वी पैदा हुए थे ।

अथर्ववेद में इन्द्र सर्वाधिक लोकप्रिय देव नहीं माने गये हैं । वे देवगणों में से एक थे । इन्द्र एवं वरुण के मध्य पुरानी प्रतिस्पर्धा दीख पड़ती है क्योंकि 'नृप' की उपाधि इन्द्र की अपेक्षा वरुण के साथ अधिकाधिक प्रयुक्त हुई है ।[3] लेकिन इन्द्र को देवताओं के मध्य एक विशिष्ट नृप माना गया है ।[4] सोम बलि में इन्द्र का स्थान निर्विवाद था ।[5] आथर्वणिक पुरोहितों की ऐसी धारणा थी कि वे अपने मंत्रों के द्वारा इन्द्र एवं अन्य देवताओं को ईप्सित कार्य करने को बाध्य कर सकते थे । लेकिन इन्द्र सामान्यजन के मध्य यशस्वी देव थे और वे लोगों को धनधान्य सम्पन्न, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन-यापन करने के लिए आशान्वित करते थे ।

---

1. "एकाष्टका तपसा तप्यमाना जजान गर्भं महिमानमिन्द्रम् ।
   तेन देवा व्य सहन्त शत्रून् हन्ता दस्यूनामभवच्छचीपतिः ।।- अथर्व0 3/10/12.
2. अथर्व0, 6/38/1-4.   3. अथर्व0 4/16/19.
4. "इन्द्रो जयाति न परा जयाता अधिराजो राजसु राजयाते ।
   चर्कृत्य ईड्यो वन्यश्चोपसद्यो नमस्यो भवेह ।।" अथर्व0 6/98/1.

   "त्वमिन्द्राधिराजः श्रवस्युस्त्वं भूरभिभूतिर्जनानाम् ।
   त्वं दैवीर्विश इमा वि राजायुष्मत् क्षत्रमजरं ते अस्तु ।।" अथर्व0 6/98/2.

   "प्राच्या दिशस्त्वमिन्द्रासि --- वृषभ एषि हव्यः ।।" अथर्व0 6/98/3.

5. अथर्व0 9/1/12, 12/1/38.

इसके अतिरिक्त दीर्घायु होने[1], मृत्यु जैसे संकटों से बचने[2], गृह-रक्षा, दुर्भाग्य एवं अभिशापों से बचने[3] आदि के लिए भी इन्द्र की पूजा की जाती थी । इन्द्र क्षत्रिय-वर्ग के सर्वाधिक सहायक थे । ऐसा उल्लेख मिलता है कि इन्द्र से ही 'क्षत्र' की उत्पत्ति हुई है[4] और अधिकांशत: सभी राज्य-सम्बन्धी मंत्रों में इन्द्र का प्रभाव दीख पड़ता है । नवनिर्वाचित राजा की राजसी समृद्धि हेतु इन्द्र उसको पर्णवृक्ष से निर्मित एक ताबीज प्रदान करते थे ।[5] वे लोग राजा एवं राज्य की समुन्नति हेतु इन्द्र की स्तुति करते थे । शत्रुओं के संहारक होने के कारण क्षत्रियों को इन्द्र का मित्र कहा गया है ।

व्यापारी-वर्ग के लिए इन्द्र एक (वणिक्) व्यापारी थे । वे व्यवसाय में सुरक्षा एवं सम्पन्नता प्रदान करते थे तथा उनकी यात्रा को निर्विघ्न समाप्त होने में सहायता प्रदान करते थे । एक व्यापारी 'वणिक्' इन्द्र से सफल यात्रा एवं प्रचुर धनराशि के लिए प्रार्थना करता है ।[6] इन्द्र का स्त्री-वर्ग के प्रति भी अतीव नम्र एवं सौहार्द्रपूर्ण दृष्टिकोण था । राक्षस के द्वारा उत्पीड़ित एक गर्भवती स्त्री के उदर-पीड़ा का निवारण इन्द्र ने ही किया ।[7] स्त्रियाँ इन्द्र से प्रार्थना करती हैं कि व्यभिचारी प्रेमी चक्की में पिसकर नष्ट हो जाय ।[8]

अत: हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि ऋग्वैदिक इन्द्र एक लोकप्रिय देव के रूप में अथर्ववेद में वर्णित हैं ।

---

1. अथर्व0 3/11/3, 4. 2. अथर्व0 2/1/16. 3. अथर्व0 6/45/3, 11/6/1.
4. "अतो वै बृहस्पतिमेव ब्रह्म प्राविशात्विन्द्रं क्षत्रं तथा वा इति ॥"
अथर्व0 15/10/4.
5. "सोमस्य पर्ण: सह उग्रमागन्निन्द्रेण दत्तो वरुणेन शिष्ट: ।
तं प्रियासं बहु रोचमानो दीर्घायुत्वाय शतशारदाय ॥" अथर्व0 3/5/4.
6. अथर्व0 3/15/9. 7. अथर्व0 8/6/3.
8. "क्लीबं कृध्योपशिनमथो कुरीरिणं कृधि ।
अथास्येन्द्रो ग्रावभ्यामुभे भिनत्त्वाण्डयौ ॥" अथर्व0 6/138/2.

पुराणों में इन्द्र

पुराणों में इन्द्र-विषयक जो साक्ष्य उपलब्ध होते हैं, उनसे विदित होता है कि इन्द्र की सामरिक शक्ति के क्षीणोन्मुख होने पर भी वे ब्रह्मा-विष्णु-महेश की पौराणिक त्रयी के समय भी भारतीय धारणानुरूप द्युलोक के देवाधिपति पद पर सुशोभित रहे। यद्यपि यह देव-त्रयी के अधीनस्थ ही माने गये हैं। कहना न होगा कि कभी-कभी शक्ति की अधिष्ठात्री देवी दुर्गा के सम्मुख इन्द्र की कीर्ति धूमिल पड़ जाती थी। पौराणिकों ने इन्द्र के जीवन से सम्बन्धित सामान्य घटनाओं को भी दन्तकथाओं से अनुबन्धित करके तथा महान् रूप देकर अत्यन्त प्रभावोत्पादक ढंग से व्यक्त किया है।

पुराणों में इन्द्र को मुक्तकण्ठ से वृष्टि-देव कहा गया है। उदाहरणार्थ-दानपति के द्वारकापुरी में प्रविष्ट होते ही इन्द्र ने द्वारका में मूसलाधार जल-वृष्टि की।[1] दानव एवं नरसिंह के साथ युद्ध में दानवों द्वारा मायाकृत अग्नि का शमन महेन्द्र ने जल-वृष्टि द्वारा किया।[2] सत्यव्रत नामक राजकुमार के द्वारा कन्या-अपहरण अभियोग से अप्रसन्न होकर इन्द्र ने उनके पिता के राज्य में द्वादश वर्षों तक जल-वृष्टि नहीं की।[3] इन्द्र ने ईर्ष्यावश जब ऋषभ के राज्य में वृष्टि नहीं की तब योगेश्वर ने अपनी योगमाया के प्रभाव से अपने वर्ष अंजनाभूखण्ड में मूसलाधार जल-वृष्टि की।[4] क्षीरोद-मन्थन के समय जब देव एवं दैत्य अत्यन्त श्रान्त हो गये तब देवेन्द्र ने मेघ बनकर अमृत के समान जल-सीकरों की वृष्टि की।[5] कृष्ण द्वारा इन्द्र-

---

1. वायु0, 58/90.
2. मत्स्य0, द्वि0, 63/26.
3. श्री हरिवंश0, 15/19.
4. "तस्य हीन्द्रः स्पर्धमानो भगवान् वर्षे न ववर्ष तदवधार्य भगवानृषभदेवो योगेश्वरः प्रहस्यात्मयोग मायया स्ववर्षमजनाभं नामाभ्यवर्षत् ॥" श्रीमद्भाग0 5/4/3.
5. मत्स्य0, द्वि0, 1/55.

पूजा का विरोध करने के कारण इन्द्र ने ब्रज को पूर्णतः नष्ट करने की इच्छा से प्रलयकारी वृष्टि की ।[1]

पुराणों में इन्द्र की माता प्रजापति दक्ष-पुत्री अदिति[2], पिता कश्यप[3], पत्नी शची[4], पुत्र जयन्त[5] एवं पुत्री जयन्ती[6] का नामोल्लेख मिलता है । कतिपय पुराणकार इन्द्राणी को इन्द्र की पत्नी के रूप में वर्णित करते हैं ।[7] ऐसा उल्लेख मिलता है कि कश्यप की दो पत्नियाँ थी - अदिति एवं दिति । अदिति देवताओं की माता थी एवं दिति दैत्यों की ।[8] मत्स्य पुराण में दिति-पुत्र हिरण्यकशिपु तथा हिरयाक्ष का उल्लेख मिलता है ।[9] श्रीमद्भागवतमहापुराण[10] में देवराज

---

1. विष्णु० 5/11; श्रीमद्भागवत० 10वाँ स्कन्ध, 24वाँ अध्याय.
2. वामन० 3/10-13; कलिका० 34/38; हरिवंश०, द्वि० 7/59-61.
3. मत्स्य०,पु०, 6/1-5.
4. भविष्य०, द्वि०, 17/65; 21/73.
5. भविष्य०, द्वि०, 2/15×18; पद्म० 12/223-225; हरिवंश० 68/14, श्रीमद्भागवत० 5/4/8.
6. भविष्य०, 29-39वाँ अध्याय ।
7. पद्म०,पु०, 3/173; हरिवंश० 68-59-62; आदि० 12/65; 13/17.
8. "आसीद्रिंद्रादिदेवानां जनकः कश्यपोः मुनिः ।
   दक्षात्मजे तस्य भार्ये दितिश्चादितिरेव च ॥

   अदितिर्देवमातारिव दैत्यानां जननी दितिः ।
   ते तयोरात्मजा विप्र परस्परज्यैषिणः ॥

   नारद०,पु०, 10/3-4.
9. मत्स्य०,पु०, 6/7-47.
10. श्रीमद्भागवत०, 6/18/7.

इन्द्र की पत्नी पुलोमनन्दिनी शची के तीन पुत्रों का नामोल्लेख मिलता है - जयन्त, ऋषभ एवं मीढ्वान ।

देवासुर सङ्ग्राम में इन्द्र देवों का नेतृत्व करते हैं । सामरिक शक्ति एवं सामर्थ्य के क्षीण होने के फलस्वरूप वे अनेकों बार असुरों द्वारा पराजित होकर पद-च्युत हो गये । बल एवं जम्भ नामक दैत्यों से पराजित होकर इन्द्र अग्नि के सम्मुख अहंभाव का परित्याग करके याचना करते हैं एवं अग्नि द्वारा प्रदत्त यमदण्डतुल्य शक्ति से उसका वध कर देते हैं ।[1] प्रह्लाद-सुत विरोचन ने इन्द्रादि देवों को जीतकर बहुत वर्षों तक धर्म से इस चराचर त्रैलोक्य का पालन किया ।[2] महापराक्रमी दानवाधिपति महिषासुर ने इन्द्र को पराजित करके इन्द्र-पद को प्राप्त कर लिया किन्तु शक्ति की अधिष्ठात्री दुर्गा ने उसका वध करके इन्द्र को पुनः इन्द्रपद पर प्रतिष्ठित किया ।[3] हिरण्याक्ष ने इन्द्र को अपनी माया-शक्ति से स्तम्भित करके समस्त देवों को युद्ध में पराजित किया किन्तु वाराह देव ने अपनी तेजोमयशक्ति से उसको धराशायी कर दिया ।[4] पृथिवी-पुत्र नरकासुर से उत्पीड़ित होकर देवाधिपति इन्द्र ने कृष्ण को उसके निन्दनीय एवं अप्रिय कार्यों की सूचना दी फलस्वरूप कृष्ण ने उसका वध कर दिया ।[5] तारकासुर ने इन्द्र को अभिबाधित किया ।[6]

---

1. अग्नि० 113/17-18.
2. कूर्म० 17/2.
3. मार्कण्डेय० 74/1-70, देवीभागवत० 35/37.
4. हरिवंश० 38 एवं 39वाँ अध्याय ।
5. कालिका०, द्वि०, 2/85x106.
6. कालिका०, 4/65.

मयासुर का हनन करके[1] इन्द्र युद्ध-भूमि में कालनेमि को देखकर व्यथित हो गये पर विष्णु ने कालनेमि का संहार करके इन्द्र को भयमुक्त किया ।[2]

महेन्द्र ने शुम्भ, पाक तथा सुदर्शन का भी वध कर दिया ।[3] शुम्भ एवं निशुम्भ नामक दैत्यों ने पृथिवी के सभी राज्यों को जीतकर स्वर्ग पर आक्रमण कर दिया, परन्तु इन्द्र ने निशुम्भ को धराशायी कर दिया । शुम्भ ने अपने भ्राता निशुम्भ को इस दशा में प्राप्त हुआ देखकर इन्द्र तथा लोकपालों सहित समस्त देवताओं को पराजित कर दिया ।[4] प्रह्लाद आदि दैत्यों एवं इन्द्र में घोर संग्राम हुआ । दैत्यों द्वारा पराजित होकर इन्द्र ने गुरु बृहस्पति की प्रेरणा से दुर्गा की स्तुति की जिससे प्रसन्न होकर उन्होंने महिषासुर एवं चण्डमुण्ड का संहार किया और अपने वक्रदृष्टि से मधु-कैटभ का भी वध किया तथा भयातुर होकर नमुचि एवं प्रह्लाद आदि रसातल को चले गये ।[5]

इन्द्र ने ब्रह्मा की सहमति से त्वष्टा-पुत्र विश्वरूप को अपना पुरोहित नियुक्त किया ।[6] किन्तु असुरों के प्रति उसकी सहानुभूति देखकर उसका शिरोच्छेदन कर दिया ।[7] पुत्र-निधन-शोक से संतप्त त्वष्टा ने कुपित होकर यज्ञकुण्ड से वृत्र नामक असुर को प्रादुर्भूत किया ।[8] तैत्तिरीय संहिता में यज्ञकुण्ड में हविष्

---

1. वामन0, 45/13-14.
2. मत्स्य0, 68-70वाँ अध्याय ।
3. वामन0, 47/9
4. देवीभागवत0 56/35.
5. देवीभागवत0 37/1-41.
6. श्रीमद्भागवत0 6/7/37,38.
7. श्रीमद्भागवत0 6/9/4.
8. श्रीमद्भागवत0 6/9/12.

आदि यज्ञ-सामग्री के प्रज्वलन से उत्पन्न धूम वृत्र का प्रतीक है । यह सोम, हविष्य आदि यज्ञ-सामग्री एवं अग्नि को आत्मसात् करके वर्द्धित होता, वही यज्ञ-धूम मेघ बनकर आकाशाच्छादित करके वृष्ट्यारोधन करता है । जब वायु से मेघ टकराते हैं तभी वृष्टि होती है । देवीभागवत पुराण में विश्वरूप एक तपस्वी ऋषि है ।[1] इन्द्र विश्वरूप का हनन करके पापमुक्ति हेतु ब्रह्महत्या को पृथिवी, जल, वृक्ष तथा स्त्री-जाति में विभक्त कर दिया ।[2]

देवासुर-संग्राम में वृत्र के भयंकर रूप को देखकर देवगण भय-त्रस्त होकर यत्र-तत्र पलायित होने लगे[3] किन्तु वृत्र ने इन्द्र को निगल लिया पुनरपि इन्द्र ने उदर-भेदन कर बहिर्गमन किया ।[4] यह उल्लेख श्रीमद्भागवतमहापुराण[5] में मिलता है कि सूर्यादि ग्रहों की उत्तरायण-दक्षिणायनरूप गति में जितना समय लगता है उतने समय में वृत्र-वध-योग के समुपस्थित होने पर घूमते हुए वज्र से उसकी ग्रीवा को काटकर भूमि पर गिरा दिया । उपरोक्त उद्धरण से यह विदित होता है कि सूर्य की गर्मी से जल के परमाणु सूक्ष्म भापरूप होकर ऊँचे जाते हैं एवं वह शीतल वायु के परमाण से मिश्रित होकर मेघ बन जाते हैं । वायु की प्रेरणा से मेघ जल-वृष्टि करते हैं । निश्चित रूप से इन्द्र द्वारा वृत्र-वध प्रतिवर्ष होने वाली जलवृष्टि की ओर संकेत करता है ।

---

1. श्रीमद्भागवत0, 6/1/30; 2/27
2. श्रीमद्भागवत0, 6/9/6-10.
3. श्रीमद्भागवत0, 6/9/17.
4. श्रीमद्भागवत0, 6/12/32.
5. "वज्रस्तु तत्कन्धरमाशुवेगः कृन्तन् समन्तात् परिवर्तमानः ।
   न्यपातयत् तावदहर्गणेन यो ज्योतिषामयने वार्त्रहत्ये ॥" -

   श्रीमद्भागवत0, 6/12/33.

त्रिलोकी इन्द्र ने अहंकार के वशीभूत होकर अपने गुरू बृहस्पति का भरी सभा में अनादर किया। जब उन्हें अपने गुरुदेव की अवहेलना का बोध हुआ तब वे सभासदों के मध्य पश्चात्ताप करने लगे। लोभ एवं मोह के वशीभूत होकर इन्द्र द्वारा किये गये त्रिशिरावध जैसे जघन्य कार्य की निन्दा बृहस्पति ने भी की है।[1]

राजा पृथु की शक्ति को देखकर छद्मवेषी इन्द्र जब यज्ञ-अश्व को लेकर पलायित होते हैं तब पृथु की अधिरोपित प्रत्यंचा से भयभीत होकर अश्व को तत्काल लौटा देते हैं।[2] इन्द्र सगर के अश्वमेध यज्ञ का अश्व अपहरण करके पाताल लोक में प्रेषित कर देते हैं।[3] इन्द्र ने अपनी विमाता दिति के गर्भस्थ बालक जो इनका विनाशक था, वध कर दिया। कहीं-कहीं उल्लेख मिलता है कि उस निर्दोष बालक के टुकड़े-टुकड़े कर दिया जो मरुद्गण बनकर इनके सहायक एवं अनुचर बन गये।[4]

दधीचि ने देवताओं के निवेदन पर लोक हितार्थ योग-बल से अपना स्थूल शरीर त्याग दिया। देवताओं ने उनकी अस्थियों से शस्त्रों का निर्माण करवाया[5] ब्रह्म पुराण की कथा इस प्रकार है : प्रश्न यह उठता है कि देवों ने दधीचि की ही अस्थियाँ क्यों ली ? देवों ने एक बार उपयोग की आवश्यकता न जानकर अपने सभी शस्त्रास्त्रों को दधीचि के आश्रम में रख दिया। इस बात का पता जब राक्षसों को चला तब वे सदैव उस शस्त्रास्त्रों को लेने में प्रयत्नशील थे। अतएव दधीचि ने

---

1. देवीभागवत 71/19-21.   2. श्रीमद्भागवत० 4/19/2-10.

3. नारद० 8/83-96.

4. ब्रह्म० 124वाँ अध्याय, विष्णु० 1/21/30-40, मत्स्य० 7/50-65; वायु० 65वाँ अध्याय, श्रीमद्भागवत० 6/18/55-64 आदि।

5. ब्रह्म० 110वाँ अध्याय, पद्म० 19वाँ अध्याय, श्रीमद्भागवत० 6/9/10.

ने अभिमंत्रित जल से उन शस्त्रास्त्रों का प्रक्षालन करके उस जल का पान कर लिया जिसके फलस्वरूप उन्होंने शस्त्रास्त्रों की शक्ति एवं प्रभाव को आत्मसात् किया ।[1]

इन्द्र याग के अवसर पर कृष्ण गोपों द्वारा किये जाने वाले पौर्वापयी कर्मकाण्डीय इन्द्र-पूजा का घोर विरोध करते हैं । यह विद्रोहक-भावना एक ऐसी विद्रोहमूलक प्रतिक्रिया का द्योतक है जिसमें वैदिक यज्ञ-सम्बन्धी कर्मकाण्ड का बलपूर्वक विरोध हो रहा है । इस विरोध का मूल आधार कर्मफल में विश्वास एवं पुनर्जन्म की धारणा है ।

प्रत्येक प्राणी को अपने पूर्वजन्म में किये हुए कर्मों के अनुसार ही उत्कर्षापकर्ष एवं सुख-दु:ख आदि का भागी होना पड़ता है । कृष्ण के कथनानुसार इन्द्र-पूजा की अपेक्षा तो जड़ गोवर्धन-पर्वत की पूजा करना अधिक उचित है । कम से कम वह गौओं को कन्द, मूल फलादि से तृप्त करके परिपुष्ट करता है । उपरोक्त कारणों से इन्द्र अप्रसन्न होकर सम्पूर्ण व्रज को नष्ट करने पर तुल गये । तत्काल प्रलयकारी वृष्टि होने लगी । सम्पूर्ण वज्र में हाहाकार मच गया । ब्रजवासी कृष्ण की ओर जीवन रक्षा हेतु देखने लगे किन्तु कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को कनिष्ठा पर उठाकर सम्पूर्ण व्रज की रक्षा की । सामान्यरूपेण यह विदित होता है कि यह कथानक एक ऐसे युग का द्योतक है जब इन्द्र जैसे कर्मकाण्डीय देवताओं का महत्त्व समाप्तप्राय हो रहा था तथा उसका स्थान ईश्वरभक्ति एवं नैतिक नियम ले रहे थे ।[2]

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में वृष्टि का जो महत्त्व है उसके परिप्रेक्ष्य में इन्द्र-पूजा स्वाभाविक ही थी । प्राचीन काल में वर्षा-ऋतु के आरम्भ में इन्द्रध्वज

---

1. ब्रह्म0 110/38-39.

2. विष्णु0 5/11; श्रीमद्भागवत0 10वाँ स्कन्ध 24वाँ अध्याय ।

या इन्द्रमह नामक उत्सव के रूप में इन्द्र की देशव्यापी पूजा होती थी । उस उत्सव में उत्तुंग वृक्ष के दण्ड को विभिन्नप्रकारेण अलंकृत करके सार्वजनिक स्थल पर संस्थापित कर दिया जाता था । इस अवसर पर इन्द्र का आह्वान एवं पूजन होता था । जनसामान्य इस उत्सव में इन्द्रध्वज के चारों ओर नृत्यगीतादि द्वारा हर्षो-ल्लासमय उत्सव मनाते थे । आज भी वृष्टि-देव के रूप में इन्द्र की पूजा विभिन्न देशों में होती है । इन्द्र-पूजा का विवरण इन्द्रमह के नाम से जैन साहित्य में प्राप्त होता है ।[1] जो आषाढ़ पूर्णिमा को सम्पन्न किया जाता था । काम्पिल्यपुर में इन्द्र महोत्सव हेतु राजा दुर्मुख ने नागरिकों से इन्द्र केतु को विभिन्नप्रकारेण सुसज्जित करके स्थापित करवाया ।[2] वृहत्कल्प[3] भाष्यानुसार हेमपुर में इन्द्रमह नामक उत्सव का आयोजन होता था जिसमें कुमारियाँ अपने सौभाग्य हेतु बलि, पुष्प, दीप आदि से इन्द्र की अर्चना करती थीं । अत: वृद्दशा[4] के अनुसार पोलासपुर में भी इन्द्र महोत्सव का आयोजन होता था ।

इन्द्र के प्राय: सभी वैदिक विशेषण पुराणों में सुरक्षित हैं । यथा-वृत्रहा, पुरुहूत, गोत्रभिद्, सुत्रामा, वासव, मघवा, विडौजा, शतक्रतु एवं शतमन्यु आदि। किन्तु पौराणिक पुराकथाशास्त्रीय शतक्रतु का अर्थ 'सौ अश्वमेध यज्ञ करने वाला' मानते हैं । उनकी एक नवीन उपाधि 'सहस्राक्ष' भी है । ऋग्वेदीय सर्वशक्तिसम्पन्न देव इन्द्र के उत्तरोत्तर अपकर्ष का यह विस्तृत इतिहास धार्मिक मान्यताओं के विकासक्रम की दृष्टि से अत्यन्त रोचक एवं शिक्षाप्रद है ।

-------::0::-------

---

1. आवश्यक चूर्णि, पृ0 213.
2. ज्ञातृ धर्म कथा 1, पृ0 25.
3. वृहत्कल्पभाष्य 4/51-53.
4. अन्त:वृद्दशा 6, पृ0 40.

ब्राह्मणों में इन्द्र

ब्राह्मण साहित्य पूर्णरूपेण बुद्धिजीवियों के हाथ में होने पर भी कर्मकाण्डीय आवरण से आच्छादित था । पुरोहित वर्ग याज्ञिक अनुष्ठान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से प्रतिपादित करने एवं मानव-मनोमस्तिष्क पर उसका अमिट प्रभाव डालने में सदैव प्रयत्नशील था । कर्मकाण्डीय प्रक्रिया एवं महत्त्व से स्पष्टीकरण हेतु पौराणिक कथाओं एवं दन्द-कथाओं का आश्रय लिया गया था । इस युग का विशिष्ट लक्षण प्रजापति की संकल्पना 'देवासुर-संग्राम' था ।

यद्यपि इन्द्र एवं अन्य देवता इस याज्ञिक वातावरण में पुरोहितों के प्रमुख आकर्षण के केन्द्र नहीं थे तथापि उनके बिना यज्ञ की संभावना भी न थी । अतएव हम यह नहीं कह सकते कि इस समय इन्द्र का अस्तित्व पूर्णत: समाप्तप्राय हो गया था । याज्ञिक देव होने के कारण वे यज्ञ में अपने अंश को प्राप्त करते थे एवं अपने जीवन की प्रत्येक क्रियाकलाप को याज्ञिक वातावरण के अनुकूल ही व्यवस्थित करते थे । यह वही काल था जिसमें इन्द्र ने अपने पूर्ण पौराणिक विकास के साथ वैदिक साहित्य में प्रथमत: पदार्पण किया था ।

यौद्धिक अवधारणा के आधार पर ब्राह्मण-साहित्य में युद्ध-प्रणाली में विविध परिवर्तन दृष्टिगत होते हैं । ब्राह्मण-साहित्यानुसार देवों एवं असुरों का दो शक्ति-शाली एवं समृद्धशाली दल था जो सदैव परस्पर अपने दल की महानता, प्रसिद्धि एवं प्रभुत्त्व हेतु युद्ध में संलग्न रहता था किन्तु असुरगण अनेकों बार देवताओं से अधिक शक्तिशाली सिद्ध हुए । देवगण प्राय: उनसे आतंकित रहते थे एवं अनेक बार युद्ध में पराजित भी हो गये थे ।[2] ब्राह्मणों में बहुधा वर्णित

---

1. "श०ब्रा० 2/3/4/12; 3/4/2/15; 8/5/3/3

'य: स इन्द्रो सौ स आदित्य:' तै०ब्रा० 2/5/8/30, 31.

देवासुर-संग्राम का प्रमुख कारण यह प्रतीत होता है कि असुर लोग देवताओं के याज्ञिक अनुष्ठानों को अपवित्र एवं नष्ट करने में विविध प्रकारेण विघ्न उत्पन्न करने में सदैव तत्पर थे।[1] इन्द्र ही ऐसे शक्तिशाली देव थे जो याज्ञिक विध्वंसकों का अपनी सैन्य-शक्ति एवं अन्य देवताओं की सहायता से वध करने में सक्षम थे। यज्ञों में सामान्यजन इन्द्र का आह्वान करते थे एवं देवता भी अपनी सुरक्षा हेतु इन्द्र पर निर्भर ही रहते थे[2] एवं इन्द्र उनको रक्षात्मक आश्वासन देते थे।

अनेक स्थलों पर यह दृष्टिगत होता है कि यज्ञानुष्ठान में प्रयुक्त होने वाली ऋक्, सामन्, चन्द्रमस्, वर्ष, प्रवचन एवं घृत आदि इन्द्र के वज्र से अत्यधिक प्रभावशाली थे। ब्राह्मणों में वृत्र के हनन की प्रक्रिया एवं उपकरण के विषय में कोई निश्चित धारणा उपलब्ध नहीं होती है। ब्राह्मणों में वर्णित है कि इन्द्र ने आज्य रूपी वज्र से[3], पौर्णमास यज्ञ से परिपुष्ट होकर[4] एवं महानाम्नी सूक्तों[5] द्वारा वृत्र वध किया।

---

1. ऐ0ब्रा0 2/2/6.
2. "ते देवा इन्द्रमब्रुवन्। त्वं वै नः श्रेष्ठो बलिष्ठो वीर्यवत्तमो सि त्व मिमानि रक्षा सि प्रतियतस्वेति तस्य वै मे ब्रह्म द्वितीयमस्त्विति तथेति तस्मै वै बृहस्पतिं द्वितीयमकुर्वन्ब्रह्म वै बृहस्पतिस्त इन्द्रेण चैव बृहस्पतिना च दक्षिणतो सुरान्रक्षा सि नाष्ट्रा अपहत्याभये नाष्ट्र एतं यज्ञमतन्वत॥"

   श0ब्रा0 9/2/3/3.
3. ऐ0ब्रा0 4/1/9
4. कौ0ब्रा0 3/4, श0ब्रा0 11/1/3/5.
5. कौ0ब्रा0 23/2.

इन्द्र तथा त्वष्टा-पुत्र

ब्राह्मण ग्रन्थों से केवल यही विदित होता है कि इन्द्र ने वृत्र नामक भयंकर असुर का वध किया। त्वष्टा-पुत्र-विश्वरूप का वध करने के कारण त्वष्टा ने कुपित होकर इन्द्र को सोमपान से वंचित कर दिया किन्तु इन्द्र ने बलात् सोमपान किया किन्तु वह सोम मुख को छोड़कर सभी प्राणों से बहिर्गमन करने लगा। तदनन्तर अश्विनौ एवं सरस्वती ने सौत्रामणी इष्टि से उनको स्वस्थ किया। पुत्र-निधन-शोक से क्रुद्ध हुए त्वष्टा ने उच्छिष्ट सोम को यज्ञकुण्ड में डालकर वृत्र नामक असुर को उत्पन्न किया।[1] गोपथ ब्राह्मण में इन्द्र बलात् सोमपान करके मूर्च्छित हो गये, ऐसा उल्लेख मिलता है।[2] इन्द्र ने जब द्यावापृथिव्याच्छादक वृत्र का वध किया तब तब उसके शरीर से जलधारायें फूट पड़ी।[3] यहाँ पर वृत्र को मेघ रूप में वर्णित किया गया है। इन्द्र के माहात्म्य एवं उत्कर्ष का एकमात्र प्रमुख कारण वृत्र-वध बताया गया है। वृत्र-वध एवं शत्रु-वध के कारण ही देवताओं ने उनकी महत्ता एवं प्रभुता स्वीकार की थी।[4] जिसके फलस्वरूप उनका नाम 'महेन्द्र' हो गया।[5] ऐतरेयकार के मतानुसार बृहस्पति द्वारा द्वादशाह यज्ञ कार्य सम्पन्न होने पर ही देवताओं ने इन्द्र को ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ माना।[6]

---

3. "वृत्रो ह वा इद सर्वं वृत्वा शिश्ये।
   यदिदमन्तरेण द्यावापृथिवी स यदिद ँ सर्वं वृत्वा शिश्ये तस्माद्वृत्रो नाम ॥ 4 ॥
   तमिन्द्रो जघान।
   स हत. पूतिः सर्वत एवापो भिप्रसुस्राव --- ॥ 5 ॥ श0ब्रा0 1/1/3/4-5.

1. श0ब्रा0 1/6/3/1-8, 12/8/3/1, 2. 2. गो0ब्रा0 (उ0) 5/6.

4. श0ब्रा0 4/6/6/3.

5. "इन्द्रो वा एष पुरा वृत्रस्य वधात्।
   अथ वृत्रं हत्वा यथा महाराजो विजिग्यानः एवं महेन्द्रो अभवत् ॥"
   श0ब्रा0 9/2/4/9

6. ऐ0ब्रा0 4/25.

शतपथ ब्राह्मण में एक प्रकरण में ऐसा उल्लेख मिलता है कि जब असुरों ने जादू एवं विष के द्वारा पादपों को विषाक्त एवं दूषित कर दिया तो इन्द्रादि देवताओं ने असुरों को यज्ञ द्वारा ही विनष्ट किया ।[1] असुरों की माया से प्रभावित होकर इन्द्र ने प्रजापति से प्राप्त विधन ज्ञान के द्वारा ही असुरों को मार भगाया ।[2] असुरों से देवताओं की सुरक्षा के लिए इन्द्र ने चतुर्वेद होकर क्रमशः पूर्व, पश्चिम, उत्तर एवं दक्षिण दिशा बन गये ।[3]

ब्राह्मण वर्ग कभी कभी इन्द्र को अशक्त समझने लगते थे क्योंकि एकदा प्रजापति ने पुत्र-मोह के वशीभूत होकर युद्ध होने के ठीक समय पर इन्द्र को छिपा लिया था और कहा कि सेनापति के अभाव में युद्ध नहीं हो सकता । इस प्रकार प्रजापति ने इन्द्र को संकट-मुक्त किया ।[4] ऐसा बहुतायत प्रमाण दृष्टिगत होता है कि निर्बल व्यक्ति सबल व्यक्ति का शारीरिक बल के द्वारा नहीं अपितु मानसिक बल एवं कूटनीति के द्वारा ही सामना कर सकता है । यथा - रौहिण के स्वर्गारोहण[5] की कथा एवं सर्पिणी को[6] सुमित्र की सहायतासेवध करने में इन्द्र की

---

1. श0ब्रा0 2/4/3/2-3.
2. पं0ब्रा0 19/18/1, 19/1.
3. गो0ब्रा0 (पू0) 2/19.
4. "प्रजापतिरिन्द्रं ज्येष्ठं पुत्रमपन्यधत्त ।
   नेदेनमसुरा बलीया सोहनन्निति ॥" तै0ब्रा0 1/5/9/4.
5. "चित्रायामग्नी आदधीत । --- ततो सुरा रौहिणमित्याग्नं चिक्थिरे नेनामुं लोक समारोक्ष्याम इति ॥ ---- स तो एपेष्टका व्वज्रान्कृत्वा, ग्रीवा. प्रचिच्छेद ॥" - श0ब्रा0 2/1/2/13-16.

6 पं0ब्रा0 13/6/9.

कूटनीतिज्ञता दृष्टिगत होती है एवं इन्द्र बलशाली शत्रुओं को कूटनीति से ही पराजित करते हैं ।[1]

समस्त देवों में इन्द्र की स्थिति सुदृढ थी क्योंकि अन्य देवता स्वार्थयुक्त प्रवृत्ति के थे । देवासुर-संग्राम में सामान्य कल्याण का हित निहित था, न कि केवल इन्द्र का । परन्तु देवताओं ने यह घोषणा की कि यदि उन्हें यज्ञ एवं यश में अंश मिलेगा तभी वे युद्ध में सम्मिलित होंगे । अग्नि एवं सोम को अपनी तरफ मिलाने के लिए इन्द्र ने उनको यज्ञ में पुरस्कृत करने का वचन दिया ।[2] इन्द्र ने इन दोनों की सहायता से वृत्र आदि असुरों का संहार किया । द्यावापृथिवी ने वृत्र-वध हेतु इन्द्र को रोका किन्तु इन्द्र ने अपना यज्ञांश देकर उनको सन्तुष्ट किया ।[3] इन्द्र, अग्नि, विष्णु, वरुण एवं बृहस्पति ने मिलकर गोधूलि में असुरों का हनन किया ।[4] देवासुर युद्ध में जब समस्त देव इन्द्र को छोड़कर पलायित हो गये तब मरुद्गण ही अन्तिम क्षण तक रणभूमि में युद्धरत रहे । इन्द्र के युद्ध-प्रस्थान के समय मरुतों ने उनकी उत्साहवर्द्धक स्तुति की ।[5] इन्द्र के साथ रात्रि में कोई देवता चलने को तैयार नहीं हुए अन्ततः छन्दों ने उनका साथ दिया ।[6] ऐतरेयकार के मतानुसार अन्धकारपूर्ण रात्रि में अग्नि ने इन्द्र का साथ दिया ।[7] वसिष्ठ एवं कण्वादि ऋषियों ने मंत्रोच्चारण एवं साम-गायन के द्वारा इन्द्र की शक्ति को वर्द्धित किया ।[8]

---

1. ऐ0ब्रा0 1/4/7, तै0ब्रा0 1/1/2/4-6.
2. श0ब्रा0 1/6/3/14.
3. तै0ब्रा0 2/7/1/8.
4. गो0 ब्रा0 (उ0) 4/11; श0ब्रा0 11/1/3/2, ऐ0ब्रा0 3/50, 6/15.
5. श0ब्रा0 2/5/3/20
6. गो0ब्रा0 (उ0) 5/1.
7. ऐ0ब्रा0 6/2/1.
8. तै0ब्रा0 2/4/3/1, जै0ब्रा0 3/189.

ब्राह्मण साहित्य में दूसरा नवीन तथ्य यह दृष्टिगत होता है कि प्रत्येक ब्राह्मण किसी एक विषयवस्तु पर अपने विचारों को विभिन्न ढंग से प्रतिपादित करते हैं। इन्द्र ने वृत्र का घृत रूपी वज्र से संहार किया।[1] शौनक ब्राह्मण में शक्वरी छन्द[2] एवं शतपथ ब्राह्मण में पुरोकाश द्वारा वृत्र-वध का उल्लेख मिलता है।[3] वहीं एक स्थल पर उल्लेख मिलता है कि इन्द्र ने यज्ञ के द्वारा मायावी ढंग से वृत्र का हनन किया।[4] तैत्तिरीय ब्राह्मणानुसार इन्द्र ने वृत्र-वध दधीचि के अस्थि निर्मित अस्त्र से किया।[5] इन्द्र ने वज्र फेंककर 'वषट्' से वृत्र का वध किया[6] एवं 'ककुभ्' पर स्थित होकर 'उष्णिक्' छन्द के द्वारा वृत्र को उठाकर फेंक दिया।[7] इन्द्र ने 'ककुभ्' एवं 'उष्णिक्' की सहायता से वृत्र का संहार किया।[8] इन्द्र ने 'बृहत्' के द्वारा वृत्र पर वज्र का प्रहार किया तथा 'परमेष्ठिन्' के द्वारा उसको धराशायी कर दिया।[9] इन्द्र ने विशिष्ट छन्दों[10] अथवा पद-स्तोम-सामन्[11] अथवा कण्व-सामन्[12] एवंप्रजापति द्वारा प्रदत्त 'अनुष्टुभ्' एवं 'सप्त होताओं' द्वारा वृत्र-हनन किया।[13]

---

1. "घृतेन हि वज्रेणेन्द्रो वृत्रमहन्निति।" ऐ०ब्रा० 2/3/5.
2. "इन्द्रो वृत्रमशकद्धन्तुमाभिस्तस्माद् शक्वर्यः।" शौ०ब्रा० 23/2.
3. श०ब्रा० 2/4/4/15
4. श०ब्रा० 5/2/3/7.
5. तै०ब्रा० 1/5/8/1.
6. पं०ब्रा० 8/1/2.
7. पं०ब्रा० 8/5/2.
8. "उष्णिक्ककुब्भ्यां वा इन्द्रो वृत्राय वज्रम् उदयच्छद गायत्र्योस् तिष्ठन्। --- स उष्णिक्ककुभोस् तिष्ठन् समपौष्कले बाहू कृत्वा प्राहरत्। तम् अहन्।" जै०ब्रा० 1/158.
9. पं०ब्रा० 12/6/8.
10. पं०ब्रा० 12/13/23.
11. पं०ब्रा० 13/5/22-23.
12. पं०ब्रा० 14/4/5.
13. पं०ब्रा० 12/12/4-6.

इन्द्र का तृतीय प्रमुख एवं शक्तिशाली शत्रु 'नमुचि' था । 'नमुचि' ने छलपूर्वक अपनी शक्ति से इन्द्र का पराक्रम, अन्न एवं सोम का हरण कर लिया, जिसके फलस्वरूप इन्द्र सरस्वती एवं अश्विनौ के समीप याचना करते हैं कि मैंने नमुचि से प्रतिज्ञा की है कि न तुझे दिन में, न रात्रि में, न डण्डे से, न धनुष से, न थप्पड़ से, न मुक्के से, न सूखी चीज से एवं न गीली चीज से मारूँगा । इन्द्र ने सरस्वती एवं अश्विनौ की सहायता से गोधूलि के समय समुद्र-फेन से उसका शिरोच्छेदन कर दिया । यह कहा हुआ शीर्षभाग इन्द्र के पीछे मानव-वधिक का अभियोग लगाकर दौड़ने लगा ।[1] एक स्थल पर उल्लिखित है कि जब इन्द्र ने उस असुर के सिर को अपने चरणकमलों से रौंद दिया तब एक अन्य राक्षस प्रादुर्भूत हुआ ।[2] उसको फेन से मारकर इन्द्र 'मित्रध्रुक' बने गये ।[3] वह शीर्षभाग इन्द्र पर मानव-वधिक अभियोग का आरोपण करके इन्द्र का अनुगमन करते हुए लुढ़कने लगा ।[4] हरिवर्ण सामन् के द्वारा ही इन्द्र ने मुक्ति प्राप्त की ।[5] अतएव इन्द्र को यह सौदा बहुत मँहगा पड़ा, क्योंकि नमुचि ने इनके साथ छल किया ।

---

1. श0ब्रा0 12/7/3/1-3. 2. श0ब्रा0 5/4/1/9-10.

3. "न दिवा न नक्तमिति । स एतमदां फेनमसिंचत् । न वा एष शुष्को ना द्रों व्युष्टासीत्। अनुदित: सूर्य: न वा एतद्दिवा न नक्तम् । तस्यैतस्मिमल्लोके । अपां फेनेन शिर उदवर्तयत् । तदेनमन्यवर्तत । मित्रधुगिति ।।" तै0 ब्रा0 1/7/1/7.

4. श0ब्रा0 12/7/3/1-4.

इन्द्र को सभी देवता एवं प्रजापति समस्त देवों में अत्यधिक शक्तिशाली, सर्वकार्यक्षम एवं रक्षक स्वीकार करते हैं। इतना ही नहीं अपितु समस्त देव सद्कर्मों के द्वारा उच्चपद की प्राप्ति करते हैं। इन्द्र ने वृत्र-वध करके 'विश्वकर्मा'[1] एवं राक्षसों का संहार करके 'विमृध्'[2] की उपाधि धारण की। इन्द्र ने माभिषेक से सबको जीत लिया एवं सब लोकों पर स्वत्व प्राप्त करके सब देवों में श्रेष्ठ एवं प्रतिष्ठित हो गये।[3] प्रजापति ने इन्द्र को महेन्द्र की उपाधि से सुशोभित किया[4] किन्तु इन्द्र ने उनको 'क' नाम से सम्बोधित किया।

पुरोहित वर्ग ने सामान्यतया इन्द्र एवं अन्य देवताओं तथा उनके साहसिक कर्मों को यज्ञ में स्तोत्रिय एवं उक्थों द्वारा सम्मानित किया। असुर एवं राक्षसगण याज्ञिक कर्मों में जानबूझकर तरह-तरह के विघ्न उत्पन्न करते थे[5] - वे कभी यज्ञ-सामग्री में प्रविष्ट हो जाते थे तथा कभी-कभी यज्ञ-सामग्री को लेकर भाग जाते थे।[6] ब्राह्मण साहित्य में इन्द्र की विजयश्री पर पुरोहित वर्ग उच्च स्वर से मन्त्रोच्चारण करता हुआ वर्णित किया गया है।

इन्द्र के महान् कार्यों से प्रभावित होकर प्रतर्दन-पुत्र देश नृपों से युद्ध करता हुआ अपने पक्ष में इन्द्र की सहायता का इतना अधिक इच्छुक था कि इन्द्र के द्वारा आघात पहुँचाये जाने के पश्चात् भी वह इन्द्र की सहायता एवं दया की भिक्षा माँग रहा था।[7] इन्द्र उदारचित्त वाले थे तथा प्रसन्न होकर भक्तों को स्वर्ण-रथ आदि प्रदान कर देते थे।[8]

---

1. ऐ0ब्रा0 4/22.
2. श0ब्रा0 11/1/3/2.
3. ऐ0ब्रा0 8/24.
4. ऐ0ब्रा0 3/1-10.
5. ऐ0ब्रा0 6/2/1, श0ब्रा0 1/1/2/3, 3/1/6, 4/4/8.
6. ऐ0ब्रा0 2/2/6.
7. जै0ब्रा0 3/245-247
8. ऐ0ब्रा0 7/16.

इन्द्र का वर्णन पौरोहित्य एवं दार्शनिक ज्ञान के परिप्रेक्ष्य में लिया जाता है । उन्होंने वसिष्ठ ऋषि से विराज् छन्द का ज्ञान प्राप्त किया और उसके बदले में सम्पूर्ण बलि से प्रायश्चित करना सिखाया जिससे कोई भी इस संसार मे द्युलोक को प्राप्त कर सकता था ।[1] गोपथ ब्राह्मण में इन्द्र ओंकार के विषय में पूर्णज्ञान के लिए प्रजापति के सम्मुख उपस्थित हुए एवं ज्ञान प्राप्त किया ।[2] तैत्तिरीय ब्राह्मण के अनुसार इन्द्र ने पुरुषायुष की समाप्ति पर भरद्वाज को वेद की अनन्तता का उपदेश दिया था ।[3]

ब्राह्मणों में इन्द्र को वाक्[4], वायु[5], प्राण[6], गोप[7], वरुण[8], मनु[9], रेतस्[10] आदि कहा गया है । शतपथ ब्राह्मण में इन्द्र का गुप्त नाम अर्जुन है ।[11] वे

---

1. श०ब्रा० 12/6/1/38-41.   2. गो०ब्रा० [उ०] 1/25.

3. "भरद्वाजो ह वा त्रीभिरायुभिर्ब्रह्मचर्यमुवास । तं जीर्णि स्थविरं शयानमिन्द्र उपव्रज्योवाच भरद्वाज । यत्ते यतुर्थ्यायुर्दधाम किं तेन कुर्या: +-------- । तै०ब्रा० 3/10/11.

4. कौ०ब्रा० 2/7, 13/5.

5. "अयं वा इन्द्रो य एष पवते ।" श०ब्रा० 14/2/2/6.

6. श०ब्रा० 6/1/2/28.

7. "इन्द्र वै गोपा:" गो०ब्रा० [उ०] 2/20.

8. इन्द्र वै वरुण: गो०ब्रा० [उ०] 1/22.

9. गो०ब्रा० 4/11.   10. श०ब्रा० 12/9/1/17.

11. "अर्जुनो ह वै नामेन्द्रो यदस्य गुह्यं नाम ।" श०ब्रा० 5/4/3/7.

सागर के समान विशाल हैं । देवता भी इन्द्र की महत्ता स्वीकार करते हैं ।[1] उत्तम रक्षक होने के कारण उन्हें 'सुत्रामा'[2] एवं विश् (प्रजा) ही जिसकी शक्ति है ऐसे वे 'विडौजा'[3] विशेषण से अभिहित किये जाते हैं ।

अत: उपर्युक्त विवरण के आधार पर यह सुनिश्चित है कि ब्राह्मण साहित्य में कर्मकाण्डीय याज्ञिक वातावरण होने के फलस्वरूप भी इन्द्र का महत्त्व सुरक्षित था । यज्ञों में इनका आह्वाहन होता था तथा यज्ञानुष्ठानों के द्वारा इनकी शक्ति वर्द्धित की जाती थी । इतना ही नहीं अपितु माध्यन्दिन सवन पर भी इनका एकच्छत्र अधिकार था । वे समस्त देवों में श्रेष्ठ एवं शक्तिशाली थे । अतएव पुरोहितों द्वारा इनका गुणगान भी किया जाता था ।

---

1. "इन्द्रो वै नो वीर्यवत्तम: ।" श0ब्रा0 4/6/6/3.

2. श0ब्रा0 5/4/4/24.

3. श0ब्रा0 5/4/4/11.

आरण्यकों एवं उपनिषदों में इन्द्र देवता

आरण्यकों एवं उपनिषदों में मानवीय विचारों में क्रान्तिकारी परिवर्तन हुए । जिसने मनुष्यों को ब्रह्म-आत्मा, जीवन-मरण, सत्य-असत्य, पाप-पुण्य, एकत्व-अनेकत्व, संभूति-असंभूति, विद्या-अविद्या, द्वैत-अद्वैत आदि मौलिक प्रश्नों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया । वैदिक इन्द्रादि देवता अपनी महत्ता को सुरक्षित रखने में असक्षम सिद्ध हुए । इतना ही नहीं, अपितु ब्रह्मज्ञान के समक्ष इन्द्र के आश्चर्योत्पादक महनीय कार्य नगण्य एवं गौण हो गये ।

शौनकोपनिषद्[1] में उल्लिखित है कि देवासुर संग्राम देवताओं के द्वारा 'ओम्' की सहायता से जीता गया था । इन्द्र 'ओम्' की महत्ता से भिज्ञ था अतएव 'ओम्' नामक शस्त्र को खोजकर उसका प्रयोग असुरों पर किया । इन्द्र ने प्रातः, मध्याह्न एवं अन्तिम तर्पण में क्रमशः 'वसु' 'रुद्र' आदित्यों को युद्ध सेनानाय नियुक्त किया किन्तु 'ओम्' को प्रत्येक बार प्रथमतः रखा । अतएव इन्द्र की बुद्धिमत्ता के द्वारा असुरों को त्रिबारन् पराजय का मुख देखना पड़ा । इसी प्रकार का द्वितीय संग्राम बृहदारण्यक[2] एवं छान्दोग्योपनिषद्[3] में वर्णित है । जिसमें इन्द्रादि अन्य देवताओं ने असुरों पर विजय प्राप्त करने के लिए मुख्य प्राण का अवलम्बन लिया था क्योंकि देवताओं के द्वारा प्रयुक्त इन्द्रियों-नासिका, वाणी

---

1. शौ०उ० 1-50   2. बृ०उ० 1/3/1-7.

3. देवासुरा ह वै यत्र संयेतिर उभये प्राजापत्यास्तद्ध देवा उद्गीथमाजहुरनेनैनानभिभविष्याम इति ॥ ते ह नासिक्यं प्राणमुद्गीथमुपासांचक्रिरे तं हासुराः पाप्मना विविधुस्तस्मात्तेनोभयं जिघ्रति सुरभि च दुर्गन्धि च पाप्मना ह्येष विद्धः । ---- अथ ह य एवायं मुख्यः प्राणस्तमुद्गीथमुपासांचक्रिरे तं हासुरा ऋत्वा विदध्वंसुर्यथा श्मान-मास्वणृत्वा विध्वंसेत ॥ छा०उ० 1/2/1-7.

चक्षु, कर्ण एवं मानस को क्रमशः असुरों ने पाप के द्वारा निष्क्रिय बना दिया था ।

नैतिक रूप से औपनिषदिक इन्द्र का चरित्र निष्कलंक एवं बुराईयों से अछूता था । उन्होंने सूक्ष्मज्ञान एवं तपश्चर्या के द्वारा अपने चरित्र को उच्चकोटि का बना लिया था । इन्द्र औपनिषदिक ज्ञान से अत्यन्त प्रभावित हो एवं अपने उच्चतम आत्मिक ज्ञान को वर्द्धित करने के सम्बन्ध में गम्भीर थे । इन्द्र एवं अन्य देवताओं से यह आशा नहीं की जा सकती थी कि वे दैवी शक्ति से युक्त होने के फलस्वरूप भी त्रिकालदर्शी एवं सर्वज्ञ हैं । ब्रह्मात्म ज्ञान के गहनतम विचार हेतु एवं उनको अपनी आत्मा को विशुद्ध करने के लिए अधिकाधिक कष्टों को वहन करना पड़ा था ।

ऐतरेय आरण्यक[1] में उन्होंने विश्वामित्र एवं भरद्वाज के साथ प्राण-विद्या पर प्रकाश डालने का उल्लेख मिलता है । ब्रह्मज्ञान के साथ ही इन्द्र को चतुर्वेदों का सर्वाधिक ज्ञाता माना गया था ।

याज्ञवल्क्य ऋषि ने शतपथ ब्राह्मण में देवताओं को जो महत्त्व प्रदान किया था उसका अनुमोदन बृहदारण्यक[2] ने किया है । बृहदारण्यक 3306 देवताओं की बृहत् संख्या में 33 महान् देवताओं की कोटि में इन्द्र की गणना करता है । इन्द्र का कार्यकलाप प्रजापति की तुलना में निम्न था । परन्तु इन्द्र देवों के अधिपति थे । बृहस्पति इनके गुरू थे । इन्द्र एवं अन्य देवताओं के आशीर्वाद उन ऋषियों के तुल्य थे जो वेदज्ञ एवं इच्छा विमुक्त थे । ब्रह्मोपनिषद्[3] का यहाँ तक कथन है कि इन्द्रादि देवों की प्रसन्नता परमयोगी से न्यून है । उपनिषदों में वे

कभी-कभी इन्द्रियों के पीठासीन् देवता एवं कभी-कभी दिक्पालों और दस दिशाओं के स्वामी के रूप में वर्णित हैं। बृहदारण्यक[1] में दिक्पालों के नाम वर्णित हैं। किन्तु उन पाँच दिक्पालों में इन्द्र का नाम सम्मिलित नहीं है।

धार्मिक लेखों के उपदेश एवं तथ्यों से विदित होता है कि परब्रह्म ही सर्वस्व है एवं वे ही अणुओं में, तीनों लोकों में सम्पूर्ण जगत् एवं सर्वथा, सर्वदा सभी जीवों में अनुस्यूत हैं। वह सर्वजगत्कारणस्वरूप जगद्बीज, समस्त प्राणिसमष्टिरूप, ब्रह्माण्ड देह सच्चिद् आनन्दघन दिक्काल विराट् पुरुष हैं। इन्द्र आदि अन्य देवता प्रकारान्तर से ब्रह्म के विभिन्न रूप हैं।[2] ये व्यक्तिगत देवता विश्व-संचालन में अपने धर्म का निर्वाह प्रकाशनमात्र के लिए करते हैं।[3] इस तथ्य को उमा हेमवती ने इन्द्र से बतलाया था कि सभी पवित्र एवं प्रशंसनीय कार्य जो इन्द्रादि देवों के नाम पर हुए हैं उसमें ब्रह्म का पूर्ण हाथ है।[4] ब्रह्म ही सर्वज्ञ, सर्वव्यापी एवं सर्वशक्तिमान् है। तो यह कहना उचित है कि विश्व का सम्पूर्ण कार्य ब्रह्म के भयवश हुआ है।[5]

इन्द्र देवाधिपति[6] के रूप में अपना अलग लोक स्थापित किये थे। एक योगी अपनी नासिका के द्वारा प्राणायाम करके इन्द्रलोक का दर्शन कर सकता था। एक याज्ञिक यज्ञ में बलि के द्वारा इन्द्रलोक में पहुँच सकता था। एक बलिष्ठ योद्धा

---

1. बृ0उ0 3/9/20, 24.
2. प0उ0 2/5, मै0उ0 4/12-13, 5/8.
3. प0उ0 2/9.
4. के0उ0 3/12, 4/1.
5. बृ0उ0 3/8/9, के0उ0 2/3/3

   ' ----- भयादिन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पंचमः ॥"

6. मै0उ0 5/9.

   ' ---------------- सम्राडिन्द्रः ।

अपने युद्ध कौशल एवं नीति एवं शक्ति के द्वारा उस लोक पर आधिपत्य स्थापित कर सकता था जैसा-प्रतर्दन ने किया था । लोकों के क्रम में इन्द्र लोक का पंचम स्थान था । वैदिक देवताओं के मध्य ब्रह्मज्ञानियों के उत्कर्ष एवं प्रजापति, इन्द्रादि अन्य देवताओं का पलायन ही ब्रह्मज्ञान का महत्त्व दर्शित करता है । अतएव ब्रह्मलोक के दो द्वारपालों[1] इन्द्र एवं प्रजापति का मानभंग ब्रह्मलोक की महत्ता प्रकट करता है ।

मुख्यत: देवों की ऐसी धारणा बन गयी थी कि ब्रह्मज्ञान के द्वारा ही लोगों का ध्यान यज्ञानुष्ठान एवं दैनिक पूजा से हटकर ब्रह्म प्राप्ति की ओर प्रेरित हुआ है ।[2] तदनन्तर बुद्धिमान् ऋषियों ने देवताओं की पूजा एवं विचार-मग्नता हेतु इन्द्र और अन्य देवताओं के स्थान पर 'ओम्' शब्द ढूँढ निकाला एवं आदित्य, उद्गीथ, प्राण एवं विज्ञान इत्यादि को शोध किया । इन्द्र भी उद्गीथ एवं आदित्य के विचारमग्नता से सम्बन्धित थे ।[3] उद्गीथ उपासना में वह स्वरों का प्रभारी समझा जाता था क्योंकि छान्दोग्योपनिषद्[4] भक्तों को

---

1. "स आगच्छतील्यं वृक्षं ----- स आगच्छतीन्द्र प्रजापती द्वारगोयौ तावस्यादपद्रक्त: स आगच्छति ----------- ।" कौ०उ० 1/5.

2. "ब्रह्म वा इदमग्र आसीत्तदात्मानमेवावेदहं ब्रह्मास्मीति । तस्मातत्सर्वमभवत् तद्यो यो देवानां प्रत्यबुध्यत स एव तदभवत्तथर्षीणां तथा मनुष्याणां ------ तस्मादेषां तन्न प्रियं यदेतन्मनुष्या विद्यु: ॥ बृ०उ० 1/4/10.

3. छा०उ० 3/7/1, 3.

4. "सर्वे स्वरा इन्द्रस्यात्मान: सर्व ऊष्माण: प्रजापतेरात्मान: सर्वे स्पर्शा मृत्यो-रात्मानस्तं यदि स्वरेषूपालभेतेन्द्रं शरणं प्रपन्नो भूवं स त्वा प्रति वक्ष्यती-त्येनं ब्रूयात् ॥" छा०उ० 2/22/3.

ऐसी सम्पत्ति देता है यदि वे स्वरोच्चारण में त्रुटि करते हैं तो ये इन्द्र के शरण में जाय । उद्गीथ में अनेकों उद्गान हैं जिसमें एक उद्गान इन्द्र को समर्पित किया गया है ।[1] अन्ततोगत्वा इन्द्र को ब्रह्मन् होने का गौरव प्राप्त है ।[2] व्युत्पत्तिमूलक दशा में भी इन्द्र को ब्रह्मन् सिद्ध किया गया है ।[3] तथा उस सन्दर्भ में एक दृष्टान्त प्रस्तुत किया जाता है जिसमें इन्द्र को अन्य देवताओं की अपेक्षा उच्च स्थान प्राप्त हैं । समस्त सृष्टि एवं देवताओं में जैसे - अग्नि, वायु, आदित्य जो इन्द्रिय ज्ञान प्रधान देवताओं के शासक है उनके मध्य ब्रह्मन् उस मानव समाज में जीवात्मा की भाँति प्रविष्ट हुआ । व्यक्तिगत आत्मा ने अपने श्रम की आत्मा का बोध करते हुए इसे ब्रह्म कहकर चिल्लायी "मैंने उसे देख लिया है ।"[4] अतएव उसका नाम 'इदन्द्र' पड़ा । जिसका शाब्दिक अर्थ है देखा गया है । मानवजन इसे परोक्ष नाम प्रायोगिक दृष्टिकोण से प्रार्थना एवं पूजा में इन्द्र कहते हैं ।

अत: बृहदारण्यक भी पुरुष (जीवात्मा) के आध्यात्मिक वर्णन करता है अर्थात् इन्द्र अपनी स्त्री संज्ञी के साथ शरीर में व्याप्त होकर पारिवारिक जीवन यापन करते हैं । इसी जीवात्मा को 'इन्ध' कहते हैं । उसका प्रत्यक्ष नाम

---

1. छा0उ0 2/22/1.
2. "तदा इदं बृहतीसहस्रं संपन्नं तद्यश: स इन्द्र: स भूतानामधिपति: । स य एतमेतमिन्द्रं भूतानामधिपति' वेद विस्रसा हैवास्माल्लोकात्प्रैतीति स्माह महिदास ऐतरेय: प्रत्येन्द्रो भूत्वैषु लोकेषु राजति ।' -------------------- -------------------- लोकमाभवति ॥" ऐ0आ0 2/3/7.
3. स ईक्षतेमे नु लोकाश्च लोकपालाश्चान्नमेभ्य: सृजा इति । सो पो भ्यतपत्ताभ्यो भितप्ताभ्यो मूर्तिरजायत ----- स एतमेव पुरुषं ब्रह्मततममपश्यत्। इदमदर्शमिती । --- परोक्षप्रिया इव हि देवा: ॥
ऐ0आ0 2/4/3, ऐ0उ0 1/3/11-14.
4. स एतमेव ब्रह्मततममपश्यत् । इदमदर्शमिती । ऐ0उ0 1/3/13, ऐ0आ02/4/3.

'इन्ध' एवं परोक्ष नाम 'इन्द्र' है ।[1] इन्द्र स्वयं ही अपने को विश्वामित्र के रूप में दर्शित करता है जो 'प्राण' अथवा 'ब्रह्म' की भाँति लोक में विख्यात है ।[2] उसने प्रतर्दन को अपना सामान्य परिचय देते समय पौराणिक चरित्र अर्थात् विशिष्ट देव इन्द्र ही का जो पौराणिक क्रियाकलापों के लिए प्रसिद्ध है बतलाया था । तदनन्तर उसने अपने को ब्रह्म का परिचय देते हुए एवं सम्पूर्ण सिद्धान्तों का निरूपण करते हुए परिचय दिया है ।[3] उसी प्रकार वाष्कल उपनिषद् में मेधातिथि एवं इन्द्र के मध्य कवित्वपूर्ण तथा दार्शनिक संवाद का वर्णन मिलता है । इनमें इन्द्र के साहसिक कार्यों की गणना भी सम्मिलित है । इन्द्र मेधाविधि से अपने वास्तविक स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहते हैं मैं सर्वव्यापी, दयालु, सर्वस्व एवं सर्वज्ञ हूँ ।[4]

अतएव पौराणिक व्यक्तित्व को छोड़कर इन्द्र भी सर्वोच्च दार्शनिक विचार अर्थात् ब्रह्म में ही समाहित हो गये ।

---

1. इन्धो ह वै नामैष यो यं दक्षिणेऽक्षन्पुरुषस्तं वा एतमिन्ध सन्तमिन्द्र इत्याचक्षते परोक्षेणैव परोक्षप्रिया इव हि देवा: प्रत्यक्षद्विष: ॥
   अथैतद्वामेऽक्षणि पुरुषमैषास्य --- भत्यस्माच्छारीरादात्मन: ॥
   बृ०उ० 4/2/2; 3.

2. ऐ०आ० 2/2/3, शां०आ० 1/6.

3. शां०आ० 5/1/2;
   'प्रतर्दनो ह दैवोदासिरिन्द्रस्य प्रियं धामोपजगाम । --- मुखान्नीलं वेतीति । स होवाच प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा तं मामायुरमृतमित्युपास्स्व अस्ति त्वेव प्राणानां नि:श्रेयसमिति ॥' कौ०उ० 3/1/1-2.

4. अहमस्मि जरिता सर्वतोमुख: पर्यारण: परमेष्ठी: नृचक्षा. ।
   अहं विष्वङ् हमस्मि प्रसत्वानहमेकोऽस्मि यदिदं नु किं च ॥
   बा०म०उ० - 25.

महाकाव्यों में इन्द्र

ऋग्वेदीय एकच्छत्र सम्राट् इन्द्र का महत्त्व महाकाव्यों में उत्तरोत्तर ह्रसित होने लगा था और उनकी सामरिक शक्ति भी शनैः शनैः क्षीण होती जा रही थी। उसका जीवन श्रृंगारिक एवं विलासी हो गया था पुनरपि अपनी लोकप्रियता के कारण ये भारतीय धारणा के द्युलोक के देवाधिपति बन गये।

प्राकृतिक अवधारणा के आधार पर पर्यावलोकन करने से विदित होता है कि ऋग्वेद में इन्द्र का वृष्टि-देव, सूर्य-देव, आकाश-देव, प्रकाश-देव एवं युद्ध-देव आदि के रूप में बहुप्रयुक्त नैसर्गिक व्यक्तित्व महाकाव्यों में केवल वृष्टि-देव के रूप तक ही सीमित है। इन्द्र के उक्त स्वरूप के विषय में महाकाव्यों में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध है।

वृष्टि-देव के रूप में इन्द्र कभी स्वयं प्रसन्न होकर, कभी जनसामान्य की प्रार्थना पर एवं कभी ऋषियों एवं मुनियों के तपोबल से प्रभावित होकर मेघों को वृष्टि करने का आदेश देते हुए महाकाव्यों में वर्णित किये गये हैं। उदाहरणार्थ जब राजा कुवलाश्व मधुकैटभ-पुत्र धुन्ध के वध के लिए प्रस्थान किया तब इन्द्र ने मेघों को वृष्टि हेतु आदेश दिया।[1]

इन्द्र कभी-कभी अप्रसन्न होकर अकाल वृष्टि एवं अनावृष्टि कर देते थे। अङ्ग देश के राजा लोमपाद से अप्रसन्न होकर इन्द्र ने उनके राज्य में वृष्टि नहीं किया किन्तु काश्यप मुनि-पुत्र ऋष्यशृङ्ग के तपोबल से प्रभावित होकर उन्होंने अकाल

---

1. "शीतश्च वायुः प्रववौ प्रयाणे तस्य धीमतः ।
   विपांसुलां महीं कुर्वन् ववर्ष च सुरेश्वरः ॥"
   वेदव्यास महाभारत, आरण्यक०, 204/16.

में भी वृष्टि कर दी ।[1] त्रेता एवं द्वापर-युग के सन्धि-काल में जगत् में दैवेच्छा से ॥बारह॥ द्वादश वर्षों तक घोर अनावृष्टि थी । त्रेता के अन्त एवं द्वापर के आरम्भ में वृष्टि अवरुद्ध होने पर प्रत्ययकाल उपस्थित हो गया क्योंकि देवराज इन्द्र ने जल-वृष्टि नहीं की ।[2] ऐसा विश्वास किया जाता है कि कलियुग में वह समय पर वृष्टि नहीं होने देंगे एवं सर्वत्र पाप का प्रकोप दृष्टिगत होगा।[3] इन्द्र ने सर्वभूतहितैषी अगस्त्य मुनि के द्वादशवर्षीय यज्ञ में अनावृष्टि कर दी । अतएव मुनि ने अप्रसन्न होकर तप किया और उनके तप के प्रभाव से इन्द्र ने यज्ञकालीन अवधि तक यथेष्ट जलवृष्टि की ।[4] विश्रवा मुनि एवं कैकसी के संयोग से पुत्रोत्पन्न होने पर उन्होंने रुधिर की वृष्टि की[5] एवं अपशकुन के समय धृतराष्ट्र के पुत्रों के पराजित होने पर इन्द्र ने रक्त एवं धूलकणों की वृष्टि की ।[6] एक बार मान्धाता के राज्य में द्वादश वर्षों तक अनावृष्टि रही किन्तु ये शस्य की वृद्धि हेतु इन्द्र के

---

1. "तपसो य: प्रभावेण वर्षयामास वासवम् ।
   अनावृष्टयां भयाद्यस्य ववर्ष वलवृत्रहा ॥"
   - महा०, आरण्यक०, 110/3, 21-23.

2. महा०, शान्ति० 139/15-13.

3. "यथर्तुवर्षी भगवान्न तथा पाकशासन: ।
   च चापि सर्वबीजानि सम्यग्रोहन्ति भारत॥"
   - महा०, आरण्यक०, 186/44, 188/76.

4 महा०, आश्वमेधिक 92/14-22; 23.

5. शमा०, उत्तर०, 9/19-32

6. महा०, शल्य०, 58/51, 52.

ऊपर आश्रित नहीं रहे अपितु अपनी शक्ति से उन्होंने वृष्टि की ।[1] जिस प्रकार प्रजापति प्रजा की रक्षा करते हैं वैसे ही बार-बार अनावृष्टि के समय भूतभावन वसिष्ठ देव ने समस्त जीवों को तपोबल से जीवित रखा ।[2] समुद्र-मन्थन के समय वृक्षों के घर्षण से उत्पन्न अग्नि एवं नाग वासुकि के फन से निःश्वसित श्वास रूपी अग्निज्वाला का इन्द्र ने ही शमन किया था ।[3]

इन्द्र प्रत्येक देव-संग्राम का नेतृत्व करते थे तथापि वे सदैव इन्द्र-पद हेतु सशंकित होकर उनके तपोभंग का विविध प्रकार से उपाय करते थे यथा - विश्वामित्र का तपोभंग मेनका के द्वारा किया[4] तथा इन्द्र ने त्रिशिरा के तपोभंग हेतु अनेकों अप्सराओं को प्रेषित किया और विफल होने पर त्रिशिरा का वध कर दिया पुनरपि इन्द्र ने भयवश तक्षक से उसके शीर्षभाग के तीन टुकड़े करवा दिये । उस कटे हुए शीर्षभाग से कपिंजल, तीतर एवं गौरय्या पक्षी बाहर निकले । पुत्र-शोक से ग्रसित त्वष्टा ने इन्द्र के बधार्थ वृत्रासुर की सृष्टि की ।[5]

---

1. "तेन द्वादशवार्षिक्यामनावृष्ट्यां महात्मना ।
   वृष्टं सस्यविवृद्ध्यर्थं मिषतो वज्रपाणिनः ॥"
   - महा०, आरण्यक०, 126/39.

2. महा०, शान्ति०, 226/27.

3. महा०, आदि०,- 16/24.

4. महा०, आरण्यक०, 71/29-36

5. महा०, उद्योग०, 9वाँ एवं 10वाँ अध्याय ।

इन्द्र - वृत्र - सङ्ग्राम का वर्णन महाकाव्यों में बहुचर्चित घटना के रूप में उल्लिखित है । वृत्र के पराक्रम से संतप्त एवं व्याकुल देवता दधीचि ही अस्थि हेतु उनके समीप उपस्थित होकर अपना फरियाद कहते हैं । दधीचि लोककल्याणार्थ के योग-बल से अपना शरीर त्याग देते हैं ।[1] महाभारत में वृत्र को परम ज्ञानी एवं धर्मज्ञ के रूप में वर्णित किया गया है । एक बार यह त्रयलोक को जीतने की इच्छा से तप करता है एवं युद्ध के अवसर पर विष्णु के दर्शन भी करता है ।[2] वृत्र के तपोबल से सशंकित होकर इन्द्र ने उसका वध कर दिया एवं ब्रह्महत्या के आक्षेप के भय से इन्द्र जल में छिप गया ।[3] एवं ब्रह्महत्या से मुक्ति हेतु इन्द्र ने मंत्रपूत जल से स्नान किया ।[4] रामायण में उल्लिखित है कि ब्रह्महत्या से मुक्ति हेतु बृहस्पति आदि देवों ने देवेश्वर को आगे करके अश्वमेध यज्ञ किया ।[5]

---

1 महा०, आरण्यक०, 100/21, शल्य० 51/29,30, शान्ति० 242/40.

2. महा०, शान्ति०, 279/13-31.

"युयुत्सुना महेन्द्रेण पुंसा सार्धं महात्मना ।
ततो मे भगवान् दृष्टो हरिर्नारायणःप्रभुः ॥"
- महा०, शान्ति०, 279/28.

3. महा०, शान्ति, 282/10-18;
उद्योग०, 10/38-43.

4. रामा०, बाल०, 24/18-20.

5. रामा०, उत्तर०, 86/7-8.

इन्द्र का द्वितीय प्रमुख शत्रु नमुचि था । जिसका वर्णन महाभारत में 3 स्थलों पर उल्लिखित है ।[1] शल्यपर्व की कथा इस प्रकार है : एक बार नमुचि इन्द्र के भय से सूर्य-रश्मियों में समा गया किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि इन्द्र ने उसके साथ एक संविदा की थी, जिसके अनुसार वे उसे किसी भी शस्त्र से - चाहे भीगा हो अथवा सूखा दिन अथवा रात्रि में नहीं मार सकते थे । आश्वासित होकर वह सूर्य-रश्मियों से बाहर निकल आया किन्तु इन्द्र ने विश्वासघात करके समुद्र के फेन से उसका शिरोच्छेद कर दिया । वह शीर्षभाग इन्द्र पर अभियोग लगाते हुए अनुगमन करने लगा । तदनन्तर इन्द्र अरुण नदी में स्नान करके कल्मष-मुक्त हुए महाभारत में वृत्र एवं नमुचि के वध की कथा में समानता दृष्टिगत होती है ।[2]

अपने दर्प में किये गये दुर्व्यवहार के कारण इन्द्र को अनेकों बार ऋषियों का कोपभाजन बनना पड़ा । इन्द्र के निषेध करने पर भी च्यवन ऋषि ने वैद्यराज अश्विनौ को सोमपान कराया । क्रुद्ध होकर इन्द्र ने उनका वध करने के लिए वज्र उठाया किन्तु तपोबल से उनकी दाहिनी भुजा स्तम्भित हो गयी एवं ऋषि ने इन्द्र के भक्षणार्थ मद नामक दैत्य की सृष्टि की ।[3] अन्ततोगत्वा विवश होकर इन्द्र को च्यवन ऋषि की शरण में जाना पड़ा ।

---

1. महा०, आरण्यक०, 25/10; 292/4;

"चिच्छेदास्य शिरोराजन्नपां फेनेन वासवः ।
तच्छिरो नमुचेश्छिन्नं पृष्ठतः शक्रमन्वियात् ॥"

"भो भो मित्रहन्पापेति ब्रुवाणं शक्रमन्तिकात् ।
एवं स शिरसा तेन चोद्यमानः पुनः पुनः ॥"

महा०, शल्य०, 43/37-38

2. महा०, उद्योग०, 10/1-39.

3. महा०, आरण्यक०, 124/13-21; अनुशासन०, 141/27.

सम्पूर्ण वैदिक साहित्य में अहल्या के साथ इन्द्र के समागम का उल्लेख मिलता है किन्तु इस कथा को रामायण मेंराम के साथ संयोजित करके अत्यधिक रोचक बना दिया गया है। रामायण के बालकाण्ड एवं उत्तरकाण्ड की ही कथा में कतिपय परिवर्तन दृष्टिगत होते हैं। बालकाण्ड[1] में देवाधिराज इन्द्र गौतमऋषि का वेष धारण करके अहल्या के साथ समागम की याचना करते हैं। अतएव अहल्या स्वेच्छा से अभिगमन करती है। जब ऋषि को उन दोनों के कुकृत्यों का पता अदृश्य रूप से आश्रम में निवास करने का शाप देते हैं किन्तु साथ ही यह विधान कर देते हैं कि राम के इस आश्रम में प्रवेश लेते ही दर्शनमात्र से उसे अपना स्त्रीरूप पुन:प्राप्त हो जाएगा। उत्तरकाण्ड[2] में अहल्या छद्मवेषधारी इन्द्र को अपना पति गौतम समझकर ही आत्मसमर्पण करती है। देवशर्मा इन्द्र को परस्त्रीगामी कहते हैं।[3] क्योंकि उनकी पत्नी रुचि के साथ भी इन्होंने असंयत व्यवहार किया था।

महाकाव्यों में इन्द्र के मानवीय स्वरूप का प्रभावोत्पादक वर्णन किया गया है। कुन्ती के गर्भ से अर्जुन के जन्म के यहीं कारण बने एवं उनके जीवन-रक्षा

---

1. रामा०, बाल०, 48/18-33.

"वायुभक्षा निराहारा तप्यन्ती भस्मशायिनी।
अदृश्या सर्वभूतानामाश्रमे स्मिन् वसिष्यति ॥

यदा चैतद् वनं घोरे रामो दशरथात्मज:।
आगमिष्यति दुर्धर्षस्तदा पूता भविष्यसि ॥"

— रामा०, बाल० 50/30-31.

2. "अज्ञानाद् धर्षिता नाथ त्वद्रूपेण दिवौकसा।
न कामकाराद् विप्रर्षे प्रसादं कर्तुमर्हसि ॥"

— रामा०, उत्तर० 30/42.

3. महा०, अनुशासन०, 40/19.

हेतु ब्राह्मण वेष-धारण कर कर्ण से कवच एवं कुण्डल की प्राप्ति की ।[1] रावण-पुत्र मेघनाद ने इन्द्र को पराजित करके 'इन्द्रजित्' की उपाधि धारण की ।[2] खाण्डव दाह में अर्जुन ने इन्द्र को बुरी तरह परास्त किया ।[3] कार्त्तिकेय की बढ़ती हुई शक्ति को देखकर इन्द्र ईर्ष्या के वशीभूत होकर उनकी शक्ति समाप्त करने के लिए युद्ध करते हैं, किन्तु विफल होने पर उसकी महत्ता स्वीकार करते हैं ।[4] इन्द्र निवात एवं कवच नामक असुर का वध करने के लिए पृथिवी-लोक से अर्जुन को बुलाते हैं ।[5]

महाभारत में एक विचारणीय प्रसङ्ग सोम का है । ऋग्वेद में इन्द्र श्येन नामक पक्षी के द्वारा द्युलोक से सोम मँगवाते हैं किन्तु इन्द्र यहाँ पर सोम लेने के लिए आये हुए गरुड़ का यथाशक्ति विरोध करते हुए सोम-रक्षक के रूप में वर्णित हैं।[6] वे अमृत-वृष्टि से कौरवों के द्वारा बाधित गन्धर्वों को जीवनदान देते हैं ।[7] राजा युवनाश्व के मातृविहीन पुत्र का पालन-पोषण अपनी अमृतवर्षिणी तर्जनी अंगुली को पिलाकर करते हैं ।[8] रामायण में ऐसा उल्लेख मिलता है कि पर्वतों के पंख हुआ करते थे । एक बार कुपित होकर इन्द्र ने वज्र से लाखों पर्वतों को पंखविहीन कर दिया[9]।

---

1. महा०, आरण्यक०, 293/23, 294/1-40.
2. रामा०, उत्तर०, 30/1-5.
3. महा०, आदि०, 226वाँ एवं 228वाँ अध्याय ।
4. महा०, आरण्यक०, 227वाँ अध्याय ।
5. महा०, 43/8-15.
6. महा०, आदि०, 33/18-25.
7. महा०, आरण्यक०, 245वाँ अध्याय ।
8. महा०, 126/27-29.
9. रामा०, सुन्दर०, 1/122-125.

महाकाव्यों में मानव-स्वभाव की परीक्षा लेना इन्द्र का महत्त्वपूर्ण एवं विशेष कार्य था । इसी सन्दर्भ में इन्द्र ने भारद्वाज-कन्या श्रुतावती[1], राजा शिवि[2] एवं कर्ण[3] की परीक्षा ली । एक स्थल पर इन्द्र शुक की परीक्षा लेते हुए वर्णित किये गये हैं, जो अपने शुष्क वृक्ष का परित्याग करके अन्यत्र कहीं भी जाने का इच्छुक नहीं है ।[4]

उपरोक्त जिन तथ्यों का प्रतिपादन किया गया है उनसे स्पष्ट होता है कि इन्द्र के गुणों में प्रमुखतः द्युलोक का प्रभुत्व और उनका प्राकृतिक रूप-वृष्टि-देव का भाव ही लक्षित होता है । इनकी प्रकृति से सम्बन्धित सर्वाधिक गहन मूर्तीकरण का कारण निश्चितरूप से कुछ वासनात्मक, विलासात्मक एवं अनैतिक प्रवृत्तियाँ ही हैं ।

---

1. महा०, शल्य०, 48/2-58.

2. महा०, आरण्यक०, 131वाँ अध्याय ।

3. महा०, आरण्यक०, 293/23, 294/1-40.

छ. इन्द्र का अन्य देवों से सम्बन्ध

इन्द्र का अन्य देवताओं के साथ सम्बन्ध किया गया है । दैत्यों के विनाश के लिए इन्हें देवों द्वारा उत्पन्न किया गया है ।[1] किन्तु यहाँ पर निश्चित रूप से 'जन्' क्रिया केवल 'निर्मित करने' के लाक्षणिक आशय में ही प्रयुक्त हुई है ।[2] इन्द्र तथा कुछ देवों को उत्पन्न करने वाले के रूप में एक बार सोम का उल्लेख है ।[3] पुरुष सूक्त में कहा गया है कि इन्द्र और अग्नि ब्रह्मा के मुख से निकले हैं ।[4] शतपथ ब्राह्मण के अनुसार इन्द्र के साथ ही साथ, अग्नि, सोम, परिमेष्ठिन् का प्रजापति से सृजन हुआ ।[5] तैत्तिरीय ब्राह्मण संहिता में यह व्यक्त किया गया है कि देवों में अन्तिम इन्द्र की रचना प्रजापति ने की ।[6]

---

1. Zeitschrift der Deutschen Morgenlandischen, Gesellschaft - 32.

2. Hiller brandt : Vedische Mythologie 1-2-13, पिशेल वेदिशे स्टूडियन, 3/51.

3. F.N. 1.

4. तु0की0 वही, 2/38.

5. ब्लूम फील्ड, फुट नोट नं0 । 2/38.

6. F.N. 1.

इनके प्रमुख मित्र तथा सहायक मरुद्गण हैं जिनका असंख्य स्थानों पर इन्द्र के युद्ध अभियानों में इनकी सहायता करने वाले के रूप में उल्लेख है । इन देवों में [मरुतों] से इन्द्र का घनिष्ठ सम्बन्ध है कि "मरुत्वत्" उपाधि जो यद्यपि कभी कभी कुछ अन्य देवों के लिए भी प्रयुक्त है इन्द्र की विशेषता है और इनका साथ ही "मरुद्गण" का प्रयोग मात्र ही इन्द्र का बोध कराने के लिए पर्याप्त है ।[1]

अग्नि के साथ इन्द्र को एक युगल देव के रूप में किसी अन्य देव की अपेक्षा कहीं अधिक बार संयुक्त किया गया है ।[2] यह स्वाभाविक भी है कि विद्युत अग्नि का एक रूप है यह भी कहा गया है कि इन्द्र ने दो पत्थरों के बीच से अग्नि को उत्पन्न किया ।[3] अग्नि को जल में छिपा हुआ पाया ।[4] इन्द्र को कभी कभी वरुण और वायु के साथ और कुत कुछ कम वार सोम, बृहस्पति, पूषन् और विष्णु के साथ सम्बद्ध किया गया है । इन देवों में विष्णु इन्द्र के विश्वासपात्र मित्र हैं और कभी कभी दैत्यों के साथ युद्ध में इन्द्र की सहायता भी करते हैं ।[5]

---

1. शतपथ ब्राह्मण 4/5-42.
   Journal of the Royal Asiatic Society, 9.65.

2. यास्क : निरुक्त 10.

3. Zeiterchrift der Deutschen Morgenlandischen, Gresellschaft - 1.

तीन या चार स्थलों पर इन्द्र का सम्बन्ध सूर्य के साथ हुआ है[1] प्रथम पुरुष में बोलते हुए इन्द्र यह कहते हैं कि एक समय में हम मनु और सूर्य के इन्द्र को एक बार प्रत्यक्ष रूप से सूर्य कहा भी गया है ।[2] और एक दूसरे मन्त्र में सूर्य और इन्द्र का एक इस प्रकार का आवाहन किया गया है मानों यह दोनों ही व्यक्ति हों[3] - एक स्थल पर इन्द्र को सवृत् के रूप में समाहित किया गया है । इन्द्र ही सूर्य तथा साथ ही साथ उषा को भी उत्पन्न किया है इन्होंने ही उषाओं और सूर्य को प्रकाशित किया[4] - यह सूर्य सहित उषा को चुराते हैं ।[5]

गायों और सूर्य के साथ विजय में सोम को भी सम्बद्ध किया गया है, जब इन्द्र ने अन्तरिक्ष में दैत्य को भगाया तब अग्नि, सूर्य और सोम रूपी इन्द्र का रस प्रकाशित हुआ[6] - दैत्य पर अपनी विजय के पश्चात् सोम को अपना पेय पदार्थ चुना[7]।

---

1. Hopkins : Religions of India, 92.

2. Hillebrandt Vedieche Mythologie 10-89.

3. Zeitchrift der Deutschen Morgenlandischen Gesellschft 32.

4. F.N. 2. 3/44.

5. रॉथ : निरुक्त 5.

6. F.N. 2, 8/3

7. पिशल : विदिशे स्टूडियन 3/36.

इन्द्र के सम्बन्ध में यह कहा गया है कि वह विष्णु, त्रित अथवा मरुतों के साथ बैठकर सोमपान करते हैं ।[1] त्रित की कन्यायें इन्द्र के पीने के लिए हरे रंग वाले सोमबिन्दुओं को पाषाण से निकालती हैं ।[2]

इन्द्र का साथी और मित्र होने के कारण वृहस्पति का अक्सर इन्द्र के साथ आवाहन किया गया है ।[3] इन्द्र के साथ सोम-पान करते हैं ।[4] इन्द्र की भाँति वृहस्पति को भी "मघवन्" कहा गया है ।[5] इन्द्र और वृहस्पति दोनों देवता युगल रूप में आते हैं ।[6]

इसके अतिरिक्त चार या पाँच सूक्तांशों में तथा 6 अन्य में इन्द्र, अग्नि, पूषन तथा रुद्र के साथ साथ युगल देव के रूप में आते हैं ।

---

1. Journal of the Royal Asiatic Society - Macdonell.

2. Gottinger Gelehrte Anzeigen, 1894, p. 427.

3. Zeitschrift der Deutschen Morgenlandischn Gesellschaft-1.

4. Oldenburg : die Religion desveda-p. 382.

5. Original Sanskrit Text, pp. 1-72.

6. Kuhn : Zeitschrift - Moir-77.

अङ्गिरसों को इन्द्र के साथ घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध किया गया है । इन लोगों ने इन्द्र के लिए गायों को प्रकट किया ।[1] इन लोगों के नेता के रूप में इन्द्र को दो बार अङ्गिरस्तम् अथवा प्रधान अङ्गिरस कहा गया है ।[2]

ऋग्वेद के अनेक स्थलों पर विवस्वत् के साथ सम्बद्ध किया गया है । इन्द्र विवस्वत् की स्तुति में आनन्द का अनुभव करते हैं और इन्होंने अपना समस्त धन कोष विवस्वत् के बगल में रख दिया था ।[3] विवस्वत् की दस ॥अङ्गुलियाँ॥ द्वारा इन्द्र द्युलोक से पात्रों के जल को नीचे गिराते हैं ।[4] विवस्वत् के निवास स्थान पर सम्बद्ध होने के कारण सोम को यहीं होने की सम्भावना पायी गयी है[5] और वास्तव में नवम् मण्डल में सोम को भी इन्द्र तथा विवस्वत् के साथ सम्बद्ध किया गया है ।

---

1. Crassmann : Worterbuch (Rigveda dexicon.

2. Kuhn : Herabkunft des Feuers end des Gottertranks -10.

3. Die Arische Periode, p. 248.

4. Oldenburg : Die Religion des Veda-122.

5. सेण्ट पीट वर्ग कोष - बर्गेन : La Religion Vedique,
   पृष्ठ संख्या 1-87.

इन्द्र विष्णु के साथ मित्रता है वृत्र के विरुद्ध लड़ाई में अक्सर विष्णु को इन्द्र के साथ दिखाया गया है । यहाँ इस तथ्य द्वारा प्रकट होता है कि एक सम्पूर्ण सूक्त {6-69} इन दोनों देवों को संयुक्त रूप से दिखाया गया है । इन्द्र का नाम विष्णु के साथ युगल देवता में प्राय: उतनी बार संयुक्त किया गया है, जितनी बार सोम के साथ इन्द्र आता है । यद्यपि यह बाद का देव {सोम} ऋग्वेद में विष्णु की अपेक्षा अधिक बार आता है । इन दोनों की घनिष्ठता का प्राय: इस बात द्वारा स्पष्ट होता है कि अकेले विष्णु की प्रशस्ति करने वाले सूक्तों में केवल इन्द्र ही एक ऐसा देव है जिसे इनके साथ अक्सर स्पष्टत: 7.99.1-155} अथवा उपलक्षणात्मक रूप से {7.99.1-154, 155} सम्बद्ध किया गया है ।[1] विष्णु ने अपने तीनों पग इन्द्र के ओज् {ओजसा} से युक्त होकर ही रखे थे ।[2]

इन्द्र ने सूर्य को उत्पन्न किया और इसे प्रकाशमान बनाया[3] इसे आकाश में उठाया । इन्द्र सोम के प्रकाश में सूर्य का पोषण किया । इन्द्र वरुण ने इसे आकाश में उठाया ।[4]

---

1. Festschrift an weber (Gurupuja Kaumudi) 97-100.

2. मूईर - Original Sanskrit Texts 4.

3. बर्गेन : La Riligion Vedic, pp. 1-6.

4. Zeitschrift der Deutschen Morgenlandihen, Gesellschft, pp. 2-223.

अत:उपरोक्त विद्वानों ने इन्द्र का सम्बन्ध रुद्र, अग्नि, पूषन्, वरुण, सवितृ बृहस्पति, सोम, विवस्वत्, आदि अनेक देवताओं के साथ बताया है और इन सब देवताओं के साथ इन्द्र का प्रभावशाली सम्बन्ध और आधिपत्य से यह प्रमाणित होता है कि इन्द्र एक प्रभावशाली और देवताओं का स्वामी था तथा उसका उस समय में प्रचलित या वर्णित सभी देवताओं में विशेष स्थान था । इस प्रकार हम इन्द्र को देवराज की उपाधि से विभूषित करते हैं ।

--------::0::--------

अध्याय तृतीय

ऋग्वेद द्वितीय मण्डल का हिन्दी अनुवाद
तथा प्रमुख पदों की व्याख्या

श्रुधी हवमिन्द्र मा रिषण्यः स्याम ते दावने वसूनाम् ।

